वर्ष- 11 अंक-123
लखनऊ, बुधवार 20 दिसम्बर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

25 को हेलीकाप्टर सेवाओं का शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री : जयवीर 03

हर्षल पटेल सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने 12

ज्ञानवापी केस : 45 दिनों तक हुई सुनवाई, तीन साल नौ महीने एक दिन बाद हुआ निस्तारण

मुस्लिम पक्ष की पांच याचिकाएं खारिज

समृद्धि न्यूज।

प्रयागराज। ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वेश्वर मंदिर विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 45 दिनों में सुनवाई पूरी की। जबकि, इसके लिए तीन साल नौ महीना एक दिन का समय लगा। पूरा मामला चार न्यायमूर्तियों के सामने प्रस्तुत किया गया और इसके पहले दो बार फैसले के लिए सुरक्षित कर लिया गया था।

ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार 19 दिसंबर को मुस्लिम पक्ष की 5 याचिकाएं खारिज कर दीं। इसमें ज्ञानवापी परिसर के अंदर मंदिर मरम्मत को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने वाराणसी कोर्ट को निर्देश दिए कि इस मामले 1991 में दायर सिविल मामले में से एक की सुनवाई 6 महीने में पूरी करें। ज्ञानवापी मस्जिद, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में है। हाईकोर्ट ने जिन 5 याचिकाओं को खारिज किया, उनमें से तीन ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी और दो उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने दायर की थी। इनमें से तीन याचिकाओं में 1991 में वाराणसी कोर्ट में दायर एक केस की मेरिट को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट के जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। मुस्लिम पक्ष, यानी अंजुमन इंतजामिया कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 1991 में वाराणसी की अदालत में दायर मूल वाद के मेरिट (सुनने योग्य है या नहीं) को चुनौती दी थी। यह केस वाराणसी कोर्ट में दायर है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद हिंदू पक्ष के एडवोकेट विजय शंकर रस्तोगी ने कहा, मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में 5 याचिकाएं दायर की थीं। कोर्ट ने उन सबको निरस्त कर दिया है। साथ ही, हाईकोर्ट ने वाराणसी कोर्ट को आदेश दिया है कि हिंदू पक्ष ने 1991 में जो वाराणसी कोर्ट में याचिका (केस नंबर-610) है। वह प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट से प्रभावित नहीं है। क्योंकि, प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में तहत कानून है कि 15 अगस्त 1947 में जिस धार्मिक स्थल की जो स्थिति है उसमें बदलाव नहीं किया जाए। ज्ञानवापी मामले में 15 अगस्त 1947 को परिसर की धार्मिक स्थिति मंदिर की थी या मस्जिद की थी। हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी भी धार्मिक स्थल का दो धार्मिक स्वरूप नहीं हो सकते हैं। या तो वह मंदिर होगा या मस्जिद होगा, लेकिन इसे निर्धारित करने के लिए साक्ष्य की जरूरत होगी। एडवोकेट रस्तोगी ने आगे कहा, हाईकोर्ट ने वाराणसी कोर्ट को निर्देश दिया है कि यह साक्ष्य लें कि 15 अगस्त 1947 को उस परिसर (ज्ञानवापी) की धार्मिक स्थिति क्या थी। साथ ही, 6 महीने के अंदर इस केस को फाइनल करें, क्योंकि यह केस दो लोगों के बीच नहीं, बल्कि दो समुदायों के बीच है।

मस्जिद पक्ष की बहस

प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा के तहत रामजन्म भूमि को छोड़कर देश के सभी पूजा स्थलों की 15 अगस्त 1947 की धार्मिक स्थिति में बदलाव नहीं किया जा सकता। वर्तमान सिविल वाद इस कानून के तहत पोषणीय नहीं है। इसलिए आदेश 7 नियम 11 के तहत अर्जी स्वीकार कर वाद निरस्त किया जाय। क्योंकि पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र में बदलाव नहीं किया जा सकता। दीन मोहम्मद केस में विवाद तय हो चुका है। इसलिए हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। वक्फ सम्पत्ति को लेकर सिविल वाद पोषणीय नहीं है। वक्फ अधिकरण ही सुनवाई कर सकता है।

मंदिर पक्ष की बहस

प्लाट संख्या 9130 मौजा शहर खास, परगना दोहर अमानत, वाराणसी ज्ञानवापी परिसर-रकबा एक बीघा 9 विस्वा 6 धूर चार मंडप-मुक्ति मंडप, ज्ञान मंडप, ऐश्वर्य मंडप,व श्रृंगार मंडप। प्रकट-अप्रकट देवी देवता-गणेश्वर, गंगा देवी, हनुमानजी, नंदी, गौरीशंकर, गणेश जी, महाकालेश्वर, महेश्वर, श्रृंगार गौरी आदि। तीन पेड़ व स्वयंभू ज्योतिर्लिंग भगवान विश्वेश्वर, नौबतखाना, तहखाना, 2050 साल पहले राजा विक्रमादित्य ने भगवान शिव मंदिर का निर्माण कराया। मुस्लिम शासकों ने ध्वस्त किया। अकबर के मंत्री टोडरमल की मदद से नारायण भट्ट ने पुनर्निर्माण कराया। 18 अप्रैल 1669 में मुगल शासक औरंगजेब ने मंदिर ध्वस्त करने का आदेश दिया। अवशेष से आलमगीर मस्जिद बनवाई। जमीन का मालिकाना हक नहीं लिया और न ही मस्जिद का हक तय किया। बाद में अवैध रूप से अनधिकृत तौर पर वक्फ सम्पत्ति दर्ज की गई। वक्फ एक्ट हिंदुओं पर लागू नहीं। स्मृति व पुराणों के अनुसार सतयुग से आज तक परिसर मंदिर ही रहा।

ज्ञानवापी मामले को 6 माह में निपटाने का निर्णय स्वागत योग्यः विहिप

वाराणसी स्थित ज्ञानवापी-काशी विश्वनाथ मंदिर मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने कहा कि यह हमारे लिए समाधान की बात है कि काशी विश्वनाथ की पुण्यभूमि को पुनः प्राप्त करने के मुकदमे को विलंबित और लंबा करने के सभी हथकंडे ध्वस्त हो रहे हैं। आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जिला जज के निर्णय की पुष्टि करते हुए कहा कि उक्त वाद किसी भी कानून द्वारा वर्जित नहीं है। आलोक कुमार के अनुसार मुकदमे में अनेक महत्वपूर्ण बिंदु उभरे हैं। उच्च न्यायालय ने कहा है कि मुकदमों के फैसले में देरी से दो समुदायों के बीच तनाव बढ़ सकता है। उच्च न्यायालय ने ठीक ही कहा है कि मुकदमों का निपटारा 6 महीने के भीतर किया जाए। विश्व हिंदू परिषद इस फैसले का स्वागत करती है। हम चाहेंगे कि मुस्लिम पक्ष अब अति-तकनीकी आपत्तियां उठाने से बचे और मामले को गुण-दोष के आधार पर लड़े। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र तरीका है, जिसके द्वारा 6 महीने की नियत समय सीमा के भीतर मुकदमे का फैसला किया जा सकता है।

आडवाणी-जोशी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में मिला आमंत्रण

समृद्धि न्यूज।

अयोध्या। राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेता लालकृष्ण आडवाणी के घर आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी कृष्ण गोपाल, रामलाल और वीएचपी अध्यक्ष आलोक कुमार पहुंचे। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया है। साथ ही डॉ. मुरली मनोहर जोशी को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को ही यह जानकारी कारसेवकपुरम में मीडिया को दी थी। उनके अनुसार 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 4000 संतो में भारत के सभी परंपराओं के संत आमंत्रित किए गए है। समुद्र के किनारे अंडमान निकोबार पर रहने वाले धर्मगुरु, झारखंड बनवासी क्षेत्र के धर्मगुरु, 125 संत परंपराओं के धर्म गुरुओं को आमंत्रित किया गया है। चंपत राय ने बताया बताया कि खेल जगत, वैज्ञानिक, मीडिया हाउस के मालिक, लेखक-साहित्यकार, रंगमंच, फिल्म जगत के लोगों और कवियों के साथ पद्मश्री पुरस्कृत भी कुछ लोग, राम मंदिर आंदोलन में प्राणों का बलिदान देने वाले राम भक्त के परिजन, औद्योगिक जगत, तिरुपति, वैष्णो देवी, काशी विश्वनाथ के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। चंपत राय के अनुसार आरएसएस के 25, विश्व हिंदू परिषद के 100 कार्यकर्ता, सीआरपीएफ के पदाधिकारी, यूपी पुलिस के रिटायर्ड अधिकारियों, भूतपूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि लार्शन टूब्रो के प्रमुख के साथ रतन टाटा के उत्तराधिकारी चंद्रशेखरन, अंबानी और अडानी से मुलाकात की गई है। तमिल फिल्म अभिनेता रजनीकांत, बैडमिंटन खिलाड़ी गोपीचंद, गायक गुरदास मान, फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन, अभिनेत्री माधुरी दीक्षित, अरुण गोविल, फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर, महाभारत में कृष्ण की भूमिका निभाने वाले नितीश भारद्वाज, फिल्म सेंसर बोर्ड के प्रसून जोशी को आमंत्रित किया गया है। चित्रकार वासुदेव कामद, इसरो के डायरेक्टर निलेश देसाई, राम लाल के मंदिर में पत्थर की नक्काशी करने वाले सभी व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

मप्र विस में नेहरू की तस्वीर हटाने पर गरमाया मामला

भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश विधानसभा में स्पीकर की कुर्सी के पीछे लगी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर के स्थान पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लगाए जाने के मामले ने सियासी रंग ले लिया है। कांग्रेस इस पर सवाल उठा रही है, वहीं भाजपा के नेताओं ने कहा है कि आखिर ऐसा करने में बुराई क्या है।

शाहरुख की पत्नी गौरी खान को ईडी का नोटिस

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख की पत्नी और डिजाइनर गौरी खान मुसीबत में फंस गई हैं। ईडी ने उन्हें नोटिस जारी किया है। गौरी खान को रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप का 2015 में ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया था। इस कंपनी पर 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगा है, इसलिए गौरी खान भी ईडी के रडार पर आ गई हैं।
यह मामला पहली बार मार्च, 2023 में सामने आया था। तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई है। इसमें गौरी खान पर भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में जल्द ही गौरी खान से पूछताछ की जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक गौरी से पूछा जाएगा कि कंपनी के साथ उनका किस तरह का कॉन्ट्रैक्ट था और इसके लिए उन्हें कितना भुगतान किया गया था। इयह प्रोजेक्ट लखनऊ में सुशांत गोल्फ सिटी के तुलसियानी ग्रुप से संबंधित था।

संत प्रेमानंद महाराज का स्वास्थ्य बिगड़ा, नहीं होंगे भक्तों को दर्शन

मथुरा, समृद्धि न्यूज। मथुरा-वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन अब रात्रिकाल में नहीं हो पाएंगे, भक्तों को अब एकांकी दर्शन लाभ ही मिल पाएगा। बढ़ती भीड़ और महाराज के स्वास्थ्य का हवाला देकर आश्रम प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है। मंगलवार को संत प्रेमानंद महाराज के सोशल मीडिया पेज पर संदेश जारी किया गया है।

महुआ मोइत्रा को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की निष्कासित सांसद महुआ मोइत्रा को कोई तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया, जिन्होंने 7 जनवरी तक अपना सरकारी आवास खाली करने के निर्देश वाले नोटिस को रद्द करने की मांग की थी। उच्चतम न्यायालय के समक्ष संसद से उनके निष्कासन की वैधता को चुनौती देने वाली उनकी याचिका के लंबित होने पर ध्यान देते हुए, अदालत ने कहा कि उनकी वर्तमान याचिका पर निर्णय देने से सीधे तौर पर शीर्ष अदालत के समक्ष कार्यवाही बाधित होगी।

योगी कैबिनेट में लगी 23 प्रस्तावों पर मुहर

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज मंगलवार को लोकभवन में कैबिनेट मीटिंग हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में 23 अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। योगी कैबिनेट ने कई बडे फैसले लिए हैं।

कैबिनेट ने आज नीति आयोग की संस्तुतियों को मानते हुए एनसीआर के 2.40 लाख आवंटियों को आवास मिलने का रास्ता साफ हो गया। आबकारी नीति को कैबिनेट की मंजूरी मिली है। उत्तर प्रदेश में अब अंग्रेजी शराब महंगी होगी। वहीं कानपुर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी नगर निगम का म्यूनिस्पल बांड लाने संबंधी नगर विकास विभाग का प्रस्ताव मंजूर किया गया।

चिकित्सा शिक्षा के प्रस्ताव के मुताबिक एसजीपीआई में एडवांस पीड्रियाटिक सेंटर बनाए जाने का फैसला लिया गया।

विस्तृत खबर पृष्ठ 3 पर ■

निर्णय

- यूपी में महंगी होगी शराब, लाइसेंस शुल्क में इजाफा

आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट में बदलाव से जुड़े नए विधेयक लोकसभा में पेश

नई दिल्ली। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) में बदलाव से जुड़े तीन नए विधेयकों को मंगलवार को लोकसभा में पारित किए जाने के लिए पेश किया गया। पिछले हफ्ते विधेयकों को नए सिरे से संसद के विचार हेतु रखा गया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 लोकसभा में पेश किया। विधेयक पर चर्चा जारी है। कल गृह मंत्री इस पर हुई चर्चा का जवाब दे सकते हैं। गृहमंत्री ने पिछले सप्ताह विधेयकों को पेश करते हुए कहा था कि पिछली बार पेश विधेयकों को गृह विभाग की स्थायी समिति को भेजा गया था। समिति ने विधेयकों में कई बदलाव सुझाए थे। इनमें से बहुत से बदलावों को स्वीकार किया गया है। ऐसे में विधेयकों से जुड़े संशोधन लाने की बजाय नए ढंग से विधेयक लाए गए हैं । तीनों विधेयकों को आज सदन के समक्ष चर्चा और पारित किए जाने हेतु रखा गया है।

ममता ने खड़गे को पीएम उम्मीदवार बनाने का रखा प्रस्ताव, केजरीवाल ने किया समर्थन

एजेंसी, नई दिल्ली।

इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक मंगलवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई। इस बैठक के लिए कई विपक्षी दलों के नेता सोमवार से ही राजधानी में पहुंच गए थे।

इस बैठक से पहले कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 5 मेंबर्स की नेशनल एलायंस कमेटी बनाई। अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश इसके मेंबर्स हैं। वहीं मुकुल वासनिक को कमेटी का संयोजक बनाया गया। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधनों के बीच सीट शेयरिंग राज्य स्तर पर होगी। अगर कहीं ये फॉर्मूला काम नहीं करता है, तो हम सभी इस मामले पर मिलकर फैसला लेंगे। इंडिया गठबंधन की बैठक में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम पद के उम्मीदवार के नाम को लेकर चर्चा की। इस दौरान ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को पीएम पद का उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसका अरविंद केजरीवाल ने समर्थन किया।

स्पीकर ने फिर की बड़ी कार्रवाई

डिंपल, शशि, कार्ति, मनीष समेत 49 सांसद निलंबित

लोकसभा में पोस्टर लेकर प्रदर्शन करने पर स्पीकर ने विपक्षी सांसदों के खिलाफ फिर बड़ी कार्रवाई की है। शशि थरूर, डिंपल यादव, कार्ति चिदंबरम, मनीष तिवारी, एसटी हसन, राजीव रंजन समेत 49 सांसदों को बचे हुए सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि एक दिन पहले ही लोकसभा के 46 सांसदों को निलंबित किया गया था। कल से अब तक निलंबित होने वाले सांसदों की संख्या अब 141 हो गई है।

संसदीय दल की बैठक में बरसे पीएम मोदी बोले-

विपक्ष का यही आचरण रहा तो 2024 में बुरी तरह से हारेंगे

नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संसद में विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि उनका यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनावों में बुरी तरह हारेंगे व उनकी संख्या और कम हो जाएगी जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा होगा।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं को बताया कि भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने संसद की सुरक्षा में सेंध को उचित ठहराने के 'प्रयासों पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह उतना ही चिंताजनक है जितना की सुरक्षा में सेंध का मुद्दा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक को बेरोजगारी और महंगाई से जोड़ा था। संसद में कार्यवाही के दौरान तेरह दिसंबर की दोपहर दो व्यक्ति पीला धुआं छोड़ने वाले 'कैन के साथ दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष के अंदर कूद गए। शून्यकाल के दौरान सदन में मौजूद सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो कुछ हुआ उसकी लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को सामूहिक रूप से निंदा करनी चाहिए थी। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के अनुसार, मोदी ने कहा, ''लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाली पार्टी खुले तौर पर या गुप्त रूप से इसे कैसे सही ठहरा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश और निराश हैं और इसलिए संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं।

बुलावा आने पर जेपी नड्डा से शिवराज ने की मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी। भोपाल मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधानसभा के परिणाम आने के बाद मंगलवार को पहली बार दिल्ली पहुंचे और यहां पर उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर भी चर्चा की है। बता दें की इससे पहले जेपी नड्डा कह चुके हैं कि शिवराज सिंह चौहान को उनके कद के अनुसार ही काम दिया जाएगा।

बाबा विश्वनाथ की काशी में पर्यटकों की संख्या में उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी

सुखद

- रोजगार और कारोबार ने पकड़ी तेजी

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में पिछले दो वर्षों के दौरान पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इस साल की शुरुआत से दो दिसंबर के बीच वाराणसी में पांच करोड़ 38 लाख से अधिक पर्यटकों की आमद हुई, वहीं दो वर्ष में बनारस पहुंचने वालों का आंकड़ा 13 करोड़ से अधिक रहा। पर्यटकों की संख्या में बढोत्तरी से यहां रोजगार, व्यापार व कारोबार ने नई तेजी पकड़ ली है। उन्होंने बताया कि दो दिसंबर तक यहां भारतीय पर्यटकों की संख्या 5 करोड़ 37 लाख 87 हजार के आसपास रही तो विदेशी पर्यटकों की संख्या 13 हजार 700 से अधिक रही। इसके बाद भी यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

केरल में 115 नए कोविड मामले दर्ज कुल संक्रमण 1,749 हो गया

केरला, एजेंसी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, केरल में पिछले 24 घंटों में 115 नए कोविड-19 संक्रमण सामने आए, जिससे राज्य में वायरस के कुल सक्रिय मामले 1,749 हो गए। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, मंगलवार सुबह 8 बजे तक देशभर से सामने आए 142 मामलों में से केरल के 115 मामले शामिल हैं। पिछले 24 घंटों में राज्य में वायरस से किसी की मौत की सूचना नहीं मिली। संक्रमण का पता चलने के बाद पिछले 24 घंटों में ठीक होने वाले, छुट्टी पाने वाले या पलायन करने वाले लोगों की संख्या 112 थी। इसके साथ, इस श्रेणी के तहत अब तक कुल मामलों की संख्या बढ़कर 68,36,979 हो गई। अमेरिका, चीन और सिंगापुर जैसे देशों में बढ़ रहे कोविड मामलों में भारत में भी वृद्धि देखी गई है। केरल में नए कोविड सब-वेरिएंट जेएन1 का भी पता चलने के साथ, पड़ोसी कर्नाटक ने वायरल संक्रमण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक स्वास्थ्य सलाह जारी की है। केरल ने भी कोविड के कारण एक मौत की सूचना दी, जिससे तीन साल पहले वायरस के प्रकोप के बाद से राज्य में मरने वाले लोगों की कुल संख्या 72,053 हो गई।

मामूली विवाद के चलते गुस्साए बेटे ने पिता पर चलाई गोली, मौत

रिश्तों का कत्ल

मुजफ्फरनगर, समृद्धि न्यूज। मुजफ्फरनगर जिले के फुगाना क्षेत्र में एक कलयुगी बेटे गोली मारकर अपने पिता की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा घर से फरार हो गया। पुलिस आरोपी बेटे की तलाश में जुट गई है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि क्षेत्र के निकटवर्ती गांव करौदा महाजन निवासी सूरज नामक व्यक्ति ने बीती मध्य रात्रि के करीब किसी बात से नाराज होकर अपने पिता शिवराज पर गोली चला दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल शिवराज को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प

कर्णावती में तैयार हुआ श्रीराम मंदिर का परिक्रमा स्तंभ

अयोध्या भेजे जाने से पूर्व संतों ने किया पूजन

समृद्धि न्यूज।



कर्णावती। अयोध्या में निर्माणाधीन भव्य श्रीराम मंदिर के लिए देशभर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य यजमान होंगे। इसके लिए देश भर में एक उत्साह को माहौल है।

जहां मुख्य मंदिर के निर्माण का कार्य अयोध्या में चल रहा है वहीं उस मंदिर परिसर में स्थापित होने वाले परिक्रमा स्तंभ का निर्माण गुजरात के कर्णावती में हो रहा है। वैसे भी गुजराती समाज हमेशा से ही अयोध्या आंदोलन में बढ़चढकर भाग लेता रहा है। उसे इस बात की प्रसन्नता है कि मंदिर निर्माण के साथ जिस स्तंभ पर हिन्दू विजय की पताका फहरायी जाएगी, उसका निर्माण उसके प्रदेश में हो रहा है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य द्वार के सामने स्थापित होने वाले परिक्रमा स्तंभ, द्वार के मिजागरे और ताले का निर्माण कर्णावती महानगर में हो रहा है। मंदिर परिसर में स्थापित होने वाला मुख्य स्तंभ 35 फ़ीट ऊंचा है। इसका वजन 7500 किलोग्राम है। इस स्तंभ को चारों तरफ से 6 छोटे स्तंभों के माध्यम से घेरा जाएगा, यह छोटे स्तंभ 12 फ़ीट के होंगे। 42 द्वार के मिजागरे (कुंडी), ताला तथा 42 झुम्मर के हुक आदि का निर्माण भी कर्णावती के गोता में स्थित अंबिका इंजीनियरिंग में हो रहा है।

मंगलवार को अखिल भारतीय आचार्य सभा के प्रमुख स्वामी परमात्मानंदजी महाराज, श्री चैतन्य संभु महाराज, स्वामी अविचलदास जी महाराज सहित संतों ने अयोध्या भेजे जाने से पूर्व परिक्रमा स्तंभ का पूजन किया। विश्व हिन्दु परिषद के क्षेत्रीय मंत्री अशोक रावल सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित थे।

प्रभारी डीएम ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के दौरान अबतक प्राप्त दावे आपत्तियों एक नजर

137 पलिया फॉर्म 6-10472 फार्म 7-4108 फार्म 8-1428	138 निघासन फार्म 6 -12205 फार्म 7 - 2579 फार्म 8-1778	139 गोला फार्म 6- 9297 फार्म 7- 5513 फार्म 8-1672	140 श्रीनगर फार्म 6 - 9398 फार्म 7- 3059 फार्म 8-2032
141 धौरहरा फार्म 6 -12908 फार्म 7- 4829 फार्म 8-3579	142 लखीमपुर फार्म 6-9898 फार्म 7-3320 फार्म 8-1539	143 कस्ता फार्म 6-7418 फार्म 7-2322 फार्म 8-898	144 मोहम्मदी फार्म 6-7460 फार्म 7- 3839 फार्म 8-2238

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण अवधि में मंगलवार को प्रभारी डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनिल कुमार सिंह ने उपस्थित राजनैतिक दलों पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की संख्या और निस्तारण की स्थिति के संबंध अवगत कराया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के दौरान अबतक पूरे जिले में 79056 फॉर्म छह, 29569 फार्म सात, 15164 फार्म 08 सहित कुल एक लाख 23 हजार 789 फार्म प्रोसेस हुए हैं। पुनरीक्षण अभियान में सभी राजनीतिक दलों की भूमिका को रेखांकित करते हुए डीएम ने कहा कि अबतक मिलने वाले सहयोग को आगे भी बनाए रखने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने अनुरोध किया कि निर्वाचन के पूर्व तक सभी निर्वाचक नामावली में नाम देखते रहे। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी को किया जायेगा। उक्त सूची प्राप्त करते हुए सभी सम्मानितजनो के नाम भी अनिवार्य रूप से चेक कर ले। यदि जिन राजनीतिक दल ने अब तक बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति नहीं की है और अभी भी कर लें। उन्होंने निर्देश दिए की सभी बीएलओ बूथ का नजरी नक्शा अवश्य बना ले। उन्होंने कहा कि अभी भी कोई नाम छूट गया है जो अहर्य है, वह नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़ेगा।

उक्त बैठक में एसडीएम धौरहरा धीरेंद्र सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह भीमसेन, आरती यादव, नीलम तिवारी, सुखवीर सिंह, नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्या, राजनीतिक दलों से भाजपा, सपा, कांग्रेस, सीपीआई, अपना दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विदेश भेजने के नाम पर हुई डेढ़ लाख की ठगी, पीड़ित ने की शिकायत

मसौली,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बौर के एक युवक को विदेश भेजने के नाम पर जालसाज ने डेढ़ लाख रुपये का चूना लगा दिया। सऊदी अरब न भेजनें पर जब पीड़ित के पत्नी ने रकम वापस मांगी तो जलसाज की पत्नी एव लड़कियो ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी मंगलवार को पीड़ित की पत्नी ने तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अम्बौर निवासी अमरेश से 20 अगस्त 2019 मे टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तापुर कला निवासी मो0 मुबारक अली पुत्र मो. रशीद ने सऊदी अरब भेजनें के लिए डेढ़ लाख रुपया नकद लिया तथा तथा सितंबर 2019 मे चंडीगढ मे ले जाकर एक प्राइवेट कम्पनी मे रखा दिया डेढ़ महीने तक काम करने के बाद जब पैसा नही मिला तो वापस घर लौट आया और जब पैसा मागने लगा तो सऊदी अरब भेजने का झांसा देते हुए कहा कि जल्दी ही भेज देंगे।लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी जब सऊदी अरब नही भेज पाया तो अमरेश की पत्नी 17 दिसंबर को मो मुबारक अली के घर पैसा मागने गयी तो मुबारक की पत्नी एव पुत्रियों ने रेनू को घर के अंदर खींच ले गयी और जमकर पिटाई करते हुए कहा कि यदि पैसा मांगा तो जान से मार देंगे। पीड़ित की पत्नी रेनू ने पुलिस अधीक्षक से मुलाक़ात कर कार्यवाही की मांग की है।

पत्रकार एकादश व विकास विभाग के मैच में विकास विभाग 7 विकेट से विजयी

निघासन खीरी। मोतीपुर स्टेडियम में पत्रकार व विकास विभाग की टीम के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया जिसका शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी निघासन ने फीता काटाकर किया। सबसे पहले टॉस जीतकर पत्रकार एकादश ने बैटिंग करने का निर्णय लिया, जिसमे पत्रकार एकादश की तरफ से ओपनिंग करने आए रणधीर सिंह व शरद मिश्रा के बीच अच्छी साझेदारी करते हुए 40 रन जोड़े जिसमे रणधीर के 18 व शरद के 20 रन उसके बाद पत्रकार एकादश की स्थिति काफी खराब रही। बाद में बैटिंग करने आये मो0 यूसुफ व अख्तर अली के बीच 50 रन की साझेदारी हुई जिसमें मो0 यूसुफ के नॉटआउट 32 व अख्तर अली के नॉटआउट 18 रन बनाए।

ट्रक की टक्कर से कार तालाब में गिरी, मां-बेटे की मौत

रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

- तीन घायलों की हालत नाजुक होने पर उचित उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया

राष्ट्रीय राज मार्ग 28 सी पर ट्रक की ठोकर से कार तालाब में जा गिरी।जिससे उसमें सवार मां बेटे की मौत हो गई और आधा दर्जन लोग घायल हो गये। इलाज के लिये घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद मां बेटे के शव को पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर के अंतर्गत ग्राम चंदनापुर निवासी दिनेश यादव ने रानी बाजार में नया मकान बनवाया है। गृह प्रवेश के निमंत्रण में गांव से परिवार के सदस्य आये थे। वहां कार्यक्रम संपन्न होने के बाद दिनेश का छोटा भाई दीपू कार से परिवार के सदस्यों को सोमवार की देर रात घर वापस लेकर जा रहा था।वह जब अपने गाँव चन्दनापुर के हाईवे स्थित अंबिका स्कूल के निकट पहुचे तभी उसी समय सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने कार में जोरदार ठोकर मार दी। परिणाम स्वरूप कार अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे तालाब में जा गिरी।घटना के बाद चीख पुकार मच गयी।शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गयी।राहगीरों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकलवाकर एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भिजवाया जहां पर दिनेश के भाई पप्पू की 40 वर्षीया पत्नी नीलम व 10 वर्षीय पुत्र अमन को डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।अन्य घायल दीपक की 7 वर्षीय पुत्री अनामिका 8 वर्षीय अर्पिता व 12 वर्षीय लक्ष्मी और मनोज की 12 वर्षीय पुत्री अंजली पप्पू की 15 वर्षीय पुत्री टिवंकल तथा शिवलाल की 50 वर्षीया पत्नी धर्मावती की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पर तीन घायलों की हालत नाजुक होने पर उचित उपचार हेतु ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। जहां पर उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गाँव मे मातम छा गया।

पोस्टमार्टम के बाद जब एक साथ मां बेटा का शव गाँव पहुँचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गया।इस ह्रदय विदारक घटना से सभी ग्रामीणों की आंखें नम हो गई।

संगीतमयी भागवत कथा में स्रोताओं की जुटी भारी भीड़

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

ग्राम पंचायत कमेला स्थित जंगली माता मंदिर के परिसर में ग्रामीणों के सहयोग से संगीतमई श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है।

अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित अंकुल जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से भगवान श्री कृष्णा और सुदामा चरित्र का ऐसा वर्णन किया कि वहां बैठे श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के अंदर सदुणों का विकास होता है और अपने जीवन में अच्छे कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर समाजसेवी दीपक तिवारी ने कथा व्यास श्री अंकुल जी महाराज एवं उनके साथियों को अंग वस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया। जंगली माता मंदिर समिति के अध्यक्ष मदन दुबे ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया। कथा श्रवण करने वालों में मुख्य रूप से प्रमोद यादव सूर्य लाल शर्मा राजवीर सिंह वेदनाथ तिवारी आशुतोष तिवारी चंद्रशेखर दुबे घनश्याम दुबे अनुज यादव सत्यनाम रावत सहित आसपास के गांव से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री ने जिला जेल में बंदियों को बांटे गर्म कपड़े

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने आज बाराबंकी जिला जेल में पहुँचकर 150 बंदियों को कम्बल एवं गर्म कपड़े वितरित किये एवं बंदियों के साथ संवाद भी किया। यह ऐसे बंदी हैं, जिनसे मिलने कोई परिजन नहीं आता।

उन्होंने कहा कि जेल अधीक्षक से जानकारी मिली कि उनकी जेलों में कुछ बुर्जुग एवं ऐसे बंदी निरुद्ध हैं, जिनसे सालों से कोई मिलने नहीं आता है। साथ ही उनके पास गर्म कपड़े भी नहीं हैं।

सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़ों की आवश्यकता हम सभी को पड़ती है इसी के दृष्टिगत आज जिला जेल बाराबंकी में 50 बंदियों को इनर भी वितरित किया गया। श्री प्रजापति ने बंदियों से संवाद के दौरान कहा कि आपकी एक गलती की सजा आपके पूरे परिवार को भुगतनी पड़ती है। उन्होंने बंदियों से संकल्प कराया कि भविष्य में ऐसी दोबारा ऐसी गलती न करें, जिससे कि पुनः जेलों में आना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के माँ-बाप जेलों में निरुद्ध हैं, ऐसे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर सादी तक उन्हें बहुत-सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बच्चे किसी तरह पढ़-लिख भी लें, तो कोई भी अच्छा परिवार सादी करने को तैयार नहीं होता।

श्री प्रजापति ने बंदियों को सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजना से स्वयं को जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि आप कोई न कोई हुनर अवश्य सीखें, जिससे कि जेलों से छूटने के पश्चात बाहर जाकर आप अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें।

हुनर सीखने से आपकी आय होगी, जिससे कि आप अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकेंगे। साथ ही अपने स्वरोजगार में अधिक से अधिक व्यस्त रहेंगे, तो अपराध से भी दूर रहेंगे। इस दौरान एडीएम अरूण कुमार सिंह, एडीशनल एसपी अखिलेश नारायण सिंह, अधीक्षक कुन्दन कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

सड़क निर्माण के दौरान विद्युत पोल धराशायी

हैदरगढ़, बाराबंकी। सड़क निर्माण के दौरान जो विद्युत पोल के धराशाई हो जाने से परिषदीय विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है छात्रों और शिक्षकों को पठन-पाठन में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि हैदरगढ़ विकासखंड की खानपुर ग्राम पंचायत में लगभग एक पखवाड़े पहले बड़ी चौकी से खानपुर नहर तक के लिए गई सड़क का निर्माण कार्यदाय संस्था द्वारा किया जा रहा था इसी दौरान जेसीबी मशीन की टक्कर से दो विद्युत पोल टूट गए थे जिसकी सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई थी परंतु एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी आज तक विद्युत पोल नहीं बदले जा सके हैं जिसके चलते प्राथमिक विद्यालय खानपुर द्वितीय पढ़ने वाले सैकड़ो छात्रों की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही। कमरे में अंधेरा होने की वजह से छात्राओं को पठन-पाठन में कमरों में अंधेरा होने की वजह से लिखने पढ़ने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

छात्र की मौत के मामले मे छात्र नेताओं का आंदोलन शुरू

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी मे चिल्ड्रेंस एकेडमी में कक्षा 12 के छात्र की मौत के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में डीएम आफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया। प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। छात्र बोले जब तक दोषियों के विरुद्ध प्रशासन कार्यवाही कर गिरफ्तारी नही करेगा उनका धरना अनिश्चित कालीन तक यही चलता रहेगा। दरअसल पूर्व में छात्र संघ नेताओं ने आक्रोश प्रदर्शन कर प्रशासन से 24 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। इसके बाद समय बीतने के बाद जब कार्यवाही नहीं हुई तो कल पुनः प्रेस वार्ता कर 24 घंटे के बाद आंदोलन करने का ऐलान किया गया था जिसके क्रम में आज छात्र नेताओ ने अपने तमाम कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन शुरू कर दिया। इस आंदोलन में मृतक छात्र के पिता भी मौजूद रहे। मृतक छात्र के पिता ने बताया कि प्रशासन द्वारा 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर अंतिम संस्कार करने के लिए कहा गया था जिसके बाद बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया लेकिन समय बीतने के बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, मुझे अपने बेटे की मौत का न्याय चाहिए।

तिकुनिया को नगर पंचायत का दर्जा न मिलने से क्षेत्रवासी मायूस

तिकुनिया-खीरी। तिकुनिया को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने का वादा कर नेता भले ही जनप्रतिनिधि बन गए हो बावजूद इसके अभी तक नगर पंचायत का दर्जा न मिलने से क्षेत्र में मायूसी छाई हुई है। बीते एक दशक से तिकुनिया को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मांग जोर पकड़े हुए हैं। 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले भी यह मुद्दा बहुत तेजी से लोगो ने उठाया था। चुनाव में वोट मांगने के लिए आने वाले सभी नेता तिकुनिया को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने का मजबूती से वादा कर रहे थे। विधानसभा चुनाव भी हो गए। और सरकार भी बन गई। एक वर्ष से अधिक का समय भी बीत गया इसके बाद भी तिकुनिया को नगर पंचायत का दर्जा अभी तक नहीं मिला है। तिकुनिया में रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, कस्टम ऑफिस, आधा दर्जन बैंक के अलावा सभी सुविधाएं हैं। इतना ही नहीं जिले में तिकुनिया से सबसे ज्यादा राजस्व प्राप्त होता है।

ताईक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त 40 लोगों को मिले प्रमाण पत्र

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

ताईक्वांडो एशोसियेशन आफ बाराबंकी द्वारा जहांगीराबाद इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी ,जहांगीराबाद में दस दिवसीय सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का आज समापन किया गया जिसमे चालीस छात्राओ ने ताईक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

इस अवसर पर ताईक्वांडो एशोसियेशन आफ बाराबंकी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज विद्रोही ने प्रतिभागी छात्राओ को संबोधित करते हुए कहाकि आज के दौर में बालिकाओं को ताईक्वांडो की विधा को अवश्य सीखना चाहिए इससे हम अपनी और दूसरो की असामाजिक लोगो से रक्षा कर सकते है साथ शारीरिक फिटनेस भी बनी रहती है जिससे स्वास्थ्य उत्तम रहता है आज इस मौके पर सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी छात्राओ को बधाई देता हूं जिन्होंने समय निकाल कर इस प्रशिक्षण को पूरा किया है इस अवसर जे आई टी के डायरेक्टर रिटायर्ड मेजर जनरल संदीप सिंह ने सभी प्रतिभागी छात्राओ को प्रमाणपत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक सुश्री प्राची यादव , ऐशोसियेशन के महासचिव मोहम्मद राकिब,डॉक्टर ए के मिश्रा ,असलम शेरखान स्पोर्ट एच ओ डी कमिटी, मुबीन सिद्दीकी स्पोर्ट ऑफिसर, शुएब अहमद, शाकिब, बेबी सलमा, खूबचंद्र, मिस जुवैरिया सहित छात्राये उपस्थित थीं।

पलिया मेले में दंगल कुश्ती का थानाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

सुबेहा नगर पंचायत के पलिया पशु मेला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। पशु मेला में बनें अखाड़ा में पहलवानों की बीच मुकाबला शुरू हुआ। रेफरी साबिर पहलवान द्वारा कुश्ती दंगल का संचालन कराया गया।

पहले मुकाबले में अयोध्या के पहलवान भगवान दास ने मेरठ के नकाबपोश पहलवान को पराजित किया।अयोध्या के बजरंगी पहलवान ने हसन को परास्त किया। हाथरस के भूपेंद्र सिंह और कानपुर के शोभित के बीच मुकाबला बराबर किया। पंजाब के मौसम अली ने मेरठ के मुलत्जा व टाइगर कोहराया सैफई के विकास का मुकाबला जालौन के पहलवान भरत के बराबरी का रहा?। अयोध्या के पहलवान ओमवीर ने मुरादाबाद के सत्यम को पराजित कर दिया।

कुश्ती दंगल देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जुटीं रही। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस भी तैनात रहीं। पशु मेला प्रबंधक जावेद आलम ने बताया कि कल नेपाल के पहलवानों के बीच कड़ा मुकाबला होगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवान बबिता फोगाट व पूनम पहलवान का पुरूष पहलवान के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा।

मानकों को दरकिनार कर मरम्मत की जा रही सड़क

मसौली, बाराबंकी। लोक निर्माण विभाग खण्ड प्रथम द्वारा ग्राम गोड़ारी स्थित कल्याणी नदी से लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग तक हो रहे विशेष मरम्मत कार्य मे ठेकेदार द्वारा बरती जा रही मनमानी से आक्रोशित ग्रामीणों ने काम रुकवाते हुए मानक के अनरूप कार्य करने वाले के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

बताते चले कि 24 किमी0 लम्बे लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्राम गोड़ारी कल्याणी नदी तक कई वर्ष पूर्व बनी सड़क गड्ढे मे तब्दील हो गयी थी वर्तमान समय मे उस पर लोक निर्माण विभाग खण्ड प्रथम द्वारा विशेष मरम्मत का कार्य चल रहा हैं सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार की मनमानी और अधिकारियों की लापरवाही से सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही नहीं है. जिसकी वजह से सड़कों के बनते ही उखड़ने लगी हैं।

फर्जी अंक पत्र लगाकर नौकरी हथियाने का आरोप

- युवक ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।

ईसानगर क्षेत्र के गांव में फर्जी अंक पत्र लगाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती की नौकरी हथियाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। आरटीआई के माध्यम से मिले प्रपत्रों में मामला प्रकाश में आने के बाद गांव के ही युवक ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती शिकायत कर्ता को अन्य झूठे मामलों में फसाने का प्रयास कर रही है। शिकायत कर्ता ने मामले में स्थानीय अधिकारियों की सहभागिता होने का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

ईसानगर क्षेत्र के गांव दिलावलपुर निवासी श्याम किशोर मौर्य ने जिला अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि पूनम देवी पत्नी जगदीश गौतम निवासी लालपुर मजरा दिलावलपुर ने गांव में ही फर्जी अंकपत्र लगाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के रुप में तैनाती ले ली है। आरोप है कि पूनम देवी ने विभाग में दो भिन्न भिन्न रोल नम्बर से अंक पत्र लगाए हैं। शिकायत के बाद विभाग द्वारा जानकारी दी गई।

राजकीय इंटर कॉलेज बरैय्या में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

- बालिका वर्ग में शुभी, सोनी और सोनी कनौजिया ने परचम लहराया तीनों को प्रथम,द्वितीय,तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया

सूरतगंज, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

राजकीय इंटर कॉलेज बरैय्या में मंगलवार को खेल कूद व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मां शारदे के समक्षों में हुआ। उसके बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं ने खेलकूद का प्रर्दशन किया। वहीं सबसे पहले 800 मीटर की दौड़ की शुरुआत हुई। अंकित कुमार ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया, द्वितीय दुर्गेश सोनी एवं तृतीय पुरस्कार पाने में मनोज कुमार अव्वल रहे। लम्बी कूद बालक व बालिकाओं की हुई। बालक वर्ग में सचिन,अरुण,वीरू को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग में शुभी, सोनी और सोनी कनौजिया ने परचम लहराया। तीनों को प्रथम,द्वितीय,तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं ऊंची कूद में नितिन सिंह और अंकित,आशुतोष ने सफलता प्राप्त की और बालिका वर्ग में काजल, सपना,जुगनू ने जीत का परचम लहराया। कबड्डी में विजेता टीम में सपना, जैनल, नैंसी ,अंजुम जुगना, सोनी को जबकि उपविजेता में अंशिका माही,सानू,सारिका व शबनम, कोमल,हर्षिता सिंह को ईनाम देकर हौसला अफजाई किया गया। खो-खो की प्रतियोगिता में निशी सिंह,स्वाती देवी, सपना, शशि,मोहिनी,अंजलि, सरोज,कल्पना और मुबसरा को विजेता घोषित किया गया तो उपविजेता में रुचि,सोनम, सपना,दीपिका,हर्षित, सोनी, माधुरी, आकांक्षा, ममता को सम्मानित भी किया गया।तो हाई स्कूल 2023 के मेधावी छात्र शालू गुप्ता एवं इंटर की आकांक्षा सिंह को सम्मानित किया गया।इस मौके पर प्रधानाचार्य अरविंद सिंह,वरिष्ठ सहायक नंदू प्रसाद गुप्ता, कनिष्ठ सहायक अतुलकांत गुप्ता, अध्यापक श्याम बहादुर, रावेंद्र वर्मा, राजेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, अरविंद कुमार ,सत्य प्रकाश अमरीश कुमार , दीपनारायण आदि स्टाफ व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनता को मिल रहा लाभः शरद अवस्थी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। केंद्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं का जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोगों को किसान सम्मान निधि, आवास, उज्ज्वला योजना, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, आदि का लाभ मिला है।यह बात मौलाबाद व दुर्जनपुर गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कही।शरद अवस्थी ने ग्राम प्रधान राजीव कुमार व प्रधान विजय वर्मा मंडल अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय अमित भैया रामजी प्रहलाद विमल सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया।

सफलता

बेटी ने जापान में हिन्दुस्तान की शिक्षा का डंका बजाया

हैदरगढ़ की बेटी ने जापान विज्ञान हाईस्कूल प्रोग्राम में लिया भाग, लौटने पर हुआ स्वागत

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

स्थानीय पोखरा क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी प्रतिभावान कक्षा-11 की छात्रा हिमांशी तिवारी की शिक्षा उड़ान राजकीय इण्टर कालेज पोखरा से होते हुए जापान तक जा पहुंची। जापान में एक हफ्ते हैदरगढ़ की इस बेटी ने जापान में हिन्दुस्तान की शिक्षा का डंका बजाकर इतिहास रच दिया। वापस लौटने पर हिमांशी तिवारी का राजकीय इण्टर कालेज में शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जबकि इस दौरान इस प्रतिभावान छात्रा के पिता श्रीकांत तिवारी एवं मां ललिता तिवारी का भी अभिनन्दन किया गया। शिक्षा के स्तर को सुधारने में जुटी केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार के प्रयासों की सफल किरणें अब सुदूरवर्ती छोटे गांवों तक पहुंचना प्रारम्भ हो गई हैं। कुछ ऐसा ही नजारा नजर आया हैदरगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत पोखरा के राजा पुर गांव में। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान के सानिध्य जापान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एजेन्सी के एक कार्यक्रम के तहत कई देशों के विद्यार्थियों के लिए जापान हाईस्कूल प्रोग्राम का एक आयोजन किया गया था। जिसके तहत अगस्त से नवंबर के मध्य विभिन्न प्रक्रियाओं को पूर्ण कर

समस्त राजकीय कालेजों के विद्यार्थियों को इसमें शिक्षा मन्थन करके खोजा गया। इस दौरान हाईस्कूल में साईंस की छात्रा रही हिमांशी तिवारी ने राजकीय इण्टर पोखरा में अध्ययनरत रहते हुए परीक्षा परिणाम में प्रदेश स्तर पर अपना नाम रौशन किया था। वह इस समय इसी राजकीय कालेज में कक्षा-11 की छात्रा भी है। हिमांशी ने उपरोक्त शिक्षा प्रोग्राम में भागेदारी की और उसके बाद उसका चयन जापान के लिए हो गया। जैसे ही यह खबर आम हुई पूरा इण्टर कालेज एवं राजापुर पोखरा गांव खुशी से झूम उठा। सनद रहे कि इस प्रोग्राम में पूरे देश के 64 एवं उत्तर प्रदेश के 5 छात्र-छात्राओं का ही चयन हुआ था।

बीती 7 दिसम्बर को हिमांशी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव के साथ दिल्ली पहुंची। यहां पर एनसीईआरटी परिसर में अभिमुखीकरण कार्यक्रम में भाग लिया। फिर 9 दिसम्बर को वह जापान के लिए रवाना हुई। हिमांशी ने 10 से 16 दिसम्बर तक यहां विभिन्न देशों के अन्य छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षा एवं पर्यावरण पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। उसने बहुत कुछ सीखा तथा हिन्दुस्तान की संस्कृति से भी विदेशी विद्यार्थियों को परिचित कराते हुए जापान में हिन्दुस्तान का डंका बजा दिया। 16 दिसम्बर की ही शाम को वह वापस दिल्ली आ गयी। तदोपरान्त अपने गांव राजापुर जब यह प्रतिभावान छात्रा पहुंची तो सभी ने इसका भव्य स्वागत किया। पिता श्रीकांत तिवारी, मां ललिता देवी एवं दो बहनों तथा भाई सहित अन्य परिजन भी फूले न समायें। हिमांशी तिवारी के जापान से वापस आने के बाद राजकीय कन्या इण्टर कालेज में छात्रा के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने कहा कि हिमांशी बिटिया ने हैदरगढ़ ही नहीं बल्कि जनपद व प्रदेश तथा देश की उन सभी बहन-बेटियों को यह प्रेरणा दी है कि प्रतिभा संसाधनों पर मोहताज नहीं होती। उन्होंने हिमांशी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अन्य छात्र-छात्रायें भी हिमांशी से प्रेरणा लेकर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करते हुए अपने भविष्य को उज्जवल बनाये।

प्रधानाचार्य दिनेश यादव ने कहा कि हिमांशी ने हम सभी का सम्मान बढ़ाया। राजकीय इण्टर कालेज पोखरा का सम्मान बढ़ाया। वास्तव में इस छात्रा ने यह दिखा दिया कि राजकीय इण्टर कालेजों में भी प्रतिभावान बच्चों की कमी नहीं है।

अटल के जन्मदिन पर सीएम जायेंगे बटेश्वर, 100 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास एवं लोकार्पण

25 को हेलीकाप्टर सेवाओं का शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री : जयवीर

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर 25 दिसम्बर को बटेश्वर आगरा में लगभग 100 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यह सारी परियोजनायें संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की है। इस अवसर पर आगरा एवं मथुरा के लिए हेलीपोर्ट सेवाओं का शुभारम्भ करेंगे। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म स्थली बटेश्वर में 101 प्राचीन एवं विख्यात मंदिरों का समूह है। यहॉ दूर-दूर से लोग दर्शन एवं पूजन करने के लिए आते हैं। यहां शंकर जी का प्राचीन मंदिर है। लाखों लोगों की आस्था इससे जुड़ी है।

इस स्थल की विशेषता यह है कि पूरे देश में जहॉ यमुना नदी पश्चिम से पूरब की ओर बहती है किन्तु यहॉं यमुना नदी 05 किमी पूरब से पश्चिम की ओर बहती है और इन मंदिर समूहों को स्पर्श करते हुए पुनः पश्चिम से पूरब की ओर चली जाती हैं। इसे सिद्ध क्षेत्र भी कहा जाता है। इस क्षेत्र की धार्मिक स्थलों की बहुत मान्यता है। इस स्थान की विशेषता एवं लोगों की मान्यताओं को देखते हुए पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधायें विकसित की गयी हैं ताकि अधिक से अधिक पर्यटक इन स्थलों की ओर आकर्षित हो सके। आगरा में ही ताजमहल है और इसके अलावा कई यूनिस्को साइट भी हैं। देशी-विदेशी सैलानी ताजमहल का दीदार करने के बाद इन

स्थलों की ओर आकर्षित होंगे, इसी के दृष्टिगत बटेश्वर में पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। 25 दिसम्बर को हेलीकाप्टर सेवाओं का भी शुभारम्भ मुख्यमंत्री करेंगे। हेलीकाप्टर सेवा से दर्शन के लिए पर्यटन विभाग ने कई योजनायें तैयार की हैं। आगरा व मथुरा वृन्दावन के आसपास के पर्यटन स्थलों का एयर सफारी तथा एयर परिक्रमा की सुविधा हेलीकाप्टर से उपलब्ध करायी जायेगी। इस हेलीकाप्टर सेवा शुरू होने से देशी-विदेशी पर्यटक आगरा, मथुरा घूमने के पश्चात बटेश्वर की तरफ भी आयेंगे। वृद्ध, दिव्यांग व महिलायें हेलीकाप्टर के माध्यम से वृन्दावन की परिक्रमा कर सकेंगी। हेलीपोर्ट सेवा राजस एयरोस्पोर्ट्स एडवेंचर्स प्रालि के प्रतिनिधि मनीष

सैनी ने बताया कि एयर परिक्रमा भारत में पहली बार 25 दिसम्बर से शुरू होगी जो पवित्र गोवर्धन की परिक्रमा की सुविधा उपलब्ध करायेगी। यह अद्वितीय सेवा भारत में पहली बार शुरू हो रही है, श्रद्धालुओं को आकाश से आध्यात्मिक दर्शन का अवसर प्रदान करेगी। एयर सफारी-ताजमहल का भव्य दृश्य भी देखा जा सकता है। इस सेवा के साथ हॉट एयर बैलून सेवा भी शुरू होगी।यूपी में स्थाई और ''नवीन पर्यटन की ओर एक कदम'' पर्यटन विमानन क्षेत्र में एक नवाचार है। इसके माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र के विकास और आर्थिक समृद्ध में विशेष योगदान का अवसर भी है।

यूपी में निवेश की अपार संभावनाएं : खन्ना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। यूपी में औद्योगिक निवेश को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए लखनऊ में सरकार और उद्योगपतियों के बीच जीवंत संवाद हुआ। उद्योगपतियों ने सरकार की नीतियों को सराहने के साथ ही एनओसी को लेकर आ रहीं दिक्कतों को सामने रखा। उद्योगों को एनओसी के लिए फास्ट ट्रैक सिस्टम विकसित करने पर भी जोर दिया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उद्योपतियों को सुना। उन्हें यूपी की अनुकूल परिस्थितियों के साथ ही यहां निवेश की अपार संभावनाएं भी बताई।

यूपी विधानसभा की बढ़ाई जाएगी सुरक्षा

समृद्धि न्यूज।

- दिल्ली संसद की घटना के बाद विधानसभा की सुरक्षा के लिए बनी कमेटी

लखनऊ। दिल्ली में संसद भवन में हुई घटना के बाद से उत्तर प्रदेश विधानसभा की भी सुरक्षा को बढ़ाया जाएगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के द्वारा बैठक बुलाई गई इस बैठक में प्रमुख सचिव विधानसभा, प्रमुख सचिव गृह, प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के साथ ही एडीजी इंटेलीजेंस, पुलिस कमिश्नर लखनऊ, डीआईजी सुरक्षा और जिलाधिकारी भी मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में बुलाई गई इस बैठक में वर्तमान व्यवस्थाओं का जहां एक तरफ आकलन किया गया वहीं दूसरी तरफनियमों को सख्त एवं सुदृढ़ करने के लिए भी विचार किया गया है।वही विधानसभा में दर्शकों एवं अन्य लोगों के प्रवेश की प्रक्रिया एवं सुरक्षा संबंधी अन्य बिंदुओं को लेकर भी इस बैठक में चर्चा की गई। अध्यक्ष सतीश मानक के द्वारा निजी सुरक्षा व्यवस्था की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया जिसमें एसपी (आर), एस पी विधानसभा, मार्शल विधानसभा और संयुक्त सचिव सचिवालय प्रशासन सदस्य होंगे। वहीं अब वाहन पास के नियमों में भी बदलाव किए जाएंगे और वहां पास इशू करने के लिए कठोरता भी बढ़ती जाएगी।

खबरें एक नजर में

एसपी जीआरपी पूजा यादव डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध

- एसएसआईटी में तैनात देव रंजन वर्मा को एसपी जीआरपी बनाया गया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ में मंगलवार सुबह डीजीपी मुख्यालय में दो आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर किए हैं। क्राइम कंट्रोल में फेल और लंबे समय से एसपी जीआरपी के पद पर तैनात पूजा यादव को डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में महिला सिपाही के साथ हुई घटना समेत कई मामलों में लापरवाही करने पर एसपी पूजा यादव को आखिरकार डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। उनके स्थान पर एसएसआईटी शाखा में तैनात आईपीएस देवरंजन वर्मा को एसपी जीआरपी लखनऊ बनाया गया।

अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने आलमनगर क्लब को चार विकेट से दी मात

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने 19वीं बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट लीग के मुकाबले में आलमनगर क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से हराते हुए पूरे अंक हासिल किए। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज मैदान पर आलमनगर क्रिकेट क्लब निर्धारित 35 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.3 ओवर में 122 रन ही बना सका। टीम की पारी शुरू में ही लड़खड़ा गयी और 11 रन पर दो विकेट गिर गए थे। इसके बाद 39 रन पर टीम ने लगातार दो विकेट गंवा दिए थे। सिर्फमोहम्मद रिजवान (28) व शैलेंद्र सक्सेना (22) ही टिक कर खेल सके। अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी से चंदन सिंह बिष्ट ने 5 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट की सफलता हासिल की। चिरंजीवी गुप्ता व सत्यम यादव को दो-दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने 27.1 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज शिवम यादव (45 रन, 57 गेंद, 6 चौके) व करन यादव (15) ने पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। सत्यम यादव ने नाबाद 18 व सौरभ ने 15 रन का योगदान किया। आलमनगर क्रिकेट क्लब से मो.शमीम खान व मो.ज़ुहैब को दो-दो विकेट की सफलता मिली। अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी के चंदन सिंह बिष्ट को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार मिला।

फिरोजाबाद एवं झांसी के लिए 46.27 लाख रुपये मंजूर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत फिरोजाबाद एवं झांसी में सड़क निर्माण से सम्बन्धित 02 कार्यों हेतु 46.27 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। नियोजन विभाग ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिये हैं। फिरोजाबाद में नगला पीपल जसराना बाईपास रोज से पंचम पीर की मजरा तक मार्ग के नव निर्माण कार्य हेतु 18.64 लाख रूपये तथा जनपद झांसी में झांसी शहर में नहर पुल से अशोक सनफ्रान तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 27.93 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम की शुरूआत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। यूजीसी के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा लिंग संवेदीकरण पर आयोजित दो सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पद्मश्री पुरस्कार विजेता डॉ सुमन सहाय के समापन भाषण के साथ संपन्न हुआ। डॉ सहाय देश की अग्रणी वैज्ञानिक हैं जिन्होंने जीन अभियान की शुरुआत की थी। वह नार्मन बोरलॉग पुरस्कार की प्राप्तकर्ता और स्वर्ण पदक विजेता हैं। डॉ. सहाय ने अपने समापन भाषण में प्रतिभागियों को लैंगिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने समाज में प्रचलित लैंगिक असमानताओं और लैंगिक भेदभाव के बारे में बात की और प्रतिभागियों को उन मुद्दों के प्रति अधिक लैंगिक संवेदनशील होने के लिए प्रेरित किया जिनके कारण समाज में विभिन्न प्रकार के भेदभाव होते हैं। शिक्षकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम 5 दिसंबर को शुरू किया गया था। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे विभिन्न राज्यों के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों ने इस दो सप्ताह के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया। इसमें विभिन्न क्षेत्रो से कुल 34 वक्ता थे। देश उनमें से प्रमुख थे। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफहैदराबाद, अमरकंटक यूनिवर्सिटी, यूएनडीपी, लखनऊ यूनिवर्सिटी, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन सोनीपत, वाटर एड, जामिया मिल्लिया इस्लामिया इत्यादि। विशेषज्ञों ने भाषा में लिंग, लिंग और आपदा, लिंग जल और महिला कल्याण, महिलाओं के सशक्तिकरण में वित्तीय समावेशन की भूमिका, नारीवादी शिक्षाशास्त्र, श्रम बाजार में लिंग भेदभाव, महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, योग और स्वास्थ्य, शिक्षा में आईसीटी, महिला सशक्तिकरण, महिला और तस्करी, नारीवादी पद्धतियां, नारीवाद की विभिन्न लहरें, हिंदी और अंग्रेजी साहित्य में महिलाएं, इतिहास में महिलाएं, मीडिया में महिलाएं, हिंदी सिनेमा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व, प्रिंट मीडिया में महिलाएं,महिलायों के लिए कानून, नई शिक्षा प्रणाली जेंडर विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। पाठ्यक्रम का समन्वय प्रोफेसर रोली मिश्रा द्वारा किया गया।

15 महिला अभ्यर्थियों को मिला जॉब आफर
21 दिसम्बर को लगेगा रोजगार मेला

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। राजकीय आईटीआई लखनऊ में आज महिला कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें कम्पनी बरगंडी इण्डिया प्रा लि लखनऊ द्वारा 15 महिला अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु आफर किया गया, जिसमें 28 महिला अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आईटीआई के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 21 दिसम्बर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि विधायक, लखनऊ, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलताविभाग एवं मिशन निदेशक कौशल विकास मिशन की उपस्थिति रहेगी।ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम ए खॉं ने बताया कि रोजगार मेले में 60 से अधिक कम्पनियॉं प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में 6000 से अधिक रिक्तिया होंगी। जिन अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 40 तथा कौशल विकास प्रशिक्षण, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट,आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक पास है वे ही रोजगार मेले में ही प्रतिभाग कर सकते है।

यूपी एटीएस ने दिल्ली से एक को किया अरेस्ट

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। यूपी एटीएस ने मंगलवार को दिल्ली से मोहम्मद अब्दुल अव्वल को गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस के मोहित अग्रवाल ने बताया, यह गिरफ्तारी पूर्व में अरेस्ट हुए अवैध घुसपैठियों के 5 सदस्यों की पूछताछ के बाद हुई है। यूपी एटीएस ने बताया कि इससे पहले 11 अक्टूबर को तीन और 7 नवंबर को दो अवैध घुसपैठ में मानव तस्करी करने वाले सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। यूपी एटीएस की जांच में चौंकाने वाले खुलासा यह हुआ है कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मोहम्मद अब्दुल अव्वल ने एनजीओ की आड़ में सिंडिकेट के द्वारा एफसीआरए के माध्यम से विदेश से करीब 19 से 20 करोड़ रुपए मंगाए गए। इन रुपए को

- रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की मदद के लिए विदेशों से मंगाए 20 करोड़

अवैध रूप से भारत में रोहिग्यां और बांग्लादेशियों की मदद के लिए मंगाए गए थे। एटीएस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार किए गए मोहम्मद अब्दुल अमल की मुलाकात कोरोना काल के समय डॉ. अब्दुल गफ्फार से दिल्ली में हुई थी। मुलाकात के दौरान डॉ. गफ्फार व उसके सहयोगियों ने बताया कि यदि फिनो बैंक में रोहिंग्या, बांग्लादेश और झोपड़ी में रहने वाले मुस्लिम के नाम पर खाता खोल लें। इनके खातों में डॉ. गफ्फार अपनी एनजीओ के एफसीआरए से उनके खाते में से विदेशी फंड ट्रांसफर कर देगा। एटीएस की पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि ट्रांसफर आने वाले रुपए नकद निकाले जाते थे। इन वीडियो को अपने फायदे के साथ-साथ कुछ रुपए अवैध घुसपैठ क्योंकि आर्थिक सहायता के लिए भी उपयोग किया जाएगा। एटीएस की पूछताछ में अभी खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार किए गए मोहम्मद अब्दुल अमल ने लखनऊ के नदवा कॉलेज से 12वीं तक की पढ़ाई की थी। वहीं अभी गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के द्वारा विभिन्न नाम पर फिनो बैंक में अनेक ऑनलाइन खाता खोले गए। उन खातों में से डॉ. गफ्फार की एनजीओ के थ्थ्त। खाते से छोटी-छोटी धनराशि को अभियुक्त द्वारा खोले गए खातों में सैकड़ों बार ट्रांसफर किया गया। ट्रांसफर किए गए रुपए को डॉ गफ्फार और मोहम्मद अब्दुल द्वारा आधा हिस्सा बांट लिया जाता था।

भारतीय रिजर्व बैंक की राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में भारतीय रिजर्व बैंक की राज्य स्तरीय समन्वय समिति की 15वीं बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने बढ़ते वित्तीय धोखाधड़ी एवं साइबर क्राइम की रोकथाम के लिये डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों को आयोजित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सर्विसेज और डिजिटल ट्रांजक्शन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। आम नागरिकों से धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है और पहले नंबर पर लाने के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।

सफाई कर्मचारी की मौत के बाद सवालों के घेरे में जू प्रशासन, पत्नी को मिलेगी संविदा पर नौकरी

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। लखनऊ चिड़ियाघर में दरियाई घोड़े ने सफाई कर्मचारी सूरज का पेट फाड़ दिया था। इसके बाद जू प्रशासन के कार्य शैली पर सवाल उठने लगा है। वहीं मंगलवार को लखनऊ चिड़ियाघर में दरियाई घोड़े के बाड़े के पास सबसे ज्यादा भीड़ रही।

सोमवार की घटना के बाद लोग ये जानना चाहते थे कि दरियाई घोड़ा इतना हिंसक कैसे हो गया। जबकि कई छात्र पहुंचे जो कह रहे थे कि दरियाई घोड़े हिंसक नहीं होते हैं लेकिन जब होते हैं तो शेर और बाग से भी ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। वहीं दूसरी ओर चिड़ियाघर प्रशासन इस जांच में जुट गया है कि कर्मचारी सूरज की ड्यूटी उस समय नहीं थी तो वह बाड़े में सफाई करने कैसे पहुंच गया। उसके साथ डॉक्टर की टीम भी नहीं थी। इसके लिए विभाग की तरफ से जांच कमेटी बैठा दी गई है। हालांकि अधिकारी सामने आकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। बाड़े में बिना सेफ्टी के सूरज और राजू कैसे गए। अगर वह सफाई कर रहे थे तो क्या दरियाई घोड़े को उस समय खुला छोड़ा गया था। उसके साथ गेट कीपर क्यों नहीं था। ऐसे सवाल अभी उठ रहे है जिसका जवाब चिड़ियाघर प्रशासन अभी देने से बच रहा है। 17 दिसंबर को चिड़ियाघर घुमने के लिए 14762 दर्शक पहुंचे थे। इसमें 2432 संख्या बच्चों की थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि अगर ऐसी कोई लापरवाही दर्शकों के साथ हुई तो इससे भी बड़ी घटना हो सकती है। हालांकि सफाई कर्मी सूरज की मौत और कीपर राजू पर हुए हिप्पो के हमले से पूरे चिड़ियाघर में हडकंप मचा रहा। कर्मचारियों के बीच गहरे शोक रहा। वहीं चिड़ियाघर में इस हादसे को लेकर सवाल उठते रहे। वन्यजीव विशेषज्ञों ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई। सूरज की पत्नी को लखनऊ चिड़ियाघर प्रशासन अपने यहां संविदा पर नौकरी देगा। निदेशक अदिति शर्मा ने कहा, संविदा पर 5500 सूरज को मिलता था। उसी पे स्केल पर उनके पत्नी को नौकरी दे दी जाएगी। हालांकि परिवार वाले स्थायी नौकरी की मांग कर रहे हैं। जो उनकी ज्यूडिशरी से बाहर का मामला है। महज 12 दिन पहले कानपुर से आई मादा हिप्पो की देखरेख के भले ही जू प्रशासन के दावे हों। लेकिन जू प्रशासन ने आइसोलेशन के दौरान हिप्पो की लगातार देखरेख के दावे किए थे। लेकिन 24 घंटे चिकित्सकों की निगरानी की बात बेमानी साबित हो गई। जबकि जू प्रशासन मुताबिक निदेशक के कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे से मुख्य वन्यजीवों पर कड़ी जर रखी जाती है।

बताया जा रहा है कि दर्शकों की भीड़ और शोरगुल से हिप्पो अक्रामक हुआ है। अमूमन बाडे में बने क्लोजर में हिप्पो को बंद करना होता है। लेकिन क्या क्लोजर में हिप्पो बंद किया गया था या लापरवाही में यह हादसा हुआ। इसको लेकर भी सवाल उठ रहे है।

लखनऊ ने शिवम मावी को 6.40 करोड़ में खरीदा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी आईपीएल में इस बार लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा होंगे। 50 लाख रुपए बेस प्राइस वाले शिवम को लखनऊ ने 6.40 करोड़ में खरीदा। दुबई में हुए आईपीएल की निलामी में शिवम के लिए बेंगलुरु और लखनऊ की टीम ने काफी समय तक आपस में संघर्ष किया। शिवम अभी तक गुजरात की टीम का हिस्सा थे। हालांकि उनको एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिल पाया था। ऐसे में इस बार गुजरात की टीम ने उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया था। उनको अपने साथ लेने के लिए दो बड़ी टीम आपस में भीड़ गई।

दोनों ही टीम गेंदबाजी के स्तर पर कमजोर है। ऐसे में बॉलिंग लाइन मजबूत करने के लिए शिवम को अपने साथ रखने की होड़ मची है। शिवम को गुजरात की टीम ने भी 6 करोड़ रुपए में खरीदा था। हालांकि उसके बाद एक भी मैच उनको खेलने को नहीं मिला।

महापौर ने बैकों के प्रबन्धकों व जोनल हेड के साथ की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय के श्री राजकुमार समिति कक्ष मे ऐसे बैंक जिनमे नगर निगम के खातों का संचालन किया जा रहा है के प्रबन्धकों व जोनल हेड के साथ मा0 महापौर महोदया से बैठक हुयी।

उक्त बैठक मे समस्त बैंकों के अधिकारियो को मा0 महापौर महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि सी0एस0आर0 फण्ड का लाभ जनहित मे नगर निगम लखनऊ को भी दिये जाने की योजना बनायी जाये। मा0 महापौर महोदया द्वारा नगर निगम व जनहित मे पहली बार बैक के अधिकारियो की बैठक बुलाई एवं 02 दिवसों मे बैक के अधिकारियो को निर्देशित किया कि सी0एस0आर0 फण्ड का लाभांश नियमानुसार देते हुये नगर निगम के माध्यम से लखनऊ की जनता को सुविधाये उपलब्ध् कराई जाये।क्क्क्क बैठक मे श्री इंद्रजीत सिंह, नगर आयुक्त व श्री नन्दलाल कुरील, मुख्य एवं वित्त लेखाधिकारी के साथ लेखा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

लखनऊ मैराथन में दौड़ेंगी 4008 महिलाएं

- पहला स्थान पाने वाली महिला को तीन लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का प्रान्तीय सह संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि आगामी 31 दिसम्बर को महिला हॉफमैराथन दौड़ आयोजित की जा रही है।

नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में यह दौड़ आयोजित की जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से कुल 4008 महिलाएं लखनऊ में दौड़ लगाएंगी। जबकि हजारों महिलाएं स्वयंसेवक के रूप में मैराथन का हिस्सा बनेंगी।

मैराथन दौड़ आगामी 31 दिसम्बर को 11 बजे दुबग्गा चौराहे से शुरू होगी। यह भिठौली तिराहे से यू टर्न लेकर वापस फिर दुबग्गा चौराहा आएगी। यह हॉफ मैराथन दौड़ तकरीबन 21 किमी की होगी। इसमें पहला स्थान पाने वाली महिला को तीन लाख रुपए, दूसरा स्थान पाने वाली महिला को दो लाख रुपए और तीसरा स्थान पाने वाली महिला को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। नशामुक्त सेनानी नागेन्द्र ने बताया कि इन महिलाओं के पीछे से आने वाली प्रथम दस महिलाओं को 21-21 हजार रुपए, द्वितीय दस महिलाओं को 11-11 हजार रुपए, तृतीय दस को महिलाओं को 51-51 सौ रुपए, चतुर्थ दस महिलाओं को 41-41 सौ रुपए, पंचम दस महिलाओं को 31-31 सौ रुपए, षष्ठम् दस महिलाओं को 21-21 सौ रुपए और सप्तम दस महिलाओं को 11-11सौ रुपए का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इस तरह कुल 73 महिलाओं को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के सह संयोजक नागेन्द्र ने आंदोलन के प्रणेता एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के हवाले से बताया कि इस मैराथन में लोकसभा, राज्यसभा व उत्तर प्रदेश विधानसभा की समस्त महिला सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

सिर्फ खानपान बिगड़ने से ही पीढ़ियां नष्ट हो जाती हैं : प्रेमभूषण महाराज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मांस और मदिरा दोनों मनुष्य को पाप के मार्ग पर ले जाते हैं। ऐसे लाखों उदाहरण भरे पड़े हैं कि जिन सनातन परिवारों में मांस और मदिरा का सेवन शुरू हुआ उनके कुल में केवल उत्पाती लोगों का ही आगमन हुआ। सरस् श्रीराम कथा गायन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात प्रेममूर्ति पूज्य श्री प्रेमभूषण जी महाराज ने उक्त बातें नर सेवा- नारायण सेवा को कृत संकल्प ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम कथा अमृत महोत्सव के तीसरे दिन लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित सीएमएस विद्यालय के मैदान मे नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं। श्री रामकथा गायन के माध्यम से भारतीय और पूरी दुनिया के सनातन समाज में अलख जगाने के लिए सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण महाराज ने प्रभु श्रीराम के प्राकट्य का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सनातन परिवार के लोगों से मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि इन अखाद्य वस्तुओं से अपने परिवार को बचाने के लिए संकल्पित हों। जिसके जीवन में जितना अधिक सदाचार होगा, उसकी परमात्मा के चरणों में उतनी ही प्रीति होगी।

योगी कैबिनेट में लगी 23 प्रस्तावों पर मुहर

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। योगी कैबिनेट के अहम फैसलो की आज मीडिया से प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने साझा की। फैसलों में क्रमशः लखीमपुर खीरी तहसील पलिया के लखीमपुर खीरी की तहसील पलिया के ग्राम चंदन चौकी में ग्राम चंदन चौकी में गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर स्थापित विद्यालय स्मारक सरस्वती विद्या मंदिर चंदन चौकी पलिया लखीमपुर खीरी को राज्य सरकार में निहित 1.283 हेक्टेयर भूमि लीज पर आवंटित किए जाने का प्रस्ताव मंजूर हुआ।

इसके साथ ही भारत सरकार की भारत सरकार की भारत नेट योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत तक ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने तथा मोबाइल कनेक्टिविटी से वंचित गांवों में 4 जी मोबाइल सेवाओं की संस्कृति हेतु उपलब्ध कराए जाने वाली वन भूमि के प्रीमियम और लीज रेंट के भुगतान से छूट प्रदान किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश द्रशसवनी नियमावली मैं संशोधन किया गया में संशोधन, मुख्यमंत्री घोषणा के क्रम में संजय गांधी स्नाकोत्तर आयुर विज्ञान संस्थान

निर्णय

- एनसीआर के 2.40 लाख आवंटियों को आवास मिलने का रास्ता साफ

लखनऊ में एडवांस्ड प्रिडिक केंद्र की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। जिरोक्स इंडिया लिमिटेड को गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट 1895 के अधीन भट्टागट भूमि के रिलीज डेट नवीनीकरण के प्रस्ताव, प्रशासकीय विभागों में वाहन क्रय हेतु वाहनों के निर्धारित कृषि में मूल में वृद्धि करने के संबंध में प्रस्ताव, लिगसी स्टॉल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट की समस्याओं के निदान के लिए श्री अमिताभ कांत एक सीईओ नीति आयोग भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की गई। इसके तहत एनसीआर में 2.40 लाख आवास उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो सकेंगे । उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत प्रदेश में मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों हेतु विशेष सुविधाएं एवं रियायती अनुमय कराए जाने के संबंध में भी निर्णय लिया गया।

राजकीय परिक्षेत्र सरगना जनपद आगरा में स्थित उद्यान विभाग की 10

हेक्टेयर भूमि कृषि एवं किसान कल्याण उद्यान विभाग भारत सरकार के नियंत्रण दिन सब आते हैं शशि निकाय राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड गुरुग्राम हरियाणा को 99 वर्षों के लिए निशुल्क दिए जाने के लिए रिलीज डेट पर आने वाले स्टांप तथा निबंधन शुल्क में छूट किए जाने के संबंध में प्रदेश में कृषि को को कृषि उत्पादन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य प्रदेश के बाहर के व्यापारियों को प्रदेश में तथा प्रदेश के व्यापारियों को अन्य प्रदेशों में बिंदरेष्ठ कृषि उत्पादों की व्यापार हेतु लाइसेंस उपलब्ध कराए जाने के लिए उत्तर प्रदेश किसी उत्पादन मंडी नियमावली 2023 प्रख्यापित किए जाने के संबंध में भी निर्णय हुआ है। शाहजहांपुर में नवीन जिला कारागार जिसमें बंदी क्षमता 2120 के निर्माण कार्य हेतु संपूर्ण प्रयोजन एवं लाख की लागत पर प्रशासकीय स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश वन विभाग अवर अधीनस्थ वनरक्षक और वन्य जीव रक्षक सेवा नियमावली 2015 में संशोधन किए जाने के संबंध में भी कैबिनेट ने मंजूरी दी। उत्तर प्रदेश विधानसभा विधान परिषद के वर्तमान सत्र का सत्रावसान, नगर निगम कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी एवं आगरा हेतु म्युनिसिपल बंद निर्गत करने तथा स्थापना विकास निधि से क्रेडिट रेटिंग इन्वेस्टमेंट के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने की पर अनुमोदन, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की पेंशन आदि संस्कृतियों में से संस्कृत संख्या 44.11 लागू किए जाने के संबंध में कैबिनेट ने फैसला लिया। हरदुआगंज मेगावाट तापीय विस्तार परियोजना की अनुमोदित परियोजना जिसकी लागत 6011.83 करोड़ में निर्माण दिन ब्याज के कारण हुई 273.15 करोड़ की वृद्धि स्टार्ट ऑफ फ्यूल पावर एनर्जी में 62.66 करोड़ की वृद्धि एवं एफजीडी सिस्टम हेतु लाइमस्टोन एवं अमोनिया की लागत से 4.50 करोड़ की वृद्धि सहित कुल 340.31 करोड़ की वृद्धि के कारण परियोजना की तृतीया उन दीक्षित लागत 6352.14 करोड़ पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

आबकारी नीति वर्ष 24- 25 के प्रख्यापन के संबंध में अहम निर्णय लिया गया है। सहारनपुर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में 33 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित किए जाने के संबंध में,मंत्री परिषद की 15 मई 2020 में संपन्न बैठक में पारित उत्तर प्रदेश कतिपय श्रम विधियों से अस्थायी छूट अध्यादेश 2020 के प्रस्ताव को वापस लिए जाने के संबंध में,मंत्री परिषद की 19जुलाई 2022 को संपन्न बैठक में पारित निवेश प्रोत्साहन के उद्देश्य से बॉयलर अधिनियम 1923 से करवा के प्रावधान को समाप्त करने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 24 एवं 25 में संशोधन हेतु माननीय मंत्री परिषद द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव को वापस ले जाने के संबंध में,अधिवक्ता कल्याण निधि को बढ़ाकर 500 करोड़ किए जाने के संबंध में और प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर थानों की स्थापना के संबंध में भी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है।

वार्षिक लक्ष्य के अनुसार करें राजस्व वसूली: डीएम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

करेत्तर, राजस्व वसूली व राजस्व कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि माह जनवरी 2024 से कर्मचारियों अधिकारियों का वेतन मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से आहरित किया जाय। सभी विभाग अपने अधिकारियों, कर्मचारियों का विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें ताकि अधिकारियों, कर्मचारियों को माह जनवरी का वेतन समय से मिल सके। विभिन्न विभागों से प्राप्त आरसी का मिलान कर अद्यतन कराते हुए शत प्रतिशत आरसी की वसूली समय से सुनिश्चित करायी जाय। वाणिज्यकर, राज्यकर, स्टाम्प, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, बैंक देय, खनिज, सिचाई, वन निकाय, मण्डी इत्यादि विभागों के कर-करेत्तर वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएम डैश बोर्ड पर सी, डी श्रेणी वाले विभाग विशेष प्रयास कर रैकिंग में सुधार लाये। साथ ही प्रभावी प्रवर्तन कार्रवायी भी सुनिश्चित कराये ताकि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हो सके। प्रवर्तन की कार्रवायी का तुलनात्मक विवरण भी रखा जाय। किसी भी दशा में निर्धारित मासिक लक्ष्य से कम वसूली न की जाय। अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिये गये कि अपने स्तर से कर-करेत्तर विभागों से वसूली प्रगति की नियमित समीक्षा करते रहे ताकि निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायी जा सके। राजस्व कार्यो की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलो को निर्देश दिया कि निस्तारण किये गये लम्बित वादों का पूरा विवरण रखा जाय साथ ही उसका अमल दरामत भी समय से कराया जाय। धारा 31 के मामले का अभियान चलाकर निस्तारण कराया जाय। आईजीआरएस संदर्भो के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संदर्भो का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय ताकि असंतुष्ट की स्थिति कम से कम रहे।

किसी भी दशा में संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। भविष्य में आईजीआरएस के संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के वेतन बाधित करने की कार्रवायी सुनिश्चित करायी जायेगी। समय से संदर्भो का निस्तारण कर आख्या अपलोड किया जाय ताकि संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। विभिन्न विभागों की परियोजनाओं हेतु भूमि आंवटन कार्य की समीक्षा करते हुए तहसीलों को निर्देश दिये गये कि नियमानुसार सम्बन्धित विभागों को समय से भूमि आंवटन की कार्यवाही सुनिश्चित कराये ताकि परियोजनाओं का निर्माण कार्य समय से शुरू हो सके। इसी प्रकार अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, डीएफओ बहराइच संजय शर्मा सहित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, कर-करेत्तर विभागों के सम्बन्धित अधिकारी, कलेक्ट्रेट के पटल सहायक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

सपा कार्यालय पर महिला सभा की बैठक संपन्न

- आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की ठेड़ी कवायद

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी की महिला सभा जिलाध्यक्ष मन्नू देवी की अध्यक्षता महिला सभा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम की संचालिका सुमन शर्मा रही। महिला सभा जिलाध्यक्ष मन्नू देवी ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर संगठन की मजबूती को लेकर प्रत्येक माह सपा कार्यालय पर महिला सभा की मासिक बैठक का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ मीटिंग करके बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने की कवायत छेड़ी गई है 2024 में महिलाएं बूथ स्तर तक सपा की विचारधारा लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगी और बहराइच सीट जीतकर जीत का माला सपा प्रमुख अखिलेश यादव के गले में पहनाने का कार्य करेगी। इस कार्यक्रम के जिला उपाध्यक्ष शकील मेकरानी, पूर्व विधायक अगलू चौहान, पूर्व विधायक रमेश गौतम, रुखसार शाह,निशी खान, पारुल शर्मा, हिना, असमा, रानी बेगम, गुड़िया, जूही, चंदा, खुशनुमा, सुनीता, श्रीदेवी आदि पार्टीजन मौजूद रही।

बाइक सवार दंपति को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, महिला की मौत, पति घायल

- पुलिस ने घायल को कराया अस्पताल में भर्ती

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ बहराइच मार्ग पर फखरपुर कस्बे में मंगलवार सुबह 11 बजे बाइक सवार दंपती को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति घायल हो गया। उसे अस्पताल में पुलिस ने भर्ती कराया है।

पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चकपिहानी निवासी लड्डन (48) पुत्र सरदार की पत्नी की तबियत खराब थी। जिसके चलते मंगलवार सुबह वह बाइक से पत्नी राबिया (43) को लेकर बाइक से बहराइच के लिए रवाना हुआ। बाइक सवार दंपती लखनऊ बहराइच मार्ग पर फखरपुर थाना के सामने पहुंचे। तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी।

मौके पर ही हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि पति घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पति घायल हुआ है। उसे अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया है। जबकि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली और चालक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच की जाएगी।

युवक ने किया सुसाइड, छह दिन बाद होनी थी शादी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के कैसरगंज कस्बा निवासी एक युवक ने रात 12 बजे तक मोबाइल पर बात की। मोबाइल पर बात करते हुए वह कमरे में गया और गले में फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी मोनिश (25) पुत्र मुबीन की शादी हुजूरपुर थाना क्षेत्र का डीहवा गांव निवासी युवती से तय है। 25 दिसंबर को युवक का विवाह होना था। पिता मुबीन ने बताया कि सोमवार रात को मोबाइल पर बात कर रहा था। रात 12 बजे मोबाइल पर बात करते हुए पुत्र अपने कमरे में चला गया। इसके बाद उसने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह काफी देर तक युवक घर से बाहर नहीं निकला तो परिवार के लोगों ने देखा वह फंदे से लटक रहा था। इस पर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि युवक ने फंदा लगाकर जान दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिले में किसी भी सूरत में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं: डीएम

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि जनपद में किसी भी सूरत में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद में सभी एसडीएम व क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया है कि तहसील स्तर पर गठित टास्कफोर्स टीम को क्रियाशील करते हुए अवैध खनन के परिवहन व भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील गोण्डा में साधारण मिट्टी के खनन के चार अनुज्ञाधारी और कर्नलगंज तहसील में साधारण मिट्टी के छह अनुज्ञाधारी हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके अतिरिक्त खनन निदेशालय के माइनमित्रा पोर्टल पर 100 घन मीटर हेतु किसानों के निजी उपयोग हेतु अनुज्ञा प्राप्त कर सकते हैं।

बाइक टकराने पर दो समुदाय में हुई झड़प, चले धारदार हथियार, छह घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के एलासापुर अगैया गांव निवासी पिता पुत्र सोमवार दोपहर बाद बैंक पैसा निकालने के लिए जा रहे थे। तभी गांव निवासी समुदाय विशेष के युवक की बाइक दीवार से लड़ गई। इस पर समुदाय विशेष के लोग नाराज हो गए, सभी ने घर में घुसकर मारपीट की मारपीट में दोनों पक्ष से 6 लोग घायल हो गए। इनमें दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मटेरा थाना क्षेत्र के एलासापुर अगैया गांव निवासी राजाराम पांडे सेवानिवृत कर्मचारी हैं। वह सोमवार दोपहर तीन बजे अपने बेटे राजाराम पाण्डेय के साथ बाइक से पेंशन का रुपया निकालने के लिए मटेरा चौराहा स्थित बैंक जा रहे थे। कुछ दूरी पर बाइक सवार पिता पुत्र पहुंचे तभी सामने से गांव निवासी रियाज अपनी बाइक लेकर आ गया। बाइक धीरे से एक दूसरे से लड़ने के बाद दीवार से जा भिड़ी। इससे रियाज काफी नाराज हो गया। उसने घर पर सूचना दी। जिस पर रियाज के पिता मून और अन्य लोग मौके पर पहुंचे।दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर हमला शुरू कर दिया। जमकर धारदार हथियार चले। दोनों पक्ष से छह लोग घायल हो गए। इनमें एक पक्ष से अभिषेक पांडेय और मून को गंभीर हालत में पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाइक टकराने को लेकर विवाद हुआ है। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

खबरें एक नजर में

रोजगार सेवक 27 को करेंगे सीएम आवास का घेराव

बहराइच, समृद्धि न्यूज। ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के बैनर तले ब्लॉक मुख्यालय पर एकत्र होकर रोजगार सेवकों ने बीडीओ राम लगन वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान की गई घोषणाओं पर अब तक अमल न होने तथा आश्वासनों के वावजूद अभी तक शासनादेश जारी नहीं होने को लेकर 27 दिसम्बर को ग्राम रोजगार सेवक सहित समस्त मनरेगा कर्मी विधानसभा मार्ग से होते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर मुख्यमंत्री को उनका वादा याद दिलाएंगे। इस क्रम में मंगलवार को रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी रामलगन वर्मा को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश हेतु ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर रोजगार सेवक रमेश मिश्रा,सुरेश यादव ,अंजू मिश्रा, विमल श्रीवास्तव,प्रमोद कुमार ,हरि ओम, संतोष पांडे, राम प्रकाश तिवारी ,दीनानाथ ,वेद प्रकाश तिवारी ,प्रदीप दुबे ,पंकज, विनीता सहित सभी रोजगार सेवक और मनरेगा कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने लखनऊ गोंडा मार्ग पर बने गड्ढे को भरवाया

बहराइच, समृद्धि न्यूज। पुलिस कर्मियों ने कुड़वा ओवरब्रिज के बगल लखनऊ गोंडा मार्ग पर जानलेवा बन चुके गहरे गड्ढे को ईट व रबीश डाल कर भरवा दिया है। गड्ढा भरे जानें से भारी वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। ज्ञात हो लखनऊ जरवल रोड गोंडा मार्ग पर कुड़वा ओवर ब्रिज के पास गहरे व बड़े गड्ढे हो गए थे। जिससे आए दिन गन्ना लदी ट्रालियां पलट जाती थी और हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। गनीमत रही की ट्रालियों के पलटने के दौरान अभी तक किसी की मौत नहीं हुई। बीते शनिवार की रात भी सीतापुर से जरवल रोड आईपीएल चीनी मिल गाना ला रही ट्राली कुड़वा ओवर ब्रिज के पास पलट गई थी जिससे 14 घंटे हाईवे वन वे रहा था और भारी जाम की स्थिति बनी रही थी। लोगो को बड़े हादसे व जाम से बचाने के लिए पुलिस कर्मियो ने ईट व रबीश डालकर गड्ढे को भर दिया है। गड्ढे भर जाने से भारी वाहन चालकों में अब राहत की सांस ली है।

अभद्र टिप्पणी पर अखिलेश यादव का फूँका पुतला

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के चौराहे पर छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका गया इस अवसर पर छात्र पंचायत के संयोजक शिवम पांडे ने बताया की विगत कई दिनों से सनातन धर्म व हिंदू देवी देवताओं पर स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा अभद्र टिप्पणी की जा रही है लेकिन समाजवादी पार्टी के द्वारा उस पर कार्रवाई करने की बजाय उन्हें पुरस्कार के रूप में कभी एमएलसी तो कभी राष्ट्रीय महासचिव बनाया जा रहा है इसी वजह से आज हम सभी कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंका है।

युवक पर जानलेवा हमला चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

मनकापुर /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। आर्केस्ट्रा के दौरान हुए मामूली विवाद को लेकर दूसरे दिन दबंगों द्वारा एक युवक की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी गयी जिसमें उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध हमला एवं धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज किया है।

घटना कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के देबियापुर किशुनदासपुर गांव का है। यहां आर्केस्ट्रा का आयोजन था, जिसमें तमाम लोग मौजूद थे। इसी दौरान मामूली बात को लेकर गांव के ही उमेश कुमार पर शुभम तिवारी, सौरभ तिवारी निवासी दुमचीपुर तथा आशीष पांडेय व अभिषेक पांडेय निवासी पीतांबरजोत थाना कोतवाली मनकापुर द्वारा लाठी-डंडे आदि से हमला कर दिया गया, जिससे उमेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबकर छात्रा की मौत, मचा कोहराम

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम

उमरीबेगमगंज, गोण्डा समृद्धि न्यूज़

मंगलवार की सुबह साईकिल से स्कूल जा रही एक हाईस्कूल की छात्रा को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंद डाला। इस दर्दनाक हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है? और ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी है? मिली जानकारी के मुताबिक उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के पूरेडाल (भटपुरवा) गांव के निवासी उदयभान शर्मा की पुत्री शशि हाईस्कूल की छात्रा थी। मंगलवार की सुबह वह साईकिल से स्कूल जा रही थी। डिक्सिर के बख्खापुरवा गांव के मोड़ पर एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने साईकिल सवार छात्रा को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में शशि की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ जुट गयी। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाली ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है? और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

युवक की मौत के बाद गांव में पुलिस तैनात

- एसपी ने पुलिस फ़ोर्स के साथ लिया जायजा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के नौशहरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर बीते सप्ताह मारपीट हो गई थी। जिसमें छह लोग घायल हुए थे। एक घायल की सोमवार को लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। शाम को शव पहुंचने पर कोहराम मच गया। गांव में सुरक्षा की दृष्टि से दो थानों की पुलिस तैनात है।बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौशहरा निवासी सुमिरन और महादेव प्रसाद के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। जमीनी विवाद में छह दिन पूर्व दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले थे। मारपीट में दोनों पक्षों से लगभग आठ लोग घायल हुए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। महादेव पक्ष से उनके पुत्र आशीष मिश्रा (40) को गंभीर चोट लगी थी।जिला अस्पताल से घायल को लखनऊ रेफर कर दिया गया था।

सोमवार को लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शाम को शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। मामले की गंभीरता को समझते हुए एसपी प्रशांत वर्मा,सीओ कैसरगंज कमलेश सिंह ने गांव पहुंचकर मृतक के पिता महादेव से मुलाकात किया। न्याय दिलाने की बात कही। इस दौरान गांव में सुरक्षा की दृष्टि से फखरपुर व बौंडी की भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रही है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय ने बताया कि मारपीट की धाराओं को गैर इरादतन हत्या में तरमीम किया जायेगा। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

डीएम ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

- डीएम बोले राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण में और तेजी लाएं

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्य के प्रगति का लिया जायजा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 282 करोड़ की लागत से बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर लेकचर्र भवन, प्राचार्य आवास, प्रशासनिक भवन, महिला छात्रावास, पुरुष छात्रावास एवं अन्य सभी तैयार हो रहे सभी बिल्डिंग भवनों में जाकर कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही संबंधित कार्यदाई संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण में और तेजी लाएं ताकि सत्र प्रारंभ से पहले पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज में बचे हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द तैयार करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय। इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज गोंडा, राजकीय नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप पाण्डेय, एई भवन निर्माण खंड बलरामपुर, सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जैविक किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

मंगलवार को कृषि विभाग के तत्वाधान में पार्टिसिपेटरी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा डॉ0 संपूर्णानंद प्रेक्षागृह में जैविक किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी एम अरूनमौली द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने कृषकों को कृषक उत्पादक संगठनों से जुड़ने का आवाहन किया, उन्होंने जैविक खेती को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि जैविक खेती अपनाने से मिट्टी का स्वस्थ, मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण स्वस्थ होगा। उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने जनपद में की जा रही जैविक खेती की जानकारी दी। उन्होंने जैविक खेती कलस्टर योजना के बारे में बताया कि चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अनुदान दिया जा रहा है। जनपद में जैविक खेती की पर्याप्त संभावनाएं हैं।जिला कृषि अधिकारी जगदीश प्रसाद यादव ने जनपद में संचालित कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने जैविक खेती में जैव उर्वरकों का प्रयोग एवं महत्व, हरी खाद की खेती, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, डॉक्टर अंकित तिवारी ने प्राकृतिक खेती के अंतर्गत बीजामृत, जीवामृत घन जीवामृत, दशपर्णी अर्क, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र आदि के उत्पादन एवं प्रयोग की जानकारी दी।

जलवायु परिवर्तन जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। विकासखंड जरवल के ग्राम पंचायत बीबीपुर बरवालिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुरेंद्र कुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ के सहयोग से एक्शन एड द्वारा संचालित नई पहल शिक्षा परियोजना के तहत मीना मंच बच्चों साथ जलवायु परिवर्तन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, आयोजित अभियान कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बी.ई.ओ संतोष सिंह को मीना मंच की छात्राओ द्वारा तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

बच्चों को संबोधित करते हुए पर्यावरण प्रदूषण, जनसंख्या नियंत्रण से होने वाले हानिया व बचाव के उपाय बताएं व टीम मे शामिल सभी बच्चों को एक पौधा लगाने की प्रेरित किया जिससे आने वाले समय में पर्यावरण का संतुलन बना रहे। चित्रकला के माध्यम से जलवायु परिवर्तन,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, का स्लोगन प्रदर्शनी बनाने वाली छात्राओं को अजय वर्मा उत्तम द्वारा पुरस्कृत किया गया, 50 छात्रों के द्वारा जलवायु परिवर्तन द्वारा शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव व बचाव के बारे मे गाँव में रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया,पॉवर एंजेल अपनी टीम के साथ गाँव के गंदे जगहों का चिन्हीकरण करके उन जगहों पर लाल झंडे लगाए।

विनियमित क्षेत्र विभाग की कृपा पर बना सिंध बेकर्स पार्किंग स्थल

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

जब भी सिटी मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर से सिंध बेकर्स की वार्ता की गई तो उन्होंने इतना तो बताया कि वह मानचित्र के विरुद्ध बना है और उस पर कार्रवाई की जाएगी।

इसी आड़ में उनके यहां एक फाइल बनी जिसको लंबित रखा गया है तारीख पर तारीख चलाई जा रही है किंतु कार्रवाई शून्य है ऐसा लगता है की सिटी मजिस्ट्रेट का विशेष लगाव सिंध बेकर्स से है जिस कारण पार्किंग स्थल ना होते हुए भी या तो उसे क्लीन चिट दे दिया गया है और या उसे कानून का भय नहीं है इसलिए शॉपिंग कांप्लेक्स के तौर पर सिंध बेकर्स इस्तेमाल कर रहा है ऊपर और भी दुकान बन रही है यदि गौर से देखा जाए तो उसमें मोटरसाइकिल तक नहीं जा सकती फोर व्हीलर की तो बात ही छोड़ दीजिए जब भी नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर जी से इस संबंध में वार्ता की जाती है तो जवाब देने के बजाय वह यही कहते हैं कि मुकदमा चल रहा है जब उनके बाबू अमित सोनी से बात की जाती है तो बताते हैं की तारीख लग रही है जब पूछा गया तारीख पर कोई आता है तो तो बताया कोई आता नहीं लेकिन फिर भी तारीख लग रही है ऐसे में इस प्रकरण के बारे में क्या सोचा जा सकता है अब तो शासन ही इस पर संज्ञान ले तो ले अन्यथा जिला प्रशासन इस पर कोई भी कार्रवाई करने से क्यों गुरेज कर रहा है इस बारे में कुछ भी साफ नहीं है।

घटना

शीशा तोड़कर बच्चों को निकाला गया

स्कूल जा रही वैन पलटी, बड़ा हादसा होने से बचा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के नकहा ग्राम पंचायत में मंगलवार सुबह बच्चों को स्कूल ले जा रही वैन खड्ड में पहिया निकलने से पलट गई। इससे वैन में सवार दर्जन भर बच्चों में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों ने शीशा तोड़कर वैन से बच्चों को बाहर निकाला। हालांकि किसी बच्चे को चोट नहीं लगी है। जनपद के नानपारा नगर के स्टेशन रोड पर रियान पब्लिक स्कूल का संचालन होता है। स्कूल में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों वैन द्वारा भेजा जाता है। मंगलवार सुबह विद्यालय की वैन संख्या यूपी 40 टी 4519 शिवपुर क्षेत्र के बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। वैन एक दर्जन से अधिक बच्चे सवार थे। वैन खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम नकहा के निकट पहुंची। तभी स्टेयरिंग का गुल्ला टूट गया। इसके बाद वैन का पहिया निकल गई। फिर वैन गड्ढे में जाकर पलट गई। वैन ऊपर से नीचे उठ गई। बच्चों के शोर की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़े। सभी ने शीशा तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वैन पलट गई थी, लेकिन कोई भी घायल नहीं हुआ है। बच्चों को दूसरे वाहन से स्कूल भेजवाया गया है।

हो सकता था बड़ा हादसा

वैन जिस तरह पलटी है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बड़ा हादसा हो सकता था। वैन पलटने के बाद ऊपर का हिस्सा नीचे और नीचे का ऊपर हो गया। साथ ही वैन में पानी भी भर गया। हालांकि ग्रामीणों की सजगता और कम स्पीड ने बड़े हादसे से बचा लिया।

कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न पर हुई कार्यशाला

किसी महिला कार्मिक का कार्यस्थल पर कोई उत्पीड़न करता है, तो वह अपने कार्यालय में शिकायत दर्ज करायें

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

महात्मा गांधी सभागार, विकास भवन, रायबरेली में न्यायालय में योजित रिटपीटिशन (सिविल) संख्या 1224/2017 में न्यायालय के आदेश के अनुपालन मे कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीडन निवारण (प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के अन्तर्गत गठित स्थानीय एवं आन्तरिक परिवाद समितियों के अध्यक्षों के प्रशिक्षण हेतु मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत शक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समस्त विभागों के कार्यालयाध्यक्ष एवं आन्तरिक कमेटी के अध्यक्ष/सदस्य उपस्थित रहे, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी पन्नालाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी द्वारा अपने विचार व्यक्त किये। स्थानीय कमेटी की अध्यक्ष अमिता खुबेले एवं सदस्या मीनू श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की चुप्पी तोड़े खुल के बोले सबला परिवार परामर्श केन्द्र की मीनू त्यागी ने अपने उद्बोधन में कहा की महिलाओं को अपने हक की बात स्वयं बोलना चाहिए, साथ ही बताया की किसी महिला कार्मिक को कार्यस्थल पर कोई उत्पीड़न करता है, तो वह अपने कार्यालय में गठित आन्तरिक कमेटी में शिकायत दर्ज करायें अन्यथा की स्थिति में जनपद में गठित स्थानीय कमेटी को शिकायत दर्ज करा सकती है। अन्त में प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यशाला का समापन किया गया।

निवर्तमान कोतवाली प्रभारी को दी विदाई

बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

बीते 7 अप्रैल 2023 को बछरावां कोतवाली की कमान संभालने के पश्चात वर्तमान कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार राय की लोकप्रियता का सापेक्ष उदाहरण तब देखने को मिला जब निवर्तमान थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार राय का गैर जनपद स्थानांतरण होने के पश्चात उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया।

थाना क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारी नेता सौरभंडल शुक्ला, सुनील सागर, अंकित शुक्ला, प्रदीप पटेल, राजनीतिक क्षेत्र से पूर्व विधायक रामलाल अकेला, मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह वहीं शिक्षा के क्षेत्र से डॉक्टर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव भगवान कुमार अवस्थी क्षेत्र व समस्त ग्राम प्रधानों ने अपने शब्द सुमन के माध्यम से निवर्तमान कोतवाली प्रभारी को भावभीनी विदाई दी। और नवआगंतुक कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा का स्वागत कियाद्य अपने 8 महीने के कार्यकाल मे निवर्तमान कोतवाली प्रभारी ने अपने न्याय एवं अपने दायित्व के द्वारा थाना क्षेत्र के जन-जन के दिल में जो जगह बनाई, उस जगह को विदाई समारोह में उमड़ी भीड़ ने प्रदर्शित कर दिया थाना प्रांगण में आयोजित इस विदाई समारोह के मौके पर पत्रकार बंधु, थाने का समस्त स्टाफ एवं भारी संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहा।

वीरेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में लोकसभा प्रवास योजना की वर्चुअल बैठक संपन्न

लालगंज, रायबरेली। लोकसभा प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में लोकसभा प्रवास योजना की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता लोकसभा प्रवास योजना के प्रदेश प्रभारी,प्रदेश महामंत्री,प्रभारी काशी क्षेत्र अमर पाल मौर्य रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में वोटर चेतना अभियान में लगे कार्यकर्ताओं की सराहना की और अपेक्षा करते हुए कहा कि आगामी वोटर चेतना अभियान में भूलवश छूट गये मतदाताओं को मतदाता सूची में जरूर शामिल करें। साथ ही चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी बढ़ाने एवं प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री योगी की योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को अधिक से अधिक प्राप्त हो।

सीएमपीएस में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित

अभिभावकों ने बच्चों के स्कूल से जुड़ी गतिविधियों के बारे में प्राप्त की जानकारी

लालगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इन्टर कॉलेज लालगंज में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित हुई। इसमें अभिभावकों ने बच्चों के स्कूल से जुड़ी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया। पहले चरण में हाई स्कूल के विद्यार्थियो के अभिभावकों को बुलाया गया। आयोजित बैठक में लगभग 200 अभिभावकों ने भाग लिया। अभिभावकों से बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियो को तनाव मुक्त रखने एवं अच्छी तैयारियों के लिए प्रेरित करने के लिए संवाद हुआ। साथ ही विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति स्कूल में सुनिश्चित करने पर बात हुई। कमजोर विद्यार्थियों के अभिभावकों से अलग से गहन चर्चा की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों और अभिभावकों के बीच समन्वय होना बहुत जरूरी है। दोनों की मेहनत और सामंजस्य से ही बच्चे सफलता प्राप्त करते हैं अभिभावक केवल अपने बच्चे का विद्यालय में प्रवेश कराकर अपने दायित्व की इतिश्री न समझे बल्कि अपने बच्चे की हर गतिविधि पर नजर रखते हुए उन्हें पर्याप्त समय दे। शुक्ला ने बताया कि हाई स्कूल के विद्यार्थियों के बाद इन्टरमीडियट के विद्यार्थियों के अभिभावकों से भी बैठक की जाएगी। आए हुए अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण प्रक्रिया, अध्यापकों की ब्यवहार कुशलता व विद्यार्थियों के ब्यक्ततित्व विकास के लिये किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

22-23 दिसम्बर को होगा मिलेट्स रेसीपी विकास एवं जागरूकता कार्यक्रम

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने इस संबंध में सभी विभागों को दिए निर्देश

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत 22 व 23 दिसम्बर 2023 को पूर्वाहन 10 बजे, राजकीय इंटर कॉलेज मैदान रायबरेली में मिलेट रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने विभाग से संबंधित क्रियाकलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों को दी जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु मिलेट्स/पौष्टिक अनाज के उपभोग के प्रति जागरूक किया जाना है, जिसमें समस्त विभागों के प्रगतिशील कृषकों की भागीदारी तथा जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जानी है। अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर मिलेट्स से संबंधित उत्पाद का अधिक से अधिक स्टॉल कार्यक्क्रम में लगवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

सीवरेज योजना फेज-3 के अंतर्गत डीएम ने किया निरीक्षण

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सीवरेज योजना फेज-3 के अंतर्गत नेहरू नगर क्रासिंग,इन्दिरा नगर पुलिस चौकी से जल निगम कार्यालय होते हुये पुलिस लाइन चौराहे तक निर्मित बिटुमिनस सड़क का निरीक्षण किया।अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि सीवर लाइन बिछाने के उपरान्त सड़क की पुर्नस्थापना का कार्य रायबरेली सीवरेज योजना फेज-3 के ठेकेदार फर्म मेसर्स केके स्पन इण्डिया लि0, फरीदाबाद (हरियाणा) के माध्यम से सीवर लाइन की ट्रेंच की चौड़ाई में करायी गयी है तथा कुछ स्थानों पर ऊपरी सतह औसतन 0.5 मी0 से 1.00 मी0 की चौड़ाई में बिटुमिनस सरफेस पेन्टिंग का कार्य कराया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यों की गुणता की जाँच प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण कराई गयी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जेल रोड शहर की एक मुख्य सड़क है, इसके महत्व को देखते हुए इसके मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिस लाइन से पुलिस लाइन चौराहे होते हुये कानपुर रोड तक सड़क का निर्माण नगर पालिका परिषद, रायबरेली द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है, जिस पर सीवर लाइन के ट्रेंच में जीएसबी कर सड़क मोटरेबल अवस्था में कर दी गयी है। इंगित स्थल के निकट एक स्थान पर पाईप पेयजल योजना का लीकेज पाया गया, जिसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिये गये है।

खबरें एक नजर में

मृतक शिक्षा मित्र की पत्नी को सौंपा 61000 का चेक

महराजगंज, रायबरेली। 2 दिन पूर्व जमुलिया गांव में बच्चों को शिक्षा दे रहे शिक्षामित्र राकेश की मौत पर शिक्षामित्र संघ ब्लॉक अध्यक्ष मोहनलाल ने शिक्षामित्र से कुछ सहायता राशि इकठ्ठा करके चेक के रूप में मृतक शिक्षामित्र की पत्नी सुनीता को 61000 का चेक खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव के हाथों से सौंपा गया। वही इस कार्य की सराहना क्षेत्र सहित जिले में भी हो रही है। इस मौके पर शिक्षामित्र आशीष श्रीवास्तव संकटा प्रसाद सुप्रीम शुक्ला रेनू श्रीवास्तव रमेश चंद्र दीपक सिंह प्रदीप सरोज कुलदीप सिंह विकास पाठक जयंती तिवारी दिनेश त्यागी दिनेश सहित शिक्षा विभाग के लोग मौजूद रहे।

दहेज हत्या के आरोपियों को हुई सजा

रायबरेली। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों को ऑप्रेशन कनविक्शन के अंतर्गत मॉनिटरिंग सेल द्वारा थाना पर पंजीकृत अभियोग में प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप दोष सिद्ध पाए जाने पर थाना मिल एरिया पर पंजीकृत मुकदमा दहेज प्रतिषेध अधिनियम में दोष सिद्ध पाए जाने पर माननीय न्यायालय एएसजे/एफटीसी 2 द्वारा 18 दिसंबर को अभियुक्तगण रामसजीवन पुत्र राम आसरे ,देववती पत्नी राम आसरे ,राम अवध पुत्र राम आसरे, रामकरन पुत्र राम आसरे निवासी पुरे विक्रमा मजरे सिधौना थाना मलेरिया जनपद रायबरेली को 10 वर्ष के आश्रम करवा को 60000 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

सुरसेनी पहुंची जांच टीम, विकास कार्यो की परखी गुणवत्ता

उन्नाव। जिलास्तरीय जांच दल ने मंगलवार को बांगरमऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरसेनी पहुंचकर विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। जांच टीम को लेकर गांव तथा ब्लाक में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। ग्राम सुरसेनी निवासी इकबाल पुत्र मोहमद सफी तथा रफीक पुत्र अब्दुल मजीद द्वारा बीते दिनों विभिन्न विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई थी। शिकायतकर्ता के द्वारा की गई शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी ने जांच हेतु डीसी मनरेगा महेंद्र कुमार चौबे, शिवराम सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी व जेई एम आई सुनील कुमार की टीम गठित कर दी थी। मंगलवार को जांच टीम ग्राम सुरसेनी पहुंची। जहां टीम ने सामुदायिक शौचालय, इंटर लाकिंग मार्ग व नाली आदि विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जांच टीम द्वारा विकास कार्यों की गुणवत्ता से संबंधित रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। जांच के दौरान खासकर ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। जांच के समय खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र प्रताप, सुभाष गौतम व पंचमलाल आदि ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगा कैम्प

महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पंचायत महराजगंज द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू एवं नगर की अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा रही।

जिसमें पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 25 फॉर्म भरे गए पीएम विश्वकर्म योजना के बारे में जानकारी देते हुए नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा ने बताया कि यह लोन 3 से 5 लाख के बीच का है जिसमें लोहे का काम करने वाले सोने चांदी का काम करने वाले लकड़ी का काम करने वाले व्यापारियों के लिए बहुत ही अच्छी योजना है नगर पंचायत द्वारा या लोन व्यापारियों को दिया जा रहा है। वही पीएम सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 18 फॉर्म भराए गए जिसमें छोटे व्यापारी गुमटी ठेला रेडी के लिए 10 20 50000 तक का लोन नगर पंचायत द्वारा दिया जा रहा है वहीं जिन लोगों ने लोन लिया अदा कर दिया उन्हें अब 50 हजार और 20 हजार का लोन दिया जाना है और उनको नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा प्रमाण पत्र भी दिए गए प्रमाण पत्र 2 वर्ष पुराने लोगों को बांटा गया। कैंप का आयोजन जाकिर हुसैन नगर वार्ड नंबर 10 में किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू लिपिक यमुना प्रसाद आनंद सभासद नूरुल हसन मुस्ताक राइनी सभासद प्रतिनिधि अमित त्रिपाठी धर्मेंद्र वर्मा रामकुमार यादव जमुना पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अवैध मादक पदार्थ के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

शिवगढ़, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

अवैध मादक पदार्थ के बिक्री व तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत शिवगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल पुलिस के मुताबिक मंगलवार को मुखबिर खास की सूचना पर शिवगढ़ थाना क्षेत्र से अभियुक्त अंकित अवस्थी पुत्र स्वर्गीय भारती अवस्थी निवासी ग्राम कुसुंभी थाना अजगैन जनपद उन्नाव को 1200 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरिफ्तार कर अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए उसे जेल भेज दिया वहीं गिरफ्तार करने वाली शिवगढ़ पुलिस टीम में व. उप निरीक्षक महेश कुमार,आरक्षी अतुल सिंह,हिमांशु कुमार मौजूद रहे।

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

खीरों, रायबरेली। थाना क्षेत्र के गांव ठकुराइन खेड़ा मजरे सगुनी में 20 वर्षीय युवती ने दिन मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली , मृतिका के पिता की सूचना पर पहुंची खीरों थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया वही मौके पर मौजूद मृतिका के पिता और ग्राम प्रधान बच्चन लाल ने बताया कि युवती की दिमागी हालत ठीक न होने के कारण मगलवार की सुबह गांव से बाहर स्थित मटेहना तालाब पर लगे नीम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है जब इस बारे में खीरों थानाध्यक्ष देवेंद्र भदौरिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी गयी योजनाओं की जानकारी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को बांगरमऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत अटवा और भटौली पहुंची। जहां क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की लंबी फेहरिस्त पेश की। क्षेत्रीय विधायक कटियार ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आयुष्मान, उज्जवला व प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाणपत्र वितरित कर उनसे संवाद किया। साथ ही आंगनवाड़ी बच्चों का अन्नप्रासन एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की। ग्राम पंचायत अटवा में विधायक श्री कटियार ने राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन व नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा हर घर जल योजना अन्तर्गत पानी की टंकी निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से शरीर को शुद्ध हवा

की जरूरत होती है, ठीक उसी प्रकार शरीर को शुद्ध पानी भी अति आवश्यक है। आज विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत पहला भूमि पूजन पानी की टंकी के लिए हुआ है। जिस प्रकार शहरी लोग टोटी वाला पानी पीते हैं, वैसा ही यहां के ग्रामीण भी टोटी से पानी पियेंगे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला उपाध्यक्ष महेश दीक्षित, जिला व्यवस्था प्रमुख गिरीश वर्मा व जयपाल पटेल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

कन्टेनर की टक्कर से वैन चालक की मौत

उन्नाव। समृद्धि न्यूज

घटना के बाद चालक कंटेनर छोड़कर भागा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जिला अस्पताल और वहां से कानपुर हैलट रेफर किया

उन्नाव-लालगंज हाइवे पर पचोड्डा गांव सामने कानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने स्कूल की वैन में टक्कर मार दी। हादसे में वैन चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद चालक कंटेनर छोडकर भाग निकला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अचलगंज थाना व कस्बा निवासी वीरेंद्र द्विवेदी (52) स्कूल की वैन चलाते थे। मंगलवार को दोपहर वह बच्चों को घर छोड़कर खाली वैन लेकर लौट रहे थे। उन्नाव-लालगंज हाइवे पर पचोड्डा गांव के पास कानपुर की ओर से आ रहे कंटेनर ने वैन में सामने से टक्कर मार दी। घटना में वैन चालक वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक मौके से भाग निकला। आसपास खेतों में काम रहे लोग दौड़े और वैन में फंसे वीरेंद्र को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस उन्हें अचलगंज सीएचसी लाई। हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन बेहाल हो गए। मृतक की पत्नी शैलजा की साल 2005 में मुंबई में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। एक बेटा आकाश और एक बेटी है। बेटा एआरटीओ कार्यालय में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर है। वीरेंद्र तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। बता दें कि इसी स्थान पर सोमवार शाम एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के जिला संवाददाता पचोड्डा निवासी रमेश चौधरी (50) को भी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे वह गंभीर घायल हो गए। उन्हें भी सीएचसी से जिला अस्पताल और वहां से कानपुर हैलट रेफर किया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी है। थानाध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि कंटेनर की टक्कर से वैन चालक की मौत हुई है। कंटेनर कब्जे में है, चालक फरार है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

रंगदारी न देने पर दबंग ने दुकानदार पर झोंका फायर

उन्नाव। समृद्धि न्यूज

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर तिराहे के पास बैटरी दुकानदार से रंगदारी न मिलने पर युवक ने उसपर फायर झोंक दिया। दुकानदार ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचायी। घटना के बाद आरोपी देख लेने की धमकी देते हुये वहां से भाग गया। इस दौरान पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

शहर के अस्पताल चौकी क्षेत्र निवासी भरत सिंह पुत्र स्व0 श्याम बिहारी की गांधी नगर तिराहे के पास बैटरी की दुकान है। रोज की तरह बीतीरात वह दुकान पर मौजूद ग्राहकों को बैटरी दिखा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय निवासी धर्मपाल उनकी दुकान पहुंचा और उसने रंगदारी की मांग की। दुकानदार ने जब रंगदारी देने से इनकार किया तो उसने जबरन दो हजार रुपए छीन लिये और असलहा से उनपर फायर झोंक दी। घटना के बाद भरत सिंह ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचायी। इसके बाद आरोपी धर्मपाल उन्हें पैसा ना देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़ित दुकानदार किसी तरह सदर कोतवाली पहुंचा और उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने सीसीटीवी में कैद हुई घटना की जांच की। इंस्पेक्टर कोतवाली प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

निर्देश | **डीएम बोली, महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाएं**

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

उन्नाव। समृद्धि न्यूज

कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के तहत भुगतान की स्थिति, नियमित टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण, मलेरिया उन्मूलन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, ओपीडी व आईपीडी की स्थिति, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम, वीएचएनडी सेशन पर आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम जनपद में दृढ़ता के साथ संचालित किये जायें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुँच सके। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्राथमिकता के आधार पर संस्थागत प्रसव पर विशेष जोर दिया। टीकाकरण को लेकर उन्होंने कहा कि कोई भी गर्भवती महिला एवं पात्र बच्चे नियमित टीकाकरण से वंचित न रहे। डीएम ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में इस योजना से आच्छादित परिवारों तथा लाभार्थियों की संख्या क्रमशः 405512 और 1737986 है। जनपद में अब तक मात्र 861264 (49.55 प्रतिशत) आयुष्मान कार्ड निर्गत हुए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और जनपद के शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब अन्त्योदय राशन कार्डधारक के अलावा एनएफएसए के अन्तर्गत ऐसे सभी पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारक परिवार भी पात्र होंगे, जिनके परिवार में 6 या इससे अधिक सदस्य मौजूद हैं।

इसके साथ ही 60 वर्ष के उपर के प्रत्येक व्यक्ति को भी इस योजना में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अब अलग से किसी आईडी की आवश्यकता नहीं है।

बल्कि कोई भी नागरिक अपने मोबाइल नम्बर के माध्यम से वेबसाइट पर जाकर आयुष्मान कार्ड बना सकता है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशनकार्ड और आधार से जुडा मोबाइल आवश्यक है।

इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी नरेन्द्र सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह सहित समस्त एसीएमओ, डिप्टीसीएमओ, प्रभारी चिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहे।

दिल के जोखिम

भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों के बारे में अक्सर कहा जाता रहा है कि वे दिल की बीमारियों की दृष्टि से ज्यादा संवेदनशील होते हैं। देश-विदेश में हुए हाल के अध्ययनों ने इस तथ्य की पुष्टि ही की है। पिछले दिनों आई एनसीआरबी की रिपोर्ट ने भी इस पर मोहर लगायी है। निस्संदेह, देश में कार्डियो वैस्कुलर डिजीज यानी सीवीडी अर्थात दिल से जुड़े रोगों से होने वाली जीवन क्षति एक गंभीर समस्या बनी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह आंकड़ा चिंता बढ़ाता है कि दुनिया भर में सीवीडी से होने वाली मौतों का पांचवां हिस्सा भारत से है। जो इस संकट की गंभीरता को दर्शाता है। कोरोना संकट के बाद भी देश में हृदयाघात से मरने वालों की संख्या में भी तेजी देखी गई है। वैश्विक रोगों के दबाव विषयक अध्ययन की रिपोर्ट इस संकट की हकीकत बयां कर देती है। जिसमें कहा गया कि वैश्विक स्तर पर जहां प्रति लाख जीवन क्षति का औसत 235 है, वहीं भारत में यह 272 है। दूसरी ओर एनसीआरबी आंकड़े इस संकट की तस्वीर उकेर देते हैं। जिसमें कहा गया है कि हृदयाघात से अचानक होने वाली जीवन क्षति का आंकड़ा जहां 2021 में साढ़े पचास हजार था, वह 2022 में बढ़कर साढ़े छप्पन हजार के करीब पहुंच गया। दरअसल, दिल से जुड़े रोग हमारी जीवनशैली में आए बदलावों की भी देन है। लगातार जटिल होती जीवन व कार्य परिस्थितियां व अराजक खानपान भी इस समस्या के मूल में है। हमारे जीवन में घटता शारीरिक श्रम व खानपान की गुणवत्ता में गिरावट भी समस्या बढ़ाती है। इस जटिल समस्या का एक सकारात्मक पक्ष भी है। चिकित्सा विशेषज्ञ बताते रहे हैं कि सजगता व कुछ प्रयासों से इस जीवन क्षति को टाला जा सकता है। जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन यानी सीपीआर की होती है। यदि समय रहते हृदय रोगी को सीपीआर जैसी प्राथमिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा दी जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। व्यक्ति की सांस रुके या दिल की धड़कनें बंद हो रही हों, तो यह तकनीक खासी लाभप्रद साबित हो सकती है। जरूरी नहीं है कि मरीज को इसको देने के लिये तुरंत अस्पताल ले जाना हो या किसी उपकरण की जरूरत पड़े। लेकिन विडंबना यह है कि बहुत कम लोगों को इसका प्रशिक्षण दिया गया है। भारत में इस संबंध में जागरूकता भी बेहद कम है। यद्यपि कुछ चिकित्सा व सामाजिक संगठन इस बाबत लगातार जागरूकता अभियान चलाते रहते हैं, लेकिन गांव-देहात में इसका दायरा बढ़ाने की जरूरत है। विकसित देशों में सार्वजनिक स्थलों पर ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर्स की सुविधा उपलब्ध होती है। जिसके लिये लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित किया जाता है। दरअसल, यह एक ऐसा उपकरण है जिसे लोग अपने साथ लेकर चल सकते हैं और सांसों को प्रवाह बाधित होने पर इलेक्ट्रिक शॉक के जरिये उसे नार्मल करने के प्रयास होते हैं। लेकिन इसके साथ ही हमें अपने खानपान, सहज व्यवहार और शारीरिक श्रम बढ़ाने पर ध्यान देना होगा।

मी लार्ड फैसला मिला है, पर न्याय नहीं मिला!

राजेंद्र शर्मा

न्याय नहीं मिलने का दूसरा पहलू, मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे दो केंद्र शासित क्षेत्रों में बांटने के निर्णय से संबंधित है। राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे टुकड़ों में बांटने का यह निर्णय, इसके बावजूद लिया गया था कि उस समय जम्मू-कश्मीर विधानसभा अस्तित्व ही नहीं थी जबकि संघीयता के तकाजों के आधार पर संविधान इसकी स्पष्ट व्यवस्था करता है कि संघ के हिस्से के रूप में किसी राज्य के दर्जे या उसकी सीमाओं में बदलाव के लिए, संघ का प्रस्ताव राष्ट्रपति द्वारा राज्य की राय हासिल करने के लिए उसे भेजा जाना आवश्यक है, भले राज्य की राय राष्ट्रपति के लिए बाध्यकर नहीं होती है। इस मामले में कपटपूर्वक इस मामले में राज्य की राय के स्थानापन्न के रूप में राज्यपाल की राय को रख दिया गया, जो निर्विवाद रूप से संघीय सरकार का एजेंट होता है। विचार करने का प्रश्न यह था कि क्या केंद्र को इसकी इजाजत दी जा सकती है कि, अपने ही एजेंट की राय को, राज्य की राय बनाकर, राज्यों के साथ अपनी मनमानी का रास्ता बना ले।

2019 के अगस्त में शुरू में जम्मू-कश्मीर के संबंध में केंद्र सरकार ने जो विवादास्पद कदम उठाए, उनकी कानूनी संवैधानिक वैधता पर उस समय संसद में तथा संसद के बाहर भी गंभीर सवाल उठे थे और उसी आधार पर इन कदमों को सुप्रीम कोर्ट में कई राजनीतिक तथा सामाजिक-नागरिक अधिकार संगठनों की ओर से चुनौती भी दी गई थी। बहरहाल, कानूनी वैधता पर विवाद के विपरीत, मोदी सरकार के उक्त कदमों के संबंध में एक बात निर्विवाद थी। ये कदम सत्ताधारी भाजपा और उससे भी बढ़कर उसके मातृ संगठन, आरएसएस के बुनियादी लक्ष्यों में से एक को पूरा करने वाले कदम थे। कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली, संविधान की धारा-370 को खत्म कराना, स्वतंत्रता की शुरूआत से ही आरएसएस के और उसके द्वारा खड़ी की गई राजनीतिक पार्टियों, पहले जनसंघ और आगे चलकर भाजपा के मूल एजेंडे पर रहा था। अगर सवा चार साल पहले, भाजपा की प्रबल बहुमत की सरकार ने, आरएसएस के इस पुराने एजेंडे को पूरा कर दिया था, तो अब सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने, मोदी सरकार के उक्त कदमों पर वैधता की मोहर लगाकर, आरएसएस के उक्त एजेंडे के पूरे किए जाने को, तथाकथित अमृतकाल के भारत की नियति बना दिया है।कहने की जरूरत नहीं है कि देश को बलपूर्वक इस दिशा में धकेले जाने की समस्या सिर्फ यह नहीं है कि यह दिशा आरएसएस के एजेंडे की है। समस्या यह है कि यह दिशा, इस देश के स्वतंत्रता संघर्ष की मूल दिशा से उल्टी है। स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है। आरएसएस के एजेंडे की मूल दिशा, जो जम्मू-कश्मीर की इस बहुसंख्यक आबादी के प्रति वैरभाव पर आधारित है, इस नाजुक रिश्ते को उधेड़ने का ही काम कर सकती है, फिर चाहे एक भूभाग के रूप में उसके कितने ही बड़े हिस्से पर बलपूर्वक नियंत्रण रखना क्यों न संभव हो। इसलिए, भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के बीच से निकली, स्वतंत्र भारत की मूल संकल्पना की परवाह करने वाला कोई व्यक्ति अगर बरबस, बाबरी मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बैंच के ही फैसले के बाद चलन में आई इस उक्ति को एक बार फिर दोहराए तो हैरानी की बात नहीं होगीकृमी लार्ड, फैसला मिला है, न्याय नहीं! न्याय नहीं मिलने के दो पहलू हैं, जो आगे चलकर आपस में जुड़ जाते हैं। पहला तो यही कि धारा-370 के निरस्त किए जाने को वैध ठहराते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उस विशिष्ट रिश्ते की ओर से आंखें ही मूंदे रखी हैं, जिसकी अभिव्यक्ति इस धारा की विशिष्ट व्यवस्था में हो रही थी। इसी का नतीजा सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस दावे के रूप में सामने आता है कि जम्मू-कश्मीर के भारतीय संघ के साथ विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, उसकी कोई श्आंतरिक संप्रभुताश् नहीं रह गई थी। और इसलिए, संप्रभुता के इकलौते आसन के रूप में भारतीय संघ को, अपने अंग के रूप में उसके लिए निर्णय लेने के समस्त अधिकार हैं, जिसमें धारा 370 को खत्म करना भी शामिल है।

लेकिन, संप्रभुता की यह नितांत एकात्मवादी अवधारणा है, जबकि भारतीय संविधान में स्थापित संघीय व्यवस्था, संप्रभुता की एक बहुपरतीय अवधारणा की मांग करती है, जहां स्वायत्तता के रूप में संप्रभुता के तत्व दूर तक बिखरे रहते हैं। राज्यों के अधिकारों की विस्तृत व्यवस्था पर आधारित भारतीय संघीय व्यवस्था, संप्रभुता के तत्वों के इसी बिखराव की अभिव्यक्ति है। धारा-371 के अंतर्गत उत्तर-पूर्व के अनेक राज्यों में तथा अन्य कई राज्यों में भी, संघीय शासन के बरक्स स्थानीय शासन को दिए गए विशेषाधिकार, इसी का एक और स्तर हैं। धारा-370 इसी के एक और स्तर को अभिव्यक्त करती थी, जिसमें इस रूप में इसकी अनुल्लंघनीयता की गारंटी भी जोड़ी गई थी कि इसका अनुमोदन करने वाली जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के अनुमोदन से ही, इसे बदला जा सकता था। यह एक पवित्र वादे की अभिव्यक्ति थी, जो भारतीय संघ की ओर से विलय के समय, जम्मू-कश्मीर की जनता से किया गया था। लेकिन, 2018 में राज्य में राज्यपाल राष्ट्रपति शासन लगाकर, विधानसभा के भंग किए जाने के जरिए, कपटपूर्वक इस वादे को तोड़े जाने का रास्ता तैयार किया गया, जिस पर अदालत ने इसलिए अनुमोदन की मोहर लगा दी है कि उसकी नजर में ऐसा करना उस संप्रभुता के दायरे में था, जिसका एकमात्र संघ में ही वास है।

संप्रभुता की इसी सीमित करने वाली अवधारणा का विस्तार कर, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में, पांच सदस्यीय संविधान पीठ इस मनमाने निष्कर्ष पर पहुंची कि संविधान की धारा, जम्मू-कश्मीर के भारत से पूर्ण-एकीकरण के लिए की गई एक अस्थायीव्यवस्था थी और इसलिए, उसका खत्म होना उसके अस्तित्व के उद्देश्य के ही पूरा होने का सूचक है। धारा 370 के खत्म किए जाने के लिए, इस धारा को ही दलील बनाए जाने से, ऊटपटांग चीज दूसरी नहीं हो सकती है।

विचार

क्राउड फंडिंग से कांग्रेस का बढ़ेगा जनाधार

डोनेट फॉर देश के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था। देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की जरूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है।

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस ने आर्थिक मदद के नाम से जनता से जुड़ने की अभिनव पहल की है। 28 दिसंबर को पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इससे पहले सोमवार को डिजिटल स्वरूप में आमजन से दान लेने की मुहिम की शुरुआत कर रहे हैं। डोनेट फॉर देश के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था। देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की जरूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है। दशक भर में उसने जैसा पैसा एकत्र किया है और उसका वह व्यय करती हुई दिख भी पड़ती है, उसके सामने किसी भी सामान्य दल का टिके रहना मुश्किल है। अब तक कांग्रेस उसका जिस प्रकार से भी मुकाबला कर रही है, वह अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही, लेकिन 2024 का आम चुनाव लोकतंत्र के लिहाज से जिस प्रकार महत्वपूर्ण हो गया है, उसके चलते सम्भव है कि कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। देखना यही होगा कि जनता कांग्रेस की दान की अपील को कैसा प्रतिसाद देती है। शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि डोनेट फॉर देश अभियान के अंतर्गत आमजन कांग्रेस को परम्परागत तरीकों के अलावा भुगतान के सभी डिजिटल माध्यमों के जरिये भी दान दे सकेंगे। इसके लिये एक अलग वेबसाइट भी बनाई गई है। कुछ ही दिनों में कार्यकर्ता घर-घर घूमकर चंदा एकत्र करेंगे। दान की न्यूनतम राशि 138 रुपये रखी गई है। यह सहयोग राशि उसके गुणा किये जाने वाली संख्या में अधिकतम कुछ भी हो सकती है, यानी 1380, 13800 और ऐसे ही आगे। यह राशि इसलिये चुनी गई है क्योंकि कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह धन संग्रह मुहिम करीब एक सौ साल पहले (1920-21) महात्मा गांधी द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिये चलाये गये श्तिलक स्वराज फंड्श् से अभिप्रेरित बतलाई गई है। कांग्रेस को इस तरह के चंदा अभियान की आवश्यकता इसलिये महसूस हुई क्योंकि पिछले कुछ समय से भाजपा ने जहां खुद को आर्थिक दृष्टि से बेहद मजबूत किया है वहीं उसने विरोधी दलों को मदद राशि मिलने के सारे रास्ते यथासम्भव बन्द कर दिये हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट बताती है कि इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये प्राप्त हुए करीब 9188 करोड़ रुपये में से 5272 करोड़ रुपए अकेली भाजपा को मिले। शेष लगभग 1780 करोड़ रुपए अन्य 7 राष्ट्रीय व 24 क्षेत्रीय दलों के पास पहुंचे। भारी-भरकम खर्चों से होने वाले चुनावी प्रचार अभियानों के माध्यम से भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को ही इतना खर्चीला कर दिया है कि किसी भी दल का उसके साथ मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया है। सत्ता हाथ में होने के कारण और उसकी आर्थिक नीतियों के चलते वह उद्योगपतियों व कारोबारियों की पसंदीदा पार्टी बन गई है। केन्द्र की सरकार उसकी अपनी होने के कारण देश के भीतर जहां उसके दफ्तरों के सामने चंदा देने वालों की कतारें लगती हैं, अन्य दलों द्वारा प्राप्त होने वाले धन पर उसकी वक्र दृष्टि होती है। उसके पास उपलब्ध केन्द्रीय जांच एजेंसियों का वह खुलकर उपयोग विपक्षी दलों व नेताओं के खिलाफ करती है। जिन पूंजीपतियों को उसने अपनी नीति से फायदा पहुंचाया है, उसके फलस्वरूप उसके पास पैसे की किल्लत होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह चर्चा भी आम है कि नोटबन्दी की बहती गंगा में भाजपा ने अपने हाथ धोये हैं। पूरे भारत में उसके आलीशान कार्यालय, भव्य रोड शो, खूब खर्चीली प्रचार सभाएं साफ बतलाती हैं कि वह देश ही नहीं सम्भवतरू दुनिया की सबसे अमीर पार्टी है। जाहिर है कि ऐसी मालामाल पार्टी के साथ मुकाबला बेहद कठिन है। इसके साथ ही अगले लोकसभा चुनाव का जैसा महत्व है, कांग्रेस के समक्ष लोगों से मदद मांगने के अलावा कोई चारा नहीं रह गया है। इसके माध्यम से पार्टी न केवल अपने खर्च का बंदोबस्त करेगी वरन लोगों से उसका व्यापक जुड़ाव हो सकेगा। उसे वे लोग मदद करेंगे जो कांग्रेस की विचारधारा से इत्तेफाक रखते हैं। बड़ी तादाद में ऐसे नागरिक हैं जो चाहते हैं कि कांग्रेस मजबूत हो लेकिन वे उसकी मदद नहीं कर पाते। ये सामान्यजन होते हैं जो अल्प राशि ही देने में सक्षम हैं। वे निश्चित ही आगे आयेंगे। इससे कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योगदान का चर्चा आम हो सकेगा जिसका उसे चुनावी लाभ भी मिलेगा।

राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा-ज्ञान की भूमिका

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया हैस वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप हैस यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया हैस जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगीस मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा हैस शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती हैस शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है। शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंस शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैस वस्तुत: पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैस पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया हैस यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया हैस शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया हैस हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है। दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है स राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय हैस भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है।

राशिफल

मेषः- काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

बृषभः- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

मिथुनः- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

ककर्ः- नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

सिंहः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही कतई न करें।

कन्याः- जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

तुलाः- भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

वृश्चिकः- रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

धनुः- अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

मकरः- बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतरू इसे सुधारें।

कुंभः- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

मीनः- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।

कांग्रेस प. बंगाल में कर सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन

सात्यकी चक्रवर्ती

यह सीट अब भाजपा के पास है। कांग्रेस कम से कम छह सीटों की तलाश में है। लेकिन टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की सीटों में और बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस असम में टीएमसी को एक सीट और मेघालय में एक सीट पर सहमत होगी। ध्यान रहे कि असम में 14 लोकसभा सीटें और मेघालय को दो लोकसभा सीटें हैं। टीएमसी उत्तर बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र और टीएमसी के लिए सबसे कमजोर क्षेत्र है। दक्षिण बंगाल के जिलों में अब टीएमसी का दबदबा कायम है जहां भाजपा को हराने के लिए पार्टी को वस्तुतरू किसी समर्थन की जरूरत नहीं है। लेकिन उत्तर बंगाल के जिलों में 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा की ताकत में थोड़ी गिरावट आई है। फिर भी यह अच्छी संख्या में सीटें पाने के लिए पर्याप्त है।

19 दिसंबर को नई दिल्ली में भारत के घटक दलों की बैठक की पूर्व संध्या पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों से उपलब्ध सभी संकेत बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान बंगाल में भाजपा से मुकाबले के लिए संयुक्त रूप से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन बनाने की इच्छुक है।

इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस-टीएमसी गठबंधन आकार लेता है तो कांग्रेस को राज्य स्तर पर सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ अपना गठबंधन खत्म करना होगा। अब तक कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी से लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में उनके शासन की आलोचना करने में सबसे मुखर रहे हैं। वह इस स्थिति पर कायम रहे हैं कि राज्य कांग्रेस सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ गठबंधन में भाजपा और टीएमसी दोनों से एक साथ लड़ेगी। वर्तमान लोकसभा में, कांग्रेस के पास दो, भाजपा के पास 17 और टीएमसी के पास 23 सीटें हैं। 1964 में अपने गठन के बाद पहली बार सीपीआई (एम) के पास बंगाल से लोकसभा में कोई सीट नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा को 18 सीटें मिलीं, लेकिन आसनसोल में बाद में हुए चुनावों में, टीएमसी ने भाजपा को हरा दिया और इसलिए भाजपा की ताकत घटकर 17 हो गई। इसके अलावा 2019 के एक और भाजपा विजेता अर्जुन सिंह ने भाजपा छोड़ दी और तृणमूल में शामिल हो गये, हालांकि आधिकारिक तौर पर वह अभी भी भाजपा के लोकसभा सदस्य माने जाते हैं। वहीं, बंगाल विधानसभा में भाजपा के विपक्षी नेता शुभेन्दु अधिकारी के पिता और काठी लोकसभा सांसद सिसिर अधिकारी ने टीएमसी से नाता तोड़ लिया है तथा वह अब अपने बेटे का समर्थन कर रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से पिछले पांच वर्षों में बंगाल के चुनावी परिदृश्य में टीएमसी के पक्ष में काफी बदलाव आया है। 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजों से पता चला कि टीएमसी दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में भाजपा से अपना खोया हुआ आधार वापस पाने में सफल रही है, लेकिन उत्तर बंगाल में भाजपा का प्रभाव अभी भी बना हुआ है। टीएमसी ने खुद अपना सर्वेक्षण किया है और उससे पता चला कि उत्तर बंगाल की छह लोकसभा सीटों पर जहां 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी, वहां टीएमसी अपने दम पर उन्हें हराने की स्थिति में नहीं है, लेकिन अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो छह में से कम से कम पांच सीटों पर भाजपा को हार मिल सकती है। सच तो यह है कि कांग्रेस अपने दम पर कोई भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है, लेकिन उत्तर बंगाल की कुछ सीटों पर उसका वोट आधार 5 फीसदी से 12 फीसदी के बीच होने से टीएमसी-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिल सकती है। जहां तक कांग्रेस आलाकमान का सवाल है तो सूत्रों का कहना है कि उसका अपना आकलन कथित तौर पर दिखाता है कि कांग्रेस और सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा का गठबंधन एक साथ टीएमसी से लड़कर भाजपा को हराने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस के अध्ययन में हाल के चुनावों में सीपीआई (एम) के वोट शेयर का विश्लेषण किया गया है। इसका आकलन बताया गया है कि अगर टीएमसी और सीपीआई (एम) के बीच कोई विकल्प चुनना है, तो 2024 के लोकसभा चुनावों में सीटों की बढ़ोतरी निश्चित करने के लिए टीएमसी के साथ गठबंधन कांग्रेस के लिए वांछनीय है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 4 दिसंबर को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ अपनी बातचीत में विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों को बंगाल में संयुक्त रूप से लड़ने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, जिस पर वह सहमत हुई और उन्हें जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के लिए कहा। दोनों ने 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, टीएमसी ने चर्चा के पहले चरण में कांग्रेस को तीन सीटों की पेशकश की है, दो वर्तमान सीटें बरहामपुर और मालदह दक्षिण भी शामिल है। इसके अलावा खबर है कि टीएमसी ने कांग्रेस को रायगंज सीट की पेशकश की है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एबीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***

(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,

संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627

क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का एमएलसी ने किया शुभारंभ

चरखारी,महोबा, समृद्धि न्यूज

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चरखारी महोबा में द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद गोस्वामी ने की. एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा उपस्थित रही। स्वागत गीत अफसा फातिमा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस समारोह के प्रथम दिन की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा झण्डा रोहण, छात्र- छात्राओं द्वारा मार्चपास्ट तत्पश्चात पूर्व चैम्पियन वर्षा कुमारी एम. ए. फाइनल. , एवं कमलेश बी ए. तृतीय वर्ष द्वारा मशाल दौड़ से किया गया 7 आज सम्पन्न करायी गयी प्रतियोगिताओं के परिणाम निम्नवत् रहे - 1- 100 मी. दौड छात्र वर्ग- कमलेश- प्रथम, कृष्णकांत - द्वितीय, सौरभ कुमार - तृतीय तथा छात्रा वर्ग- प्रथम - सेजल यादव , द्वितीय- प्रतिज्ञा पाल तृतीय- वैष्णवी रही।

2- 200 मी. दौड़ में सेजल यादव प्रथम, प्रतिज्ञा पाल द्वितीय , कविता तृतीय रही एवं कमलेश, कालीचरण, कृष्णकांत, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे 3 - 400 मी. दौड़ छात्र वर्ग - कमलेश कृष्णकांत एवं सौरभ कुमार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे, छात्रा वर्ग में प्रतिज्ञा पाल सेजल यादव चेतना क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रही। 4- 800 मी. दौड़ - कमलेश, विकास, कमल घोष , प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय रहे। 5- डिस्कस (तवा फैंक) छात्र वर्ग - मनीष कुमार ,राज सिंह ,रोहित, प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय रहे ,छात्रा वर्ग- आरती ,वैष्णवी ,अर्चना , क्रमशः प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय रही 6- भाला फेक , छात्र वर्ग - सुनील राजा बाबू रोहित प्रथम , द्वितीय, तृतीय रहे, - शॉटपुट प्रक्षेपण- छात्र वर्ग - राजसिंह, सौरभ,रोहित क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय रहे, छात्रा वर्ग - सेजल यादव मैजिनी अस्मिता- प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रही! 8- छात्रा वर्ग- क्रिकेट बॉल प्रक्षेपण में आरती , विनीता मैजिनी- प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रही 7 19 दिसंबर से 20 दिसंबर 2023 तक चलने वाले इस वार्षिक क्रीड़ा समारोह में प्रथम दिवस 19 दिसंबर को लंबी कूद ऊंची कूद उछल कदम कूद आदि विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित हुई। महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं ने काफी संख्या में इस वार्षिक क्रीड़ा समारोह में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए प्राचार्य प्रो. आनंद गोस्वामी ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन का अनिवार्य हिस्सा है. योग और खेल मनुष्य के शरीर को फिट रखने के सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं. उन्होंने खेल की उद्घोषणा करते हुए कहा कि खेल के नियमों का पालन करते हुए खेलना ही उत्कृष्ट खेल है।

इस अवसर मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य पर छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी ध्यान देने और नियमित अभ्यास करने पर जोर दिया और बताया कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के अनुसार अपने लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए एमएलसी ने कहा कि छात्र छात्राओं को जीवन में क्या बनना है इसकी परिकल्पना स्पष्ट कर लेनी चाहिए।

कस्तूरबा व नवोदय में भरे गये खाद्य पदार्थों के सैंपल

टीम ने तीनों स्थानों से पांच नमूने भरकर जांच के लिए भेजा

राठ, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

कस्बे के कस्तूरबा गांधी विद्यालय, नवोदय विद्यालय और कुम्हरिया गांव स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में खाद्य विभाग की टीम ने पहुंच कर बच्चों को मिलने वाले भोजन सामग्री के सैंपल भरे। टीम ने तीनों स्थानों से पांच नमूने भरकर जांच के लिए भेज दिए है।

गौरतलब है कि जवाहर नवोदय विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालयों में ठेकेदारों के द्वारा राशन की सप्लाई की जाती है। उस राशन को रसोईयों द्वारा बनाकर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को खिलाया जाता है। मंगलवार को तहसीलदार प्रमित सचान की अगुवाई में सहायक आयुक्त खाद्य रामऔतार यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके निरंजन, रामसूरत यादव की टीम ने सबसे पहले राठ के कस्तूरबा गांधी विद्यालय पहुंच कर सरसों का तेल और चावल का नमूना भरा। इसके बाद टीम नवोदय विद्यालय पहुंची जहां पर जीरा का सैंपल भरा। टीम ने कुम्हरिया गांव स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय पहुंच कर राजमा और बेसन का नमूना भरा। रामऔतार यादव ने बताया कि लिए गए खाद्य पदार्थो के सैंपल जांच के लिए भेजे जायेंगे। बता दें कि कस्तूरबा विद्यालयों में मेसर्स समीर एजेंसी समीर अंजुम चौरादेवी हमीरपुर और नवोदय विद्यालय में कुमकुम प्रोविजन संतोष साहू महोबा द्वारा की जाती है।

छह ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज विवाहिता की मौत

मौदहा,हमीरपुर। विवाह के बाद ससुरालीजनों पर दहेज मांगने सहित अन्य तरीकों से विवाहिता को परेशान करने और इलाज नहीं कराने को लेकर पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। जबकि इसी बीच विवाहिता की मौत की सूचना भी मिल रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी ताज मोहम्मद पुत्र उस्मान अली ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने पिछले साल जून में अपनी पुत्री शहाना की शादी कम्हरिया निवासी शफीक पुत्र बुद्धू के साथ की थी और अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और अक्सर उनकी पुत्री को कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित करते थे।

जिला एकीकरण समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

महोबा, समृद्धि न्यूज।

शासन के निर्देशों के क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की त्रैमासिक बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सामजिक सौहार्द एवं बंधुता बढ़ाने एवं राष्ट्र की गरिमा को समृद्ध करने के लिए सभी वर्गों के द्वारा मिलजुलकर प्रयास किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बढाने तथा सभी धर्म के लोगों को मिलजुलकर देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने सभी का आभार जताया। साथ ही सर्वधर्म पर

विचार रखे। बैठक का संचालन जिला विकास अधिकारी पंकज यादव ने किया। इस मौके पर समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, शरद तिवारी दाऊ, रामजी गुप्ता, डा. ज्ञानेश अवस्थी, नईम अंसारी, अल्ताफ हुसैन, नेहा चंसौरिया उपस्थित रहे।

कला प्रदर्शनी का एमएलसी ने किया उद्घाटन

चरखारी, महोबा। डायट संस्थान चरखारी द्वारा आयोजित कला संस्कृति एवं नवाचार महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, एवं विशिष्ठ अतिथि प्रदीप कुमार उप जिलाधिकारी चरखारी द्वारा कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया दो दिवसीय कला संस्कृति एवं नवाचार महोसव, प्रदर्शनी का आयोजन डायट प्राचार्य संतोष कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें माध्यमिक विद्यालय एवं परिषदीय विद्यालयों के 53 शिक्षको ने प्रतिभाग किया और 350 प्रशिक्षुओं ने अपनी कला कृति, क्राफ्ट,म्यूरल्स, टीएलएम, मूर्ति, क्लेमॉडलिंग, कोलाज, दिव्या श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार एवं प्रतिभागी शिक्षक और भारी संख्या में प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही, कला प्रदर्शनी का अवलोकन 20 दिसम्बर को सांय 4 बजे तक किया जाएगा।

महिला अधिकारी के इशारे पर प्रोफेसर पति की कर दी पिटाई

हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

- पति ने पढ़ा लिखवाकर पत्नी को बनवाया अधिकारी, अफसर बनते ही बदले रंग

विकास भवन में महिला अधिकारी के कर्मचारी मित्र को साथ देख प्रोफेसर पति ने गंभीर आरोप लगाने शुरू कर हंगामा काट दिया। इस पर विकास भवन के गेट पर महिला ने पुरुष मित्र के जरिए पति को पिटवा दिया। इस मामले में कोतवाली में दोनों पक्ष पहुंचे। कोतवाली में काफी देर तक बातचीत के बाद प्रोफेसर पति खुद निपटने की बात कह चला गया। प्रोफेसर पति ने अपनी पत्नी को पढ़ा लिखाकर नौकरी दिलाई। महिला की अधिकारी की तैनाती सुमेरपुर ब्लाक में है। उसकी मित्रता वहीं के एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से है। महिला अधिकारी की मित्रता से प्रोफेसर पति खिन्न चल रहा था। महिला अधिकारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ विकास भवन अपने आफिस आई थी। इसी बीच प्रोफेसर अपनी मां को लेकर जैसे ही विकास भवन पहुंचा तभी गेट के पास उनकी मुलाकात हो गई।

पति के हंगामा कर गंभीर आरोप लगाने से नाराज महिला अधिकारी के इशारे पर कर्मचारी मित्र ने उसकी पिटाई कर दी। कोतवाली में पहले तो पति ने मामले की शिकायत की तो पुलिस ने पिटाई करने वाले कर्मचारी को हिरासत में ले लिया, लेकिन तहरीर न देने पर उसे छोड़ दिया।

कोहरे में सावधानी से चलाएं वाहन नहीं तो होगी दुर्घटना

राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।

सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर ब्रह्मानंद महाविद्यालय में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें कोतवाली के एसआई मनोज कुमार पांडे ने यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा किए गए प्रश्नों का उन्होंने उत्तर दिया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.जितेंद्र सिंह ने सड़क सुरक्षा विषय पर अपने विचार रखे। उन्होने कहा कि कोहरे में सावधानी एवं धैर्य पूर्वक वाहन चलाना चाहिए। जिससे कोई दुर्घटना न हो। कहा कि धीरे चलेंगे तो मिलते रहेंगे नहीं तो प्रयागराज में मिलेंगे। डॉ.कमलेश राजपूत ने सड़क के संकेतकों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। डॉ. आरबी शर्मा ने बताया कि दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनकर चलाने, दाई ओर से वाहन को पार करने एवं वाहन को मोड़ते समय 50 मीटर पहले से इंडिकेटर देकर मोड़ना चाहिए। जिससे कि पीछे आ रहे वाहन को निर्देश प्राप्त हो सके। सेमिनार में डॉ.दुर्गेश कुमार, डॉ.नरेश कुमार सिंह, डॉ.कमलेश राम ने अपने विचार रखें। सभी छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की।

- ब्रह्मानंद महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर सेमिनार

महाविद्यालय के प्रो.हल्के प्रसाद ने सभी छात्र छात्राओं से धीमी गति से वाहन चलाने एवं सुरक्षित चलने की अपील की। प्राचार्य डा.सुरेंद्र सिंह ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। इस मौके पर शिल्पा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन राम प्रकाश ने किया।

खबरें एक नजर में

संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की हुई चेकिंग

सड़क पर गश्त करते पुलिस अधिकारी।

महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ पैदल गश्त किया। उन्होंने आमजन व व्यापारियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उनके पर्यवेक्षण में जिले के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी ने भी क्षेत्रों के प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए निर्देश दिए। आमजन को आश्वस्त कराया गया कि पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

सुमेरपुर। काकोरी समर के सूरमा बिस्मिल, अशफाक और रोशन के बलिदान दिवस अर्थात पुण्यतिथि पर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं कार्यक्रम में जिले और प्रदेश में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र और शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने कहा तीनों शूरवीर सही अर्थों में सरफरोश थे। जो लगभग 25-30 वर्ष की उम्र में स्वाधीनता संघर्ष की वेदी में आत्माहुति दे दी। बिस्मिल, अशफाक और रोशन सिंह का जन्म शाहजहांपुर में हुआ था। नौ अगस्त 1925 को लखनऊ के निकट काकोरी स्टेशन में दस क्रातिवीरों ने ट्रेन में राजनीतिक डकैती डाली। यह गोरी सत्ता को खुली चुनौती थी। जिसमें 40 शूरवीर पकड़े गए। गोरों ने न्याय का स्वांगकर तीनों क्रातिकारियों को फांसी पर लटका दिया था। कार्यक्रम में इन सपूतों को नमन कर जिले और प्रदेश में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र और शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अस्पतालों में आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे के किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी अस्पताल में आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं है। आग बुझाने के लिए सिलेण्डर दीवारों की शोभा बढ़ा रहे हैं उन्हें लगाने के बाद कभी चेक तक नहीं किया गया है कि यह किस तरह संचालित होते हैं। सुमेरपुर कस्बे के सरकारी अस्पताल में आग बुझाने के लिए सिलेण्डर मौजूद है यह काम करेंगे अथवा नहीं यह किसी को मालूम नहीं है। निजी अस्पतालों का कस्बे में बुरा हाल है। कुकुरमुत्ता की तरह गली-गली में खुले निजी अस्पतालों में शायद ही किसी के पास आग बुझाने के लिए कोई इंतजाम हो वर्ना सब कुछ रामभरोसे ही है। कस्बे के पैलानी मार्ग में खुले नर्सिंग होमों में इनकी बानगी देखी जा सकती है। इनके पास आग बुझाने लायक कुछ भी नहीं है अगर किसी तरह की अनहोनी हो जाए तो फायर ब्रिगेड के अलावा फौरी तौर पर कोई इंतजाम नहीं है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की ग्रामीणों को दी जानकारी

- ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी की थपथपाई पीठ

पनवाड़ी, महोबा समृद्धि न्यूज

पनवाड़ी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत लिधौरा खुर्द में मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत लिधौरा खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जिसके तहत ग्राम पंचायत में कई योजनाओं के कैंप लगाकर भारत सरकार की समस्त योजनाओं के बारे में ग्राम वासियों को विस्तृत जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव अमित नैगी के द्वारा ग्राम पंचायत में वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, पनवाड़ी ब्लाक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश

अनुरागी के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि प्रत्येक ग्रामीणों को आवास एवं सम्मान निधि, वृद्धा पेंशन ,हर घर जल योजना के तहत योजनाओं के बारे में जानकारी दी और लाभार्थियों से पूछा गया कि आप लोगों को मोदी सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का सम्मान निधि प्राप्त हो रही है, लाभार्थियों ने भी संतोषजन उत्तर दिया कि हमें बराबर सम्मान निधि प्राप्त हो रही है । मोदी सरकार की योजनाओं से हमें बहुत लाभ प्राप्त हो रहा है। वही सम्मान निधि प्रशस्ति पत्र भी किसानों को प्रमुख सचिव एवं ब्लाक प्रमुख के द्वारा प्रदान किये गए , तथा प्रमुख सचिव एवं ब्लाक प्रमुख अंजना प्रकाश अनुरागी के द्वारा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। इस मौके पर सीडीओ चित्रसेन सिंह खंड विकास अधिकारी पनवाड़ी संतराम बीएसए अजय कुमार मिश्रा , तहसीलदार दिवाकर मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे,डॉ मंगल सिंह महान श्री प्रकाश मिश्रा, नीरज द्विवेदी, आदि कार्यकर्ता चौपाल में मौजूद रहे, वहीं विकासखंड के समस्त कर्मचारी ग्रामीण एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थिति रहे।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय तुर्रा मुहार की छात्राओं में शिवानी महक पलक मालती साक्षी काजल आदि छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोर पक्षी कलाकृति दिखाकर सभी का मन मोह लिया छात्राओं की इस कला से प्रसन्न होकर ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ने पुरस्कार भी दिया।

कोयला भट्ठियों का निरीक्षण कर टीम ने लकड़ी को किया चेक

सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

वन क्षेत्राधिकारी द्वारा गठित टीम ने मंगलवार को बिरखेरा में संचालित कोयला भट्ठियों का औचक निरीक्षण किया। रेंजर को फिलहाल कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। मंगलवार को प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देश पर वन क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिंह ने टीम गठित करके क्षेत्र में संचालित हो रही कोयला भट्ठियों का औचक निरीक्षण कराया। टीम ने क्षेत्र के गांव बिरखेरा में छापा मारकर कोयला भट्ठियों का निरीक्षण किया। टीम को यहां पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। टीम ने बताया कि रेंजर के निर्देश पर प्रतिबंधित लकड़ी को चेक करना था लेकिन यहां पर जलाऊ लकड़ी के अलावा कुछ भी नहीं मिला है। टीम में वनदरोगा रामलखन यादव, जितेंद्र प्रताप सिंह, वनरक्षक शनि आदि कर्मी शामिल रहे।

डीएम-एसएसपी ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

इटावा। समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के तत्वाधान में जिला राइफल क्लब द्वारा आयोजित 11वीं अंतर जनपदीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया।

डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी द्वारा वहां पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को खेल के बारे में बताकर जागरूक किया ।उन्होंने कहा कि मेहनत का फल अच्छा होता है, किसी भी प्रतियोगिता में आप मेहनत करके अच्छे से अच्छे मेडल प्राप्त कर सकते हैं, इससे अपने देश का नाम रोशन होता है। उन्होंने कहा कि इस

राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डीएम, एसएसपी समृद्धि न्यूज

प्रतियोगिता में मेडल जीतकर अपने माता-पिता का ही नहीं वल्कि प्रदेश का भी नाम रोशन होता है। उन्होंने कहा कि जो भी छात्र-छात्राओं के अंदर उत्तेजना होती है वही आगे नेशनल चैंपियन की ओर बढ़ सकता है , साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि पढ़ाई के साथ-साथ हमें प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग करना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्दी में लोग बहुत ही अच्छा कार्य कर सकते हैं। उन्होंने चैंपियन शूटिंग, ओलंपिक खेल जैसे कई प्रतियोगिता के बारे में बच्चों को जागरूक किया। उक्त अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, 28 वाहिनी पीएसी कमांडेंट अनीश सिसोदिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी में अखिल भारतीय मुशायरा 23 को, डीएम करेंगे शुभारंभ

इटावा। समृद्धि न्यूज

इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी पंडाल में अखिल भारतीय मुशायरे का शानदार आयोजन 23 दिसम्बर दिन शनिवार को रात्रि 7 बजे से किया जाएगा। मुशायरे का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अवनीश राय शमा रोशन करके करेंगे।

अखिल भारतीय मुशायरे के संयोजक एवं सदस्य प्रदर्शनी समिति सईद नक़वी व सह संयोजक प्रधानाचार्य इस्लामियां कालेज गुफरान अहमद ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मुशायरे की अध्यक्षता मशहूर शायर नवाज़ देवबन्दी करेंगे और संचालन का दायित्व मशहूर शायर हिलाल बदायूंनी निभाएंगे। अखिल भारतीय मुशायरे में देश के नामचीन शायरों को आमंत्रित किया गया है जिसमे मंजर भोपाली, ताहिर फ़राज़, जौहर कानपुरी, मासूम गाजियाबादी, अल्तमश अब्बास, विजय तिवारी, जीरो बान्दवी, मुनव्वर जाफ़री पपलू, नायाब बलयाबी, अना देहलवी अपनी शायरी के जलवे दिखाएंगी। इसके अलावा स्वागत कमेटी में शामिल दानिश मिर्जा, इफ्तिखार मिर्जा, वैभव यादव अतिथियों व शायरों का स्वागत करेंगे। संयोजक एवं सदस्य प्रदर्शनी समिति सईद नक़वी व सह संयोजक प्रधानाचार्य इस्लामियां कालेज गुफरान अहमद ने जनता से मुशायरे में शिरकत कर कामयाब बनाने की अपील की है।

जल्द कराएं फसल बीमा अंतिम तिथि 31 दिसंबर

हमीरपुर। रबी फसलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

इस समयावधि में किसान गेहूं, आलू, चना, सरसों आदि फसलों का बीमा करा सकेंगे। जिला कृषि अधिकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सभी दैवीय आपदा बाढ़, सूखा, असफल बोआई को ग्राम पंचायत स्तर पर कवर किया गया है।

इसके साथ ही खड़ी फसलें ओलावृष्टि, जलभराव, भूस्खलन, बादल फटने, बिजली गिरने से क्षति और फसल कटाई के बाद दैवी आपदा होने पर नुकसान की स्थिति को व्यक्तिगत स्तर पर कवर किया गया है।

न्यायालय के आदेश पर छह पर लिखा मुकदमा

- महोबा शहर में सामने आया धोखाधड़ी का मामला

महोबा। समृद्धि न्यूज

दबंगों ने एक युवक से जमीन बेंचने के नाम पर आठ लाख रुपए ले लिए और इसके बाद जमीन दूसरे के नाम पर कर दी। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ धारा 147, 406, 504 व 506 के तहत मामला दर्ज किया है। महोबा शहर के ही मलकपुरा निवासी राकेश कुमार तिवारी ने न्यायालय में दायर किए वाद में बताया कि वह भूतपूर्व सैनिक है। उसके संबंध रमाशंकर निवसी सराफीपुरा से है। रमाशंकर ने मौजा रहेलिया स्थित भूमि को दस लाख रुपए में नवंबर माह 2021 के अंतिम सप्ताह में उसको बेंचना तय किया था। यह भूमि खुमनिया पुत्र मतैया निवासी रहेलिया के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज थी। वह अनुसूचित जाति का था। रमाशंकर ने कहा कि जिलाधिकारी के यहां से विक्रय परमीशन प्राप्त करके उनके हक में बैनामा निष्पादित करा दूंगा। विक्रय परमीशन के लिए 25 नवंबर 2021 को जिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में उसके, खुमनियां, खुमनियां के परिवार वालों के शपथ पथ प्रस्तुत किए गए थे और राजस्व विभाग से आख्या प्रस्तुत की गई थी। इसके बाद राकेश कुमार तिवारी ने आठ लाख रुपए नकद रमाशंकर को गवाहान बतौर बयाना दे दिया। अच्छे संबंध होने के कारण 8 दिसंबर 2021 को रुपए प्राप्ति की रसीद ली थी। इसी दौरान खुमनिया की मौत हो गई और वरासतन भूमि उसके लड़कों व पत्नी के नाम दर्ज हो गई। रमाशंकर फिर भी कहता रहा कि वह बैनामा करा देगा। सभी ने कहा कि 30 अक्टूबर 2023 को उनके पक्ष में बैनामा करा देंगे। राकेश ने बताया कि उसकी तबीयत खराब हो गई और वह अपना इलाज कराने मुंबई चले गए। इसी दौरान रमाशंकर आदि ने धोखाधड़ी करके आठ लाख रुपया हड़पने की नियत से उसके साथी रामगोपाल अहिरवार निवासी गांधीनगर के हक में बेंचना तय किया और इकरारनामा 18 अप्रैल को पंजीकृत करा दिया। इलाज कराकर वह वापस आया तो इसकी जानकारी हुई।

प्रदर्शनी — प्रबन्धक ने किया अतिथियों का स्वागत

अन्तर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर लगी विज्ञान प्रदर्शनी

इटावा। समृद्धि न्यूज

भारतीय संविधान में धार्मिक एवं भाषायी अल्पसंख्यकों को भी अन्य नागरिकों की तरह अधिकार दिये गये हैं। जिसके तहत उन्हें अपने धर्म, भाषा, संस्कृति एवं शिक्षा के विकास एवं संरक्षण हेतु संस्थायें स्थापित करने एवं उन्हें प्रशासित करने का अधिकार है। भारतीय संविधान में धर्म जाति पंथ एवं लिंग आदि का भेद-भाव किये बिना सभी नागरिकों को समान अधिकार दिये गये हैं।

उपरोक्त विचार जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर मदरसा अरबिया कुरानिया आयोजित क्राफ्ट भाषा एवं विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत तथा उ.प्र. सरकार द्वारा धार्मिक अल्पसंख्यकों के रूप में मुस्लिम, सिक्ख, जैन, बौद्ध एवं इसाई धर्मावलम्बियों को मान्यता दी गयी है। उन्होंने भाषायी एवं धार्मिक अल्पसंख्यकों के भारत के नवनिर्माण में योगदान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां विभिन्न धर्मों, सम्प्रदायों, संस्कृतियों

क्राफ्ट भाषा एवं विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला अल्पसंख्यक अधिकारी।

एवं भाषाओं को फलने, फूलने और आगे बढ़ने का अधिकार संविधान में प्रदान किय गया है। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद से लेकर डॉ. अब्दुल कलाम तक मुसलमानों की इस देश के लिये कुर्बानियां जन-जन की ज़बान पर हैं, जिनको भुलाया नहीं जा सकेगा। क्राफ्ट, भाषा एवं विज्ञान प्रर्दशनी का उदघाटन मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया तथा छात्रों द्वारा बनाये गये मॉडलों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। मदरसे के प्रधानाचार्य तथा कार्यक्रम के संयोजक मौलाना तारिक़ श्म्सी ने कहा कि मुस्लिम समाज को इन संवैधानिक अधिकारों का लाभ लेकर अपने समाज की दशा और दिशा सुधारने की आवश्यकता है। आज मुसलमानों को दो तरह की शिक्षा की ज़रूरत है दुनियावी शिक्षा व दीनी शिक्षा। प्रदर्शनी में अतिथियों का स्वागत प्रबन्धक मदरसा मसूद फैसल तथा शिक्षकों ने किया। इमाम संगठन के ज़िलाध्यक्ष हाफिज़ मुहम्मद अहमद चिश्ती आदि सहित जनपद के मदरसा अध्यापक व उर्दू टीचर तथा विशिष्ट नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच तिलकचंद्र की सपा से मजबूत दावेदारी

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक हलकों में सर्द मौसम में गर्माहट दिखनी शुरू हो गयी है। समाजवादी पार्टी में भी लोकसभा चुनाव लड़ने वालों ने पार्टी हाईकमान के सामने अपनी दावेदारी करने में जुटे दिखायी दे रहे है। जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र से टिकट के दावेदारों ने सक्रियता बढ़ा दी है तो वहीं पार्टी ऐसे दावेदारों की तलाश में है जिसका राजनीतिक रसूख के साथ आर्थिक एवं सामाजिक रूप से भी मजबूत हो जिनका क्षेत्र में व्यापक जातिजन आधार के साथ-साथ वह सामाजिक एवं धार्मिक सरोकारों से जुड़कर आम जनमानस में खासकर हर वर्ग जाति के लोगों के बीच अपने मजबूत पैठ रखता हो जिसके नाम पर पार्टी के आम कार्यकर्ता एकमत हों।

वैसे तो जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है इस क्षेत्र में दलित समाज के मतदाताओं की बहुलता है। अनुसूचित जाति में सबसे अधिक चमार उसके बाद कोरी समाज के मतदाताओं का नंबर आता है कुछ अपवाद छोड़ दें तो जातीय जनाधार को देखते हुये राजनैतिक दल प्रत्याशी चुनते आये है हालांकि क्षेत्र में धोबी धानुक एवं अन्य जाति के मतदाताओं की संख्या उतनी नहीं है जो लोकसभा चुनाव जैसे बड़े चुनाव में अपनी जाति के दम पर जीत का समीकरण बैठ सके समाजवादी पार्टी से अब तक जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र से जिन दावेदारों के नाम अभी तक सामने आए हैं उनमें पूर्व एमएलसी एवं कद्दावर नेता तिलकचंद्र अहिरवार का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आया है। इसके बाद पूर्व मंत्री भगवती प्रसाद सागर, नारायण दास अहिरवार, महेश चंद्र शिरोमणि, महेंद्र कठेरिया, बलवीर कठेरिया, रघुवीर चौधरी और मनीला सिंह का नाम भी दावेदारों में शामिल है। हालांकि महेंद्र

- सपा में जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र से आठ दावेदारों के नाम आये सामने
- पार्टी के आम कार्यकर्ता भी मजबूत प्रत्याशी के बारे में एकमत

सपा के लोकसभा दावेदार तिलकचंद्र, नारायणदास, महेशचंद्र, भगवती सागर, महेंद्र कठेरिया

कठेरिया, मनीला सिंह के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में भी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के टिकट के लिए दावेदारी की गई थी उसके बाद पूर्व विधायक नारायण दास अहिरवार, महेशचंद्र शिरोमणि एवं महेंद्र कठेरिया के द्वारा दावेदारी की चर्चा कार्यकर्ताओं में देखी गई थी। अब लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ऐसे जनाधार वाले नेताओं की तलाश में है जो भाजपा के समीकरण को फेल करने के साथ ही उसकी वोट बैंक में भी सेंधमारी करने में सक्षम हों। जिसके साथ खुद की जाति का बड़ा जनाधार हो और जो सामाजिक सरोकारों से जुड़कर पार्टी की सेवा करता रहा हो। इसके बाद से ही सपा में लोकसभा चुनाव को लेकर तिलकचंद्र अहिरवार के नाम की चर्चा पार्टी के आम कार्यकर्ताओं में जोरशोर से सुनी जा रही है। तिलकचंद्र अहिरवार का नाम लोकसभा चुनाव के लिए उभरने के पीछे उनकी बहुजन समाज में मजबूत पैठ मानी जा रही है। राजनैतिक दलों के बीच में माना जाता है कि समाजवादी पार्टी ही नहीं बल्कि बहुजन समाज में भी तिलकचंद्र अहिरवार का अच्छा खासा दखल माना जाता है। फिर लोकसभा क्षेत्र में दोहरे, अहिरवार, जाटव, संखवार, कुरील को मिलाकर चमार साढ़े तीन लाख से अधिक चमार मतदाता है जिसके बीच तिलक चंद्र अहिरवार की मजबूत पकड़ का कारण वर्ष 2009 में उनका लोकसभा चुनाव लड़ना भी माना जा रहा है। यह चुनाव उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की टिकट पर ऐसे समय लड़ा था तब सत्तारूढ़ बसपा के खिलाफ लोगों में नाराजगी थी और बसपा के मुकाबले भाजपा के भानुप्रताप वर्मा को वोट न देकर भाजपा का वोट सपा की ओर टर्न कर गया था इसके बाद भी तिलकचंद्र को मात्र 11 हजार मतों से हार का मुंह देखना पड़ा था। हालांकि आखिरी समय तक चुनाव में वह विजेता माने जा रहे थे लेकिन बसपा के प्रति मतदाताओं के नाराजगी ने उन्हें पराजित कर दिया था जिसके चलते सपा के घनश्याम अनुरागी चुनाव जीत गए थे। लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने क्षेत्र में जिस तरह से अपनी पकड़ बनाई वह तब से उसे कायम रखे हुए हैं जहां तक उनके अपने गृह जनपद झांसी के मऊरानीपुर विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए तो यहां से 2017 में बहुजन समाज पार्टी को करीब 80 हजार वोट मिले थे उस चुनाव में सपा कमजोर रही थी लेकिन 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने तिलकचंद्र अहिरवार को टिकट दिया तो मऊरानीपुर से बसपा प्रत्याशी को 32 हजार मतों से ही संतोष करना पड़ा जबकि सपा से चुनाव लड़े तिलकचंद्र अहिरवार को 85 हजार वोट मिला जिससे स्पष्ट है कि तिलकचंद्र बसपा वोट बैंक में सेंध लगाने में सफल हो सकते है हालांकि इस चुनाव में मऊरानीपुर से सपा से भाजपा में शामिल हुई रश्मि आर्या चुनाव जीत गई थी और बड़े पैमाने पर सपा के वोट का रश्मि आर्या के पक्ष में ध्रुवीकरण भी जीत का कारण माना गया था। 2009 का लोकसभा चुनाव लड़ने के कारण क्षेत्र के हर गली चौबारे से वह वाकिफहैं तब से लगातार पूरे क्षेत्र में होने वाले सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में उनकी सक्रियता चर्चा का विषय बनती है। ऐसे में न केवल बहुजन समाज बल्कि सवर्ण समाज के मतदाताओं में भी उनकी गहरी पैठ को नकारा नहीं जा सकता। बसपा में काफी समय तक बुंदेलखंड प्रभारी रहने के साथ-साथ वह विधान परिषद सदस्य भी रह चुके हैं जिससे उन्हें पूरे लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य करने का भी अवसर मिला है और मतदाताओं की एक बड़ी जमात उनके स्वभाव से परिचित है यही वजह है कि लोकसभा चुनाव करीब आते ही समाजवादी पार्टी में उनके नाम की चर्चा जोरों पर चल पड़ी है। सपा से टिकट के दावेदार पूर्व मंत्री भगवती प्रसाद सागर भी दावेदारी कर रहे हैं भगवती प्रसाद के समाज का पूरे लोकसभा क्षेत्र में करीब एक लाख मतदाता माना जा रहा है जिसके दम पर वह सपा से टिकट की दावेदारी कर रहे हैं पीडीए के जरिए वह क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ा रहे हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा और न ही क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किसी विधानसभा से उन्हें चुनाव लड़ने का अवसर मिला। पूर्व मंत्री नारायण दास अहिरवार भी एक जमाने में बसपा के जिलाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त मंत्री रह चुके है लेकिन उन्होंने कभी किसी दल से चुनाव नहीं लड़ा। महेंद्र कठेरिया ने 2017 में विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिल पाई तब से वह हर चुनाव में टिकट की दावेदारी करते आ रहे हैं महेश चंद्र शिरोमणि समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ हर सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं जिससे उनके नाम की भी पार्टी में चर्चा देखी जा रही है जबकि मनीला सिंह, रघुवीर चौधरी, बलवीर कठेरिया को शौकिया दावेदार कहा जा सकता है ऐसे में समाजवादी पार्टी का आम कार्यकर्ता तिलकचंद्र अहिरवार को मजबूत दावेदार मानकर चल रहा है ऐसे लोगों का मानना है कि अगर पार्टी तिलकचंद्र पर दांव लगाती है तो भाजपा से मुकाबला करने में कहीं से वह कमजोर नहीं पड़ेंगे।

खबरें एक नजर में

पाक्सो एक्ट- दोषी राकेश विश्वकर्मा को तीन वर्ष की कैद

सोनभद्र। साढ़े सात वर्ष पूर्व घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राकेश विश्वकर्मा को तीन वर्ष की कैद एवं नौ हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से साढ़े चार हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 20 अप्रैल 2016 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 20 अप्रैल 2016 को शाम तीन बजे राकेश विश्वकर्मा पुत्र बनाफल विश्वकर्मा निवासी गोलाबाद, थाना नौगढ़, जिला चंदौली अपने एक अन्य साथी के साथ घर में घुसकर उसकी नाबालिग लड़की का हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। जब बेटी ने आवाज दी तो बगल के घर में से आ गई। तब घर से निकल कर दोनों जाने लगे तब तक गांव के लोगों ने पकड़ लिया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राकेश विश्वकर्मा को तीन वर्ष की कैद एवं नौ हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। कोर्ट ने दूसरे आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से साढ़े चार हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

करीब 50 करोड़ की से लागत से दूर होगा नगर का पेयजल संकट

दुद्धी सोनभद्र। नगर पंचायत क्षेत्र के 35 हजार की नगर पंचायत दुद्धी की आबादी शुद्ध पेयजल की वर्षों की समस्या से जूछ रहा था अब पेयजल के समस्या के समाधान हेतु नगर पंचायत प्रशासन ने कारगर कदम उठाया है। पेजजल समस्या की स्थायी समाधान लगभग 50 करोड़ रूपये की लागत से जल निगम के द्वारा नगरीय नगरीय क्षेत्र में पानी की समस्या का स्थायी समाधान जिला मुख्यालय सोनभद्र की तर्ज पर कनहर नदी से नगर पंचायत निर्माणाधीन पानी टंकियों के सहारे लिफ्टिंग कर पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान निकलेगी द्य नए व अत्याधुनिक तरीके से पाइपलाइन नगर पंचायत के सभी 11 वार्डों में बिछाई जाएगी 7 जिसका सर्वे नगर पंचायत दुद्धी में मंगलवार को पहुंचे आशीष कुमार यादव जे ई, राजकुमार पटेल ए ई सोनभद्र एवं नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन साथ में भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ मंडल दुद्धी संयोजक जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी की उपस्थिति में हुआ द्य हर घर स्वच्छ जल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सराहनीय पहल पर जिलाधिकारी सोनभद्र चंद्र विजय के सराहनीय प्रयास से अब दुद्धी नगर पंचायत जनता को भी हर घर स्वच्छ जल मिल सकेगा द्य प्रबुद्ध जनों की माने तो नगर पंचायत चुनावी वादा में पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान मिल का पत्थर साबित होगा।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से नगर के युवा व्यापारी की मौत

जालौन (उरई)। कोंच से सामान लेकर घर वापस आ रहे व्यापारी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर व्यापारी गंभीर रूप से घायल हुआ। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई पूरी की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी राशिद उर्फबबलू सलमानी फर्नीचर की दुकान चलाते हैं। सोमवार को साप्ताहिक बंदी के चलते वह कोंच सामान लेने के लिए गये थे। रात करीब साढ़े 10 बजे वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। कोंच रोड पर स्थित एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल के पास रुककर वह लघुशंका करने लगे। लघुशंका करके वह वापस बाइक पर लौटने लगे तभी तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण वह उछल कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। रात का समय होने के कारण सड़क पर राहगीर नहीं थे। देर रात तक जब वह वापस घर नहीं लौटे तो उनके साथी सरफराज व जुबैर उन्हें ढूंढने निकले। जब उन्होंने राशिद को सडक पर पड़े देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी और एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी की। घटना की खबर घर पहुंचते ही घर में मातम पसर गया। पत्नी उजमा व 12 वर्षीय बेटी शदफका भी रो रोकर बुरा हाल है।

बीस क्वाटर ले जाते युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

जालौन (उरई)। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान 20 क्वार्टर देशी शराब के युवक को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफपुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसआई राजकुमार पांडेय ने ग्राम औरेखी में चेकिंग के दौरान गांव के सोनू को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने 20 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तहसीलदार के कार्य शैली से अधिवक्ता नाराज

उतरौला(बलरामपुर)। तहसीलदार उतरौला के कार्य शैली से नाराज़ वकीलों ने मंगलवार को उनके न्यायालय पर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि तहसीलदार उतरौला की कार्यशैली अधिवक्ताओं के प्रति काफी खराब रहती है। तहसीलदार उतरौला का न्यायालय पर भी कार्य शैली खराब रहने से अधिवक्ताओं से व्यवहार ठीक नहीं रहता है। इससे नाराज होकर वकीलों ने आपात बैठक करके तहसीलदार उतरौला के न्यायालय पर काम बहिष्कार करने का निर्णय लिया। उधर तहसीलदार उतरौला के न्यायालय पर कार्य बहिष्कार से न्यायिक कार्य ठप रहा।

सिरसा कलार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा समापन हुआ भंडारा

कुठौंद (जालौन)। ग्राम पंचायत सिरसा कलार के बगुआ वाले हनुमान मंदिर पर नव दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन 9 दिसंबर से गणेश पूजन के साथ शुभारंभ हुआ इस चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण का हवन के साथ आज दिनांक 19 दिसंबर दिन मंगलवार को विशाल भंडारा किया गया इस विशाल कार्यक्रम के आयोजन श्री श्री 1008 संत शिरोमणि श्री भरत मुनि महाराज महंत संकट मोचन हनुमान मंदिर सिरसा कलार तथा इस कार्यक्रम के सरस मधुर कथा वाचक पंडित श्री प्रदीप तिवारी लोना रोड जालौन इस कार्यक्रम के परीक्षित श्रीमती कल्पना पत्नी देवेंद्र प्रताप सिंह, व श्रीमती राम श्री पत्नी सुरेंद्र सिंह पाल इस चल रहे विशाल कार्यक्रम में समस्त ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों का विशेष सहयोग रहा है।

समाजवादी पार्टी ने बैठक कर बूथ स्तरीय की समीक्षा

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी मलिक एजाज ने सभी बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक कर लोकसभा चुनावों में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए विधानसभा क्षेत्र उतरौला को 6जोन व 55 सेक्टरो में बांट कर सभी जोन व सेक्टरों में प्रभारीयो की नियुक्ति कर दी है जिसमें विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष कुष्ण कुमार यादव को विधानसभा क्षेत्र के ब्लाकों का,उतरौला नगरपालिका क्षेत्र के बूथों की जिम्मेदारी नगर अध्यक्ष मोहम्मद शकील इदरीशी देकर बूथ अध्यक्षो की कमेटी बनाने का दायित्व दिया है जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी बूथ स्तर पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके। उक्त बैठक में जिला पंचायत सदस्य राम दयाल यादव,विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष कुष्ण कुमार यादव,नगर अध्यक्ष मोहम्मद शकील इदरीशी, गन्ना चेयरमैन अतीक अहमद खां,जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा बहलौल नियाजी, प्रदेश सचिव अंसार खां, मोहम्मद शरीफ उर्फ बीरे, समीम खान लंबू, मोहम्मद हनीफ खां, नेहाल खां, छब्बू शाह, महेश यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नौ अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

सोनभद्र,कोन। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत एवं उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह चौकी प्रभारी चकरिया के द्वारा चकरिया क्षेत्र में बैतरा नाला के पास कुछ लोग झाड़ फूंक कर रहे थे । शांति भंग करने की संभावना की दृष्टिगत नौ व्यकितयों को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट ओबरा भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्त गोपाल कुमार यादव पुत्र शिव कुमार यादव राम बचन यादव पुत्र रामदहीन यादव समस्त निवासीगण झरिया अनुज कुमार पुत्र बंशी चौधरी बबुली चौधरी पुत्र राम किशुन चौधरी पुत्र बाल गोविंद नंदू पुत्र मरुई अवधेश पुत्र महादेव उपेंद्र पुत्र लल्ला शिव मूरत पुत्र कईल चौधरी समस्त निवासीगण चकरिया क्षेत्र के बैतरा नाला के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

गैरजनपद स्थानांतरित क्षेत्राधिकारी की पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा उपहार प्रदान कर की गई विदाई

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा आज दिनांक- 19 दिसम्बर को जनपद बलरामपुर से गैरजनपद स्थानांतरित क्षेत्राधिकारी लाइंस राधा रमण सिंह का जनपद लखनऊ व क्षेत्राधिकारी यातायात उदयराज सिंह का जनपद सीतापुर होने पर रिज़र्व पुलिस लाइन बलरामपुर के सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन कर उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं देकर व पुष्प गुच्छ व उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन राय, क्षेत्राधिकारी ललिया दरवेश कुमार , क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योतिश्री व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल द्वारा ग्रामीण लीग खेल प्रतियोगिता का आयोजन

उतरौला,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा 22 दिसंबर शुक्रवार को विकासखंड गैड़ास बुजुर्ग के हाजी बेचू चौधरी पब्लिक स्कूल शाहपुर तप्पा बांक में ग्रामीण लीग खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता प्रातः नौ बजे से प्रारंभ होगी। जिसमे एथलेटिक्स, कुस्ती, कबड्डी एंव वॉलीबाल निर्धारित है। प्रतियोगिता में विकास खण्ड के सबजूनियर, जूनियर, सीनियर के बालक एवं बालिकायें भाग लेंगे है। उक्त जानकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मनवीर सिंह ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सहयोग कराने के साथ ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायको के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी कराया जा रहा है। कार्यक्रम में शान्ति व्यवस्था हेतु उचित पुलिस बल की उयूटी लगाने हेतु थाना अध्यक्ष , चिकित्सा व्यवस्था के लिए चिकित्सा अधीक्षक, चार पीटीआई उपस्थित होने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी गैड़ास बुजुर्ग को कार्यालय के माध्यम से पत्र भेज दिया गया है।

टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुना स्कूल हेड बॉय हेड, गर्ल व मॉनिटर

- डायरेक्टर सैफ अली ने जीते हुए प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

उतरौला नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लोकतांत्रिक तरीके से बच्चो के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करके कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के बच्चों का क्लास मॉनिटर, स्कूल हेड बॉय और हेड गर्ल का चुनाव विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता मुख्य चुनाव नियंत्रक व शेष राम साहू उपचुनाव नियंत्रक के संरक्षण में संपन्न हुआ। जिसमें स्कूल हेड बॉय के चुनाव में कक्षा ग्यारह के छात्र शिव प्रताप यादव विजई रहे तथा स्कूल हेड गर्ल के चुनाव में कक्षा ग्यारह की छात्रा हुदा विजई रही। कक्षा मॉनिटर पद के लिए बालक वर्ग में कक्षा 5 ए से राजकुमार कक्षा 5बी से अबु हुरैरा कक्षा 6ए से असुतोष कक्षा 6 बी से तौफीक कक्षा 7 ए से इब्राहिम कक्षा 7 बी से शुभम और कक्षा 8 से हसरत अली विजई घोषित हुए तथा बालिका वर्ग में कक्षा 5 ए से प्रिया कक्षा 5 बी से फिजा कक्षा 6 ए से रमसा कक्षा 6 बी से तपस्या कक्षा 7 ए से आर्या कक्षा 7 बी से उमामा तथा कक्षा 8 से मिस्बाह विजय घोषित हुई। विजय हुए स्कूल हेड बॉय और हेड गर्ल तथा सभी मान्यताओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि कक्षा मॉनिटर क्लास के अंदर सीखने के अनुकूल माहौल को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वह छात्रों और शिक्षक के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करते हैं तथा बौद्धिक विकास के लिए अनुकूल सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देता हैं। क्लास मॉनिटर छात्रों की चिंताओं और सुझावों को शिक्षक तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं और अपने साथियों के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता हैं। कक्षा मॉनिटर से विश्वसनीयता, सत्यनिष्ठा और जिम्मेदारी जैसे नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। मॉनिटर अक्सर सहपाठियों के बीच छोटे-मोटे विवादों में मध्यस्थता भी करते हैं और विवादों को निष्पक्ष और सम्मानजनक तरीके से सुलझाने में मदद करते हैं। संघर्ष समाधान में उनकी भूमिका कक्षा में सकारात्मक और सहयोगात्मक माहौल बनाए रखने में महत्वपूर्ण है। विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने लोकतांत्रिक तरीके से हुए इस चुनाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक तरीके से बैलेट पेपर के माध्यम से क्लास मॉनिटर और स्कूल हेड व बॉय हेड गर्ल का चुनाव कराने का मकसद सिर्फ इतना है कि हमारे विद्यालय के बच्चे लोकतंत्र को बखूबी समझे कि किस प्रकार से लोकतंत्र में हम लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करके एक अच्छे नेता को चुन सकते हैं और एक भ्रष्ट और दागदार नेता को किस प्रकार से अपने मतदान का उपयोग करते हुए उसे उसके पद से हटा सकते हैं। अंत में उन्होंने सभी जीते हुए क्लास मॉनिटर और स्कूल हेड बॉय व हेड गर्ल को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कोर्ट के आदेश पर तीन सगी बहनों सहित 13 लोगों के विरुद्ध जालसाजी की एफआईआर दर्ज

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

- सपा विधायक के पुत्र और पालिकाध्यक्षा के नाती सहित मंदिर महंत के भाई के नाम शामिल

स्पेशल जज डकैती कोर्ट के आदेश पर तीन सगे बहिनों सहित 13 लोगों के खिलाफ जालसाजी कर जमीन हड़पने का मुकदमा उरई कोतवाली में दर्ज किया गया है। जिसमें कालपी के सपा विधायक के पुत्र और उरई नगर पालिका की अध्यक्ष के नाती का नाम शामिल है। न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, जिससे हकीकत सामने आ सके।

उरई कोतवाली क्षेत्र के नया रामनगर के रहने वाले विवेक चौरसिया पुत्र मुन्ना लाल चौरसिया ने स्पेशल जज डकैती कोर्ट में वाद दायर करते हुए बताया कि प्रार्थी व उसके परिजन के लोगों के साथ अरविंद बंसल पुत्र हरिशंकर बंसल के काफी पुराने व्यवसायिक और पारिवारिक संबंध चल आ रहे थे। उरई नगर पालिका के अंदर दोनों लोगों की खतौनी फसली सन 1426 से 1431 के गाटा संख्या 31 के खसरा संख्या 1377द्2 के रखवा 0.186 हेक्टेयर, 1385द्2 रकवा 0.2950 हेक्टेयर के संक्रमणीय भूमिधर व मकान 22 नया 64 के वर्ष 1977 के पूर्व से मलिक व काबिज चले आ रहे है। इसी दौरान 3 जुलाई 2023 को अरविंद बंसल की मृत्यु हो गई और उनकी पत्नी मंजू बंसल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही है, इसीलिए संपत्ति की समुचित देखरेख के लिए मंजू बंसल ने प्रार्थी जितेंद्र के नाम 8 सितंबर 2023 को रजिस्टर्ड मुख्तारनामा कर दिया, इस संपत्ति को बदनियत से हड़पने के लिए स्वर्गीय अरविंद बंसल की बहन शोभा गोयल पत्नी वीरेंद्र कुमार, सुषमा बंसल पुत्री स्वर्गीय हरि शंकर बंसल, सुनीता बंसल पुत्री स्वर्गीय हरिशंकर बंसल निवासीगण मोहल्ला कृष्णा नगर उरई की निगाहें लग गई और इन्होंने जुल्फीकार अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी मोहल्ला तुलसी नगर उरई, अब्दुल जलील पुत्र अब्दुल सत्तार मंसूरी निवासी 301 सरकार रेजिडेंस मस्कारहास रोड रंगवाला कंपाउंड नवी मुंबई, जमाल अहमद खान पुत्र तुफैल खान निवासी मोहल्ला मोहनपुर थाना कस्बा उरई,राहुल चौधरी पुत्र विजय चौधरी, निवासी चंद्र नगर उरई सत्य प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र प्रभु दयाल श्रीवास्तव निवासी अटरिया उरई, विवेक गोयल पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासी इंदिरा नगर लखनऊ, राजनाथ त्रिवेदी पुत्र विजय नारायण त्रिवेदी निवासी मोहल्ला नया पटेल नगर उरई,पंकज कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासी गोपालगंज उरई, आशीष चतुर्वेदी पुत्र विनोद चतुर्वेदी निवासी मोहल्ला इंदिरा नगर उरई, सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र शिव कुमार श्रीवास्तव निवासी जैसारी डकोर, नरेंद्र वर्मा पुत्र लालाराम वर्मा निवासी तुलसी नगर उरई ने एक साथ और एक राय होकर कूट रचित तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार कर मंजू बंसल की संपत्ति हड़पने की फिराक में लग गये। जितेंद्र ने कोर्ट को बताते हुए कहा कि 28 जुलाई 2023 को स्वर्गीय अरविंद की बहन शोभा गोयल, सुषमा बंसल, सुनीता बंसल ने बिना किसी विधिक अधिकार से क्योंकि उक्त अरविंद व उनकी बहनों के पिता हरिशंकर की दिनांक 27 मार्च 2003 को मृत्यु हो गई थी, उसे समय तक अरविंद की बहनों की शादी हो चुकी थी, इसीलिए उन्हें संपत्ति में कोई अधिकार नहीं था, इसके बावजूद भी जुल्फिक्कार अहमद, अब्दुल जलील, जमाल अहमद, राहुल चौधरी, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव तथा गवाह विवेक गोयल, सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव तथा 3 अक्टूबर 2023 को दूसरी ननद अनुराधा जिनकी मृत्यु 31 मई 2019 को होने के बाद उनके लड़के वैभव अग्रवाल पुत्र विशंभर अग्रवाल ने राजनाथ त्रिवेदी ने अपने भाइयों व बहनों की पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर राहुल चौधरी, पंकज कुमार तथा आशीष चतुर्वेदी तथा गवाह नरेंद्र वर्मा, सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कूट रचित दस्तावेज तैयार करके फर्जी इकरार नामा निष्पादित करा लिया, जिसका संपूर्ण विवरण वही संख्या 1 एक जिल्द संख्या 9154 के पृष्ठ 243 से 266 तक क्रमांक 9633 पर 29 अगस्त 2023 तथा बही संख्या दो जिल्द संख्या 9199 के पृष्ठ 29 से 48 तक क्रमांक 11040 पर 3 अक्टूबर 2023 में अंकित है, जबकि मंजू बंसल के पास नगर पालिका व राजस्व तथा प्रशासनिक प्रपत्र उपलब्ध है। कोर्ट को बताया कि उक्त लोग दबंग माफिया किस्म के हैं और वह घर में आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर संपत्ति में हिस्सा मांग रहे है, साथ ही पांच-पांच लाख रुपये की मांग कर रहे है न देने पर को खुद आत्महत्या कर, आत्महत्या के उकसाने या बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दे रहे है। इस घटना के बारे में उरई कोतवाली में कई बार शिकायत की गई, मगर सभी लोग प्रभावशाली व्यक्ति है, इसलिए उनले खिलाफ मुकदमा नहीं लिखा गया और न ही कोई कानूनी कार्रवाई की जा रही है, इस मामले को सुनने के बाद स्पेशल डकैती कोर्ट के न्यायाधीश ने सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 389, 504, 506, 120 बी के तहत दर्ज करने के आदेश दिया, जिसके बाद उरई कोतवाली में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत बच्चों को किया गया जागरूक

सोनभद्र, कोन। मंगलवार को अपराध पर नियंत्रण करने हेतु थाना प्रभारी कोन लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व में मयहमराह के साथ मिशन शक्ति व साइबर अपराध तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सरयू उ श्र मा 0 विद्यालय रामगढ़ में बच्चियों को जागरूक किया गया तथा हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076 व साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर1930 के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया इस मौके पर उप निरीक्षक शिव मोहन हेड कांस्टेबल त्रिभुवन प्रसाद हेड कांस्टेबल संजय चौहान हेड कांस्टेबल शहनवाज सिद्दीकी व महिला आरक्षी गरिमा सिंह मौजूद रहे।

सूचना

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2009 जिसका अनुक्रमांक-21012682016 की मार्कशीट जो वास्तव में कहीं खो गयी है।

आशू कुशवाहा पुत्र रामलड़ैते कुशवाहा निवासी अपर दुर्गा कालोनी भोलेपुर, फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।

परिषद की पाठशाला में बच्चों को शिक्षा के प्रति किया जा रहा जागरूक: दीपक

- अभाविप की परिषद की पाठशाला का हुआ शुभारम्भ

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को परिषद की पाठशाला का शुभारंभ किया गया। शहर के मोहल्ला हाजीगंज स्थित एक मंदिर परिसर में परिषद की पाठशाला का आयोजन हुआ

अभाविप के पूर्व जिला संयोजक दीपक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिव ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। वहीं छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा परिषद गीत का गायन किया। परिषद की पाठशाला के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए दीपक ने बताया कि इस पाठशाला के माध्यम से समाज के बच्चों को शिक्षा अधिगम की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य निःशुल्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को मुफ्त शिक्षा और उचित मार्गदर्शन के लिए अभाविप कृतसंकल्पित है। कोरोना काल के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में इस पाठशाला का संचालन किया गया है। कहा कि परिषद की पाठशाला में बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने एवं उनमें सकारात्मक ऊर्जा भरने का कार्य किया जाएगा। कहा कि अभाविप शैक्षणिक परिवेश पर विश्वास रखता है। बच्चों को अच्छे संस्कार एवं सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है, ऐसे कार्य के लिए अभाविप हमेशा प्रयत्नशील है। इस अवसर पर आयुष गुप्ता, विकास, सचिन राजपूत, विपिन, एवं कन्हैया कुमार मौजूद रहे।

शिक्षक अपने स्कूल के सभी बच्चों को निपुण बनाएं: एआरपी पंकज यादव

- प्राथमिक विद्यालय आलमपुर में शिक्षकों की मासिक बैठक हुई संपन्न

समधन, समृद्धि न्यूज़

आलमपुर प्राथमिक विद्यालय में मासिक बैठक करते शिक्षक

क्षेत्र के गांव आलमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एआरपी डॉक्टर पंकज यादव ने निपुण की जानकारी ली और अवगत कराया कि समस्त शिक्षक अपने-अपने स्कूल के सभी बच्चों को निपुण बनाए डॉक्टर साहब ने बताया की कक्षा आवंटन कार्य विभाजन संदर्शिका आधारित शिक्षण योजना का प्रयोग किया जाना चाहिए क्षात्र-छात्रों का आकलन शिक्षक विद्यार्थी के आत्मीय संबंध के साथ सभी शिक्षक साथी निपुण लक्ष्य का कार्यक्रम जो चल रहा है वह समय पर पूर्ण करें। और बच्चों को निपुण शत प्रतिशत बनाने का काम करें। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति राजीव शर्मा ने की इस मौके पर श्री आदित्य कुमार यादव (नोडल संकुल प्रभारी) सोनपाल शिक्षक नेता) शैलेंद्र सिंह यादव, अनूप कुमार, अतुल कुमार,सुरेंद्र कुमार, , आशीष कुमार ,रवीश कुमार, मोहम्मद इस्लाम , अभिरुचि शुक्ला, घुंघुरू त्रिपाठी ,खुशनुदा समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

पीड़ित परिवारों की डीएम ने सुनी शिकायतें

- उत्तर माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण नियमावली 2014 के अन्तर्गत पांच परिवारों की सुनी गई समस्याएं

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण नियमावली 2014 के अन्तर्गत जनसुनवाई हेतु मंगलवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार मे डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जिले के पांच पीड़ित परिवारों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किए जाने के निर्देश दिये हैं। डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि वर्ष 2023 मे जनपद के विभिन्न व्यक्तियों ने अपने पुत्र एवं पुत्रवधु द्वारा प्रताडित किये जाने व पुत्र अथवा पुत्रवधू को सम्पत्ति से बेदखल किये जाने विषयक शिकायत की गयी थी, जिसमें 13 प्रकरणों को जांचोपरान्त उत्तर प्रदेश माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण नियमावली 2014 के अन्तर्गत नियमानुंसार कार्यावाही करने हेतु संबंधित व्यक्तियों को बुलाया गया, जिसमें से पांच पीडित परिवारों के सदस्य उपस्थित हुये। जिलाधिकारी ने सभी पीडित परिवार के सदस्यों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि समाज में संयुक्त परिवारों के धीरे-धीरे टूटने के कारण माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के प्रति उपेक्षा, अपराध, उनके शोषण और उन्हें त्याग देने के मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो अत्यंत दुखद है। कहा कि ऐसे परिवारों के साथ सरकार साथ है आज जो भी परिवार यहां उपस्थित हुये है उनकी हर संभंव मदद की जायेगी। उन्होने समस्त प्रकरणों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यावाही करने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर राम नारायण, जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

सार्ट सर्किट से लगी आग हजारों का नुकसान

समधन, समृद्धि न्यूज़

क्षेत्र के ग्राम बल्लापुर्वा निवासी पुष्पेन्द्र सिंह यादव एडवोकेट के मकान में बीती रात अचानक बिजली के साट सर्किट से आग लग गई जिससे कमरें में पड़ा बेंड,रजाई गद्दे,एल ई डी टीवी, कपड़े, टेवल गाे़ के कागजात, व दस हजार रुपये नगदी आदि सामान जलकर राख हो गया जिससे हजारों रूपए का नुकसान हो गया है।

खबरें चलते-चलते

संस्था प्रयास ने बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

गुरसहायगंज, कन्नौज। मंगलवार को प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल ग्राम कुरड़ीपुरवा में संस्था प्रयास के द्वारा बच्चों को पेंसिल, रबड़ और कापियां वितरित की गई। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू सिंह ने भी बच्चों को शिक्षण सामिग्री वितरित की। कहा कि बच्चों को शिक्षित करने के प्रयास में सहयोगी के रूप में संस्था प्रयास का हमेशा प्रयास रहा। कि बच्चे अच्छी शिक्षा हासिल करें। शिक्षा के दौरान आने वाली परेशानियों को संस्था के द्वारा दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था हमेशा ही समाजसेवा का कार्य कर लोगों का सहयोग कर रही है। बच्चों को कपड़े, शिक्षण सामग्री, खाद्य सामग्री आदि समय समय पर वितरित की जाती है। संस्था के संरक्षक राजीव चौहान, सचिन पाठक, श्यामू गुप्ता, जय यदुवंशी आदि ने बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की।

टॉप टेन शातिर अपराधी को सुनाई गई 10 वर्ष की सजा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। जिले के टॉप टेन शातिर अपराधी को नशीला पदार्थ रखने के आरोप में न्यायालय ने 10 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेखाना निवासी नदीम उर्फपनडुब्बी जोकि पुलिस की टॉप टेन अपराधी की लिस्ट मे शामिल है। वह चंदन की लकड़ी और नशीले पदार्थ की तस्करी में भी माहिर है। उस पर यूपी, एमपी और राजस्थान आदि राज्यों में कई आपराधिक मुकदमें दर्ज है। 23 नवम्बर 2022 को जलालपुर पनवारा के पास से सदर कोतवाली पुलिस ने उक्त अभियुक्त को 528 किलोग्राम नशीले पदार्थ के साथ धर दबोचा था और उसे उसे जेल भेज दिया गया था। उक्त मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस नंद कुमार के कोर्ट में चल रही थी। शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडेय ने बताया कि गवाहों के बयानों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश नंद कुमार ने नदीम उर्फपनडुब्बी को मादक पदार्थ की बिक्री मामले में दोषी करार देते हुए उसे 10 वर्ष की सजा सुनाई साथ ही उस पर एक लाख रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अर्टिका कार ने बाइक में मारी टक्कर दो छात्र घायल

छिबरामऊ कन्नौज। सौरिख रोड पर बाइक और आर्टिका कर से टक्कर लग गई जिससे दोनों युवक बाइक से दूर जाकर गिर इससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को राहगीरों ने सौसैया अस्पताल पहुंचा दोनों छात्र सुभाष अकैडमी स्कूल के छात्र हैं छुट्टी होने पर दोनों छात्र बाइक से बाबा वाली बगिया में पूजा करने जा रहे थे तहसील मोड़ के सामने सामने से आ रही आर्टिका कर अचानक टक्कर मार दी टक्कर से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायल सुमित ब आयुष निवासी आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले हैं दोनों का उपचार चल रहा है।

डुड़ा के कर्मचारी कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ तहसील परिसर में सभासदों ने क्रमिक अशन प्रारंभ किया

छिबरामऊ कन्नौज। डूडा विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के सभासदों ने तहसील परिसर में ऋमिक आंसर किया शुरू। डूडा विभाग के डीसी धीरज सिंह यही अवधेश यादव सर्वेयर विमल की रिश्वतखोरी से तंग आकर सभासदों ने तहसील परिषद में ऋमिक अंशन सभासद सुशील कुमार एडवोकेट आसिफ इकबाल सभासद रईस अहमद राम नारायण नसीम खान सभासद प्रतिनिधि सभा मोहम्मद जीशान सिद्दीकी सभासद प्रतिनिधि दीपक कुमार रानू कुरैशी आदि लोग। ऋमिक अनशन प्रारंभ हुआ अविनाश नरेश शर्मा शेर सिंह पाल सत्येंद्र प्रदीप चौहान एवं अंकित त्रिपाठी सभासद प्रतिनिधि राजू सहित दर्जनों सभासद ऋमिक अनशन में मौजूद रहे।

मारपीट से घायल युवक अस्पताल जाते समय बाइक से गिरा, मौत

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में मामूली विवाद में दबंग युवक ने साथियो के साथ मिलकर एक शख्स को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायलावस्था में पत्नी के साथ बाइक से अस्पताल जाते समय वह रास्ते में बाइक से गिर पड़ा, जिसके बाद राहगीरों की मदद से उसे एम्बुलेन्स की सहायता से अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों उसे चिकित्सीय परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना सौरिख क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी सूरज पुत्र दुर्जन उम्र 35 वर्ष गांव निवासी रामस्वरूप के घर पर चल रही तेरहवीं संस्कार में शामिल होने गया था। यहां गांव निवासी गिरन्द पुत्र कालिका व रामसिंह पुत्र मेवाराम से किसी बात पर कहासुनी होने लगी और वहाँ महेश पुत्र सुरेशचंद्र, मुकेश पुत्र रामसिंह निवासी हसेपुर आ गये। आरोप है कि उक्त लोगों ने सूरज को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। घायलावस्था में सूरज अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर उपचार हेतु स्थानीय अस्पताल जा रहा था तभी वह रास्ते मे बाइक से गिर गया। राहगीरों ने उसे एम्बुलेन्स की सहायता से अस्पताल भिजवाया। जहाँ चिकित्सकों ने उसें देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूरज की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी विमलादेवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

मदरसा गुलशने रजा अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्टी का आयोजन किया गया

छिबरामऊ कन्नौज। अल्पसंख्यकों के शैक्षिक आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर मदरसा गुलशने रजा मैं कोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के निर्देशन से आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य को कुमैल प्लीज ने कहा कि देश में 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाता है भारत के संविधान के मुताबिक देश के हर नागरिक को समान अधिकार मिलना चाहिए देश के संविधान के तहत अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रावधान है समाज के कम संख्या वाले समुदायों के उत्थान के लिए उन्हेंदिए गए विशेष अधिकारों से अवगत कराने के उद्देश्य से अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर एक कोस्ट का आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय को संविधान द्वारा दिए गए विशेष अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही अधिकारों और कर्तव्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

17 वर्षों से पद यात्रा कर भारत भ्रमण कर रही वृद्धा

- चल-अचल संपत्ति की दान, छोड़ी बैंक की नौकरी
- नर्मदा नदी की परिक्रमा के दौरान हुई थी पति की मौत
- वृद्धा ने स्वयं ही अपने पति को दी थी मुखाग्नि

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

भ्रमण कर रही शर्मिला श्रीपादपागे

अपनी नौकरियां छोड़ने के बाद चल अचल संपत्ति को दान कर दंपति अपने घर से भारत भ्रमण की पद यात्रा को निकले और दक्षिण भारत की यात्रा पूरी करने के बाद उन्होंने 03 वर्ष तक नर्मदा नदी की परिक्रमा की। इसी दौरान जोड़ा बिछड़ गया और वृद्धा के पति की मौत हो गई। फिर भी महिला ने अपनी यात्रा को जारी रखा। महाराष्ट्र के कोल्हापुर की रहने वाली शर्मिला श्रीपादपागे ने बताया कि वह और उनके पति श्रीपाद दत्तात्रेय पागे केनरा बैंक में ऐजीएम के पद पर तैनात थे और वह स्वयं महाराष्ट्र बैंक में क्लर्क थी। वर्ष 2007 में उन दोनों ने अपने गुरु की आज्ञा को सर माथे पर रखकर अपनी सारी चल अचल संपत्ति को दान में देकर भारत भ्रमण की पदयात्रा का निर्णय लिया। इसके बाद कुछ वर्षो में उन्होंने दक्षिण भारत की यात्रा पूरी कर ली। वर्ष 2020 में जब वह दोनों नर्मदा नदी का परिक्रमा लगा रहे थे। उसी समय उनके पति श्रीपाद दत्तात्रेय पागे की मृत्यु हो गई। अपने पति को कंधा देने के बाद उन्होंने अकेले ही भारत भ्रमण की पदयात्रा करने की ठान ली। बताया कि उनके दो बच्चे हैं। जिसमें से बड़ी बेटी दर्शणा (35) जो की कोल्हापुर में 10 डायल कंपनी में कार्यरत है और बेटा उदय (32), पुणे में कंप्यूटर इंजीनियर के पद पर तैनात है। कहा कि वह प्रतिदिन लगभग 40 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

डीबीटी यू डाइस प्लस दो दिवस में पूर्ण करें प्रधानाध्यापक: डॉ. विमल तिवारी

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

शिक्षक संकुल कसावा की बैठक प्राथमिक विद्यालय नगला दुर्गा में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए, ऋऋ कुलदीप यादव ने कहा कि सभी शिक्षक विद्यालय को निपुण बनाने हेतु कार्य अनवरत रूप से जारी रखें। जिन विद्यालयों का असेसमेंट हो गया है और जो निपुण हो गए हैं उनका प्रदेश स्तर से टीम द्वारा असेसमेंट किया जाएगा। और जिन विद्यालयों का अससेमेंट नही हुआ है। उनका भी असेसमेंट शीघ्र डाइट द्वारा कराया जाएगा।सभी शिक्षक निपुण लक्ष्य,दीक्षा,रीड अलोंग एप्प ,निपुण संबाद का प्रयोग अवश्य करें।बैठक का संचालन नोडल शिक्षक संकुल सतेंद्र सक्सेना व सयोजक परिभाषा शुक्ल ने किया। शिक्षक संघ मंत्री सतेंद्र यादव, सुरेंद्र वर्मा, रेशु मिश्रा मोनिका सिंह, शैलेन्द्र दुबे, अंकिता साहू,मीतू रानी, सीमा मिश्रा, शिव मंगल सिंह, महेंद्र यादव, विपिन कुमार, अंजलि गुप्ता, माधुरी गौतम, ब्रजेश बघेल,आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश जारी

छिबरामऊ कन्नौज। खोडवा अकबरपुर निवासिनी अर्चना पत्नी सर्वेश ने लिखित प्रार्थना पत्र जिला अधिकारी संबोधित मैं सरकारी जमीन पर पट्टा निरस्त होने के बाद अवैध कब्जा की जानकारी दी जिस पर प्रभारी अधिकारी जन शिकायत उप जिला अधिकारी ह्य द्ध श्च को दिए निर्देश।

खोडवा अकबरपुर निवासिनी अर्चना पत्नी सर्वेश ने लिखित प्रार्थना पत्र मैं कहां है कि गाटा संख्या 168 228 367 378 325 383 283 286 में 0.520 हेक्टर का पत्ता रामसनेही पुत्र रघु के नाम 1977 78 में किया गया था जो की फर्रुखाबाद न्यायालय द्वारा 19 6 78 को खारिज कर दिया गया रामसनेही के बारिशन अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर रहे हैं प्रशासनिक मिली भगत से अपना नाम चढ़ा लिया है जिला जनसुनवाई अधिकारी ने उप जिलाधिकारी छिबरामऊ को मामले की जांच पड़ताल कर रिकॉर्ड में दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए।

यातायात जागरुकता शिविर में छात्र छात्राओं को किया गया जागरुक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को शहर क्षेत्रान्तर्गत सरामीरा शिवाजी नगर स्थित अशोक कुमार इंटर कॉलेज मेंयातायात जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

मंगलवार को यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खान ने टैऊफिक्र पुलिस टीम के साथ शिवाजी नगर स्थित अशोक कुमार इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता शिविर लगाया। इस दौरान यातायात प्रभारी ने छात्र एवं छात्राओं को यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान उन्होने छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटनाएं क्यों होती हैं और उनके बचने के उपाय क्या हैं, इस सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही छात्र एवं छात्राओं को सड़क चिन्हों-संकेतों के बारे में बताया। साथ ही आदेशात्मक सड़क चिन्हों का उल्लंघन करने पर क्या होता है और चेतावनी और सूचनात्मक चिन्हों से क्या जानकारी मिलती है, इसे बड़े ही सरल अंदाज में समझाया। डोरिंग एक्सीडेंट्स के बारे में समझाते हुए यातायात प्रभारी ने बताया कि दूर हाथ विधि का प्रयोग करने से डोरिंग एक्सीडेंट से बचा जा सकता है। नेशनल हाईवे एवं एक्सप्रेस वे में हेडवे डिस्टेंस से संबंधित साइनेज लगाने का मकसद क्या है लेन ड्राइविंग क्या है। रोड हिप्नोसिस क्यों होता है इससे बचने के उपाय क्या है, विस्तार से समझाया। इस दौरान अशोक कुमार इंटर कॉलेज के प्रबंधक व प्रधानाचार्य यूनुस खान समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सपा के पूर्व विधायक के बहनोई सहित आठ लोगों के घरों में चोरों ने मचाया तांडव

- ताला तोड़कर लाखों की नगदी, जेवरात, कीमती सामान चुरा ले गये
- सपा के लोकसभा प्रभारी डा0 नवल किशोर शाक्य घटना स्थल पर पहुंचे

संकिसा, समृद्धि न्यूज

जांच करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम समृद्धि न्यूज

कोकापुर में मौजूद डा0 नवल किशोर व सपा नेता

एक ही रात में जिस तरह बेखौफ होकर चोरों ने आठ घरों में तांडव कर लाखों की नगदी व जेवरात आदि सामान चोरी कर ले गये। उससे यह साफ है कि पुलिस का इकबाल खत्म होता जा रहा है। इस घटना से क्षेत्र में जहां एक तरफ दहशत व्याप्त है। वहीं लोगों में रोष भी है। घटना की जानकारी होने पर लोकसभा प्रभारी व सपा के प्रदेश सचिव डा0 नवल किशोर शाक्य ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिले और उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। सोमवार देर रात मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कोकापुर में चोरों ने आठ घरों को निशाना बनाकर कमरों के ताले तोड़कर बक्सों तथा अलमारियों में रखे नकदी जेवर एवं परचून की दुकान में रखी नकदी से भरी गोलक चोरी कर ली। सोमवार-मंगलवार की रात किसी समय मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कोकापुर निवासी जोरावर कठेरिया पुत्र इतवारी लाल के घर में दीवाल फांदकर अज्ञात चोर घुस गए। जोरावर के कमरे में रखे बक्से को उठाकर मेनगेट से होते हुए गांव के बाहर गमा देवी मंदिर के पास सत्य प्रकाश दुबे के आलू के खेत में ले गए। चोरों ने बक्से में लगे ताले को तोड़कर उसमें रखे सोने की झाले, झुमकी, मंगल सूत्र, 2 कमरधनी, पायल, तीन सोने की हाय, तोड़ियां व पर्स में रखे सात हजार रुपए चोरी कर लिए। तथा बक्सा व कपड़े खेत में फेंक दिए। रात्रि के समय जोरावर दूसरे कमरे में सो रहे थे और उनकी पुत्रवधू मालती जिस कमरे में चोरों ने चोरी की उसी में सो रही थी और जोरावर की पत्नी हरदेवी पीछे वाले कमरे में सो रही थी, लेकिन किसी को भी घर में चोर घुसे इसकी भनक नहीं लगी। बताते चले कि जोरावर कठेरिया कायमगंज सपा के पूर्व विधायक अजीत कठेरिया के बहनोई है। दूसरी घटना में इसी गांव के रामवीर सिंह यादव के बाहर वाले कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे रामवीर की पत्नी मीना देवी की कमरधनी, दो तोले की एक लर तथा उसी बक्से में रखे विवाहित पुत्री अनीता की दो सोने की अंगूठी, एक हार व दो जोड़ी पायलें, एक गुच्छा, झाले चोर चुरा ले गए। बक्सा कमरे में खोलकर अन्य सामान बिखेर गए। वहीं तीसरी घटना गांव के ही विपिन कठेरिया के बंद पड़े घर का ताला तोड़कर चोर घर में घुसकर कमरे में रखी अलमारी का लाक तोड़कर उसमें रखा सामान चोरी कर ले गए और ताला कुंडी में लटका गए। विपिन कठेरिया दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। वहीं चौथी घटना अरुण कुमार दुबे पुत्र हरीशंकर दुबे अपने घर पर ताला लगाकर गांव के बाहर जानवरों के फार्म पर जानवरों की रखवाली करने हेतु अपनी पत्नी अनीता व बच्चों के साथ सोए थे। घर के मेन गेट का ताला तोड़कर एक चेन, पायले, दो हाय एवं चार सौ रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। पांचवीं घटना बाबा रामदास के बंद पड़े घर का ताला तोड़कर पीतल के वर्तन तथा दस हजार रुपए की नगदी चोरी कर ले गए। बाबा आश्रम कायमगंज टिलियां गए हुए थे। मंगलवार सुबह घटना की सूचना पर बाबा गांव आए। छठी घटना रामवीर शाक्य जो वर्तमान समय में दिल्ली में नौकरी कर रहे है। इनके मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। इनके आने पर पता लगेगा कि चोरी कितने की हुई है। सातवीं घटना राकेश शर्मा की पत्नी अनीता शर्मा की परचून की दुकान का ताला तोड़कर चोर दुकान से गोलक उठा ले गए। जो गांव के ही जवाहर की चरनी में सुबह खाली पडी मिली। गोलक में रखी एक हजार रुपए की नकदी गायब थी। अनीता ने बताया कि चोर दुकान से सोयाबीन ऑयल, साबुन, चीनी तथा बिस्कुट आदि सामान भी चोरी कर ले गए। आठवीं घटना पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजीव यादव के कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी हड़िया का दूध पी गए। राजीव ने बताया कि मेरे घर पर कोई सामान चोरी नहीं हुआ है। चोर हड़िया का दूध पी गए। मंगलवार सुबह जब सभी लोगों को घटना की जानकारी हुई तो सभी लोगों ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह को सूचना दी। ग्राम प्रधान ने अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार तथा थाना प्रभारी मेरापुर नवीन कुमार सिंह को घटना की जानकारी दी। सूचना पर अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार, मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल की और जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। घटना के संदर्भ में रामवीर पुत्र दीनदयाल ने पुलिस को तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

सीओ सोहराब आलम ने घटना की जांच

क्षेत्राधिकारी कायमगंज सोहराब आलम ने घटना स्थल पर पहुंचकर सभी पीड़ितों से घटना के संबंध में जानकारी की और थानाध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। वहीं फोरेंसिक टीम प्रभारी गंधर्व सिंह ने मौके पर साक्ष्य जुटाए। सीओ ने टीम को प्रत्येक चोरी की घटना के साक्ष्य इकत्रित करने के निर्देश दिए। सीओ ने ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिंह यादव को अपने गांव के मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए अचरा चौकी प्रभारी को जल्द से जल्द ग्राम सुरक्षा समितियां गठन करने के लिए निर्देश दिए। चोरी की घटना को जल्द से जल्द खुलासा किए जाने को कहा। गौरतलब है कि अचरा चौकी पर कुल 42 ग्राम अभिलेखों में दर्ज हैं। सीओ सोहराब आलम ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया जाएगा।

प्रशासन घटना का जल्द करें खुलासा: डा0 नवल किशोर शाक्य

पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी करते डा0 नवल किशोर शाक्य

मेरापुर। ग्राम कोकापुर में जिस तरह एक ही रात में आठ घरों में हुई चोरी की घटना को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व लोकसभा प्रभारी डा0 नवल किशोर शाक्य ने चिंताजनक बताते हुए प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा कर चोर गैंग को गिरफ्तार कर जेल भेजे। कायमगंज विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोकापुर में अज्ञात बदमाशों द्वारा 8 घरों में घुसकर लाखों की नगदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी किये गये। लगभग 25 लाख रुपए की चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। पूर्व विधायक कायमगंज अजीत कठेरिया की बहन का घर भी इस घटना में शामिल है। जानकारी होने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं लोकसभा प्रभारी डॉ0 नवल किशोर शाक्य ने पहुंचकर सभी पीड़ित परिवारों से मिले और घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी मदद मुझसे हो सकेगी वह करेंगे। उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द इस घटना का फर्दाफास करायेंगे और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलवायेंगे। इस दौरान विधानसभा प्रभारी डॉ0 हरिओम यादव, पूर्व महासचिव मंदीप यादव, प्रधान अभिषेक शाक्य, ग्राम प्रधान सुरेंद्र यादव, राजीव यादव, एमपी शाक्य, कृष्ण कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

खबरें चलते-चलते

पशु चोरों का आतंक, तमंचा अड़ाकर लोडर में लाद ले गये भैंस

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। रखवाली के दौरान लोडर में सवार अज्ञात चोरों ने पशुपालक के सीने पर तमंचा अड़ाकर पशु चोरी कर ले गये। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष व दहशत है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में पशु चोरों का आतंक जारी है। पशु चोर घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र ग्राम अमलैया आशानंद में सोमवार की रात देखने को मिला। जहां एक लोडर में सवार अज्ञात चोरों ने रात्रि में तमंचे की नोक पर एक भैंस को लोडर में चढ़ा लिया और फरार हो गए। घटना के संबंध में बताया गया है यही के निवासी उदयवीर कठेरिया रात्रि के समय जानवरों की रखवाली के लिए पास में सोए हुए थे। रात्रि के किसी पहर अज्ञात चोरों ने पशु पालक की भैंस जिसे तमंचे की नोक पर लोडर के सहारे चुरा लिया और वहा से फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों के फरार होने के बाद पशुपालक ने हिम्मत जुटाकर शोर मचाया। शोर शराबा सुनकर मौके ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस दौरान पशु पालक ने घटना की जानकारी शमसाबाद थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस का यह भी कहना था तहरीर नहीं मिली है। घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

पाक्सो एक्ट के मामले में युवक को तीन वर्ष का कारावास

- पीड़ित पक्ष को 6 वर्षों बाद मिला न्याय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर जिला जज विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने रौनक पुत्र रामनिवास निवासी पिपरगॉव मोहम्मदाबाद को पॉक्सो के मामले में दोषी करार देते न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष का कारावास व तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। बीते लगभग 7 वर्षो पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 29 फरवरी 2016 को समय लगभग 10 बजे रात मेरे घर के अंदर रौनक कठेरिया आकर मेरी लड़की 13 वर्षीय के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब पुत्री चिल्लाई, तो हम लोग जाग गए और उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग गया। उसका मोबाइल मौके पर ही छूट गया। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने रौनक को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष का कारावास व तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि संजीव कुमार निवासी ग्राम जैतीपुर थाना तिलहर कटरा जनपद शाहजहॉपुर जो 16 दिसंबर को उसकी 18 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों ने पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नही चला। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

दस लोगों का शांतिभंग में चालान

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाना अंतर्गत अलग-अलग लड़ाई झगड़ा में 10 लोगों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार मनोज उर्फ नरेश पुत्र बेचेलाल उम्र 54 वर्ष, अनार सिंह पुत्र शोभा और मलखान उर्फ मलखान उम्र 58 वर्ष, रीना पुत्री अनार सिंह उम्र 25 वर्ष, कपूरश्री पत्नी अनार सिंह उम्र 55 वर्ष, सुरजा देवी पत्नी सुरेश चंद उम्र 59 वर्ष, सरोज देवी पत्नी भूरे उम्र 28 वर्ष, गुरजादेवी पत्नी वीरपाल उम्र 25 वर्ष निवासी सलेमपुर, सत्येंद्र सिंह पुत्र जबर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी बवना, बबलू पुत्र सियाराम उम्र 48 वर्ष निवासी नगला मन्न, जयशरज पुत्र रामकिशन कुमार उम्र 55 वर्ष के नाम शामिल है।

बकाया पैसे मांगने पर दबंग दे रहे हलवाई को धमकी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम सलेमपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार उर्फ बाबा पुत्र राम प्रकाश ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें कहा कि मैं हलवाई गीरी का कार्य करता हूँ। दिनांक 1 नवंबर को जयसिंह पुत्र गंगाराम निवासी हीरा सिंह नगला के पुत्र के तिलक समारोह में मिठाई खाना आदि बनाया था। जिसमें उन्होंने 3000 रुपये मुझे दिया था। 15500 रुपये बाकी थे। जो अब नहीं दे रहे हैं। पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देते हैं।

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपराध एव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे कायमगंज पुलिस ने पुलगालिव तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान दर्जनो बाइक चालको को रोककर गाड़ी के कागज, हेलमेट, लाइसेंस, डिग्गी आदि की जांच की गयी। कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी ने बताया कि कई वाहनों के चालान किये गये। साथ ही बिना हेलमेट व बिना कागज गाड़ी चलाने वालों को हिदायत दी गयी। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों की भी तलाशी ली।

डीएम ने अग्रवाल पॉली हाउस जैतपुर का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

पॉली हाउस जैतपुर का किया निरीक्षण करते डीएम

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा अग्रवाल पॉली हाउस जैतपुर ब्लाक बढ़पुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि एक एकड़ जमीन पर एकीकृत बागवानी योजना के अन्तर्गत संरक्षित खेती हेतु विभाग द्वारा 50 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ दिया गया है। अग्रवाल पॉली हाउस द्वारा 4000 वर्गमीटर में गुलाब की खेती का कार्य प्रारम्भ किया गया है जिसमें पूरी तरह ड्रिप सिंचाई का प्रयोग किया जा रहा है।

4000 वर्गमीटर में 40,000 गुलाब के पौधे लगाये गये है। बताया गया कि 01 वर्ष में 01 पौधा लगभग 35 फूल देगा जिससे लाभार्थी को पॉली हाउस से एक अच्छी आय जनरेट होगी। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य लोग भी इस प्रकार की खेती करें। जिससे उन्हें भी कुछ अतिरिक्त सीखने का मौका मिले।

पिकअप में स्कूटी ने मारी टक्कर, तीन दोस्त घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। कस्बा नवाबगंज निवासी राहुल यादव (25) अपने दोस्त विजित भारद्वाज निवासी नवाबगंज डाकघर वाली गली और अनुज यादव निवासी सिरमौरा बांगर के साथ मोहम्मदाबाद स्थित पेट्रोल पंप पर स्कूटी में पेट्रोल डलवाने जा रहे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत के आवास के सामने मोहम्मदाबाद की ओर से आ रही पिकअप ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें राहुल यादव के सर में चोट लगने से वह मौके पर ही बेहोश हो गए, जबकि विजित भारद्वाज और अनुज यादव को मामूली चोटें आईं। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें फर्रुखाबाद के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां राहुल यादव की हालत गंभीर होने पर उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना बीती शाम 8.00 बजे की बताई जाती है। फिलहाल पिकअप चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।

संदिग्ध अवस्था में महिला का लटका मिला शव

- देह व्यापार से जुड़े होने की संभावना
- साथ में रहने वाले व्यक्ति ने दी तहरीर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस समृद्धि न्यूज

संदिग्ध अवस्था में महिला का शव पंखे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के नेकपुर के निकट एक कोल्ड स्टोरेज के पास किराए के मकान पर रहने वाले विनोद कुमार (60) पुत्र स्व0 लाल सिंह निवासी जरियनपुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह नेकपुर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के पास किराए के मकान पर रह रहा है। उसके साथ राधा पुत्री मंजू प्रजापति निवासी पवई जिला पन्ना मध्य प्रदेश भी साथ में रहती थी। जिसे मैं कमरे पर छोड़कर 18 दिसंबर को अपने घर गया हुआ था। वापस आया तो देखा कि राधा का शव पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। फिलहाल पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। तहरीर देने के बाद विनोद कुमार ने अपना फोन बंद कर लिया और मौके से गायब हो गया। वहीं स्थानीय लोगों की मानें तो मृतक महिला का चाल-चलन ठीक नहीं था। उसके घर पर कई पुरुषों का आना-जाना था। इससे पहले चौकी कर्नलगंज के निकट इसी तरह की महिला पर जानलेवा हमला हुआ था। बचाने आये भाई की रात गुजारने आये युवक ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। आरोपी को 24 घंटे में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उसने नगदी जेवरात लूटने में बाधा बनने पर घटना अंजाम देने की बात कही थी। उसने यह भी बताया कि वह 1500 रुपये रोकने के देता था। जिसे वह अपनी प्रेमिका बता रहा था, वह घंटे के हिसाब से पुरुषों के साथ जाती थी। ऐसी घटना घटित होने पर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं कि कहीं इसमें भी तो कोई पुरुष मित्र शामिल नहीं है। फिलहाल पुलिस की ओर से किसी प्रकार का कोई बयान जारी नहीं किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने तीन शातिर चोरों को तमंचा सहित दबोचा

- पूर्व में की गयीं कई घटनाओं को किया कबूल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन चोरों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने कई चोरी की घटनाओं को कबूला है।

जानकारी के अनुसार बीते दिन सोमवार को बजरिया चौकी प्रभारी ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त लखन शर्मा पुत्र बृजमोहन शर्मा निवासी तलैया फजल इमाम, सुधांशु पुत्र नरेंद्र राजपूत निवासी तलैया फजल इमाम, अरुण कुमार पुत्र जयचंद्र निवासी रुनी थाना जहानगंज को चेकिंग के दौरान अपाचे मोटर साइकिल संख्या-यू.पी.76वाई8988 से जाते समय जसमई अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी में इन लोगों के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया।

थाने में पूछताछ के दौरान उपरोक्त लोगों ने बताया कि लगभग दो माह पहले हाता सफी खां भीकमपुरा थाना मऊदरवाजा क्षेत्र से ई-रिक्शा चुराया था। जिसे मुरहास कन्हैया मोड़ पर रायपुर गांव के पास फैक्ट्री के पीछे झाड़ियों में खड़ा करके भाग जाने के संबंध

पुलिस हिरासत में पकड़े गये चोर

में बताया। जिसका मुकदमा थाना मऊदरवाजा पर पंजीकृत है। इसके अलावा मोहल्ला बीबीगंज में वर्मा ज्वैलर्स की दुकान से शाम के समय एक बैग उठाकर भाग गये थे।

बैग में 20 हजार रुपये व सोने के कुछ जेवरात रखे थे। एक अन्य चोरी की वारदात नवाबगंज अचरा रोड से करीब ढाई माह पहले एक महिला का झाला छपट्टा मारकर तोड़े जाने की घटना को स्वीकार किया।

दबंगों ने मां बेटों को पीटा, दी तहरीर

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

पुत्रों के साथ की गई मारपीट की शिकायत करने गई महिला के साथ भी दबंगों ने गाली-गलौज किया। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम प्रसादी की मढ़ैया निवासी सत्यवती देवी पत्नी शिवनंदन ने गांव के ही चार दबंगों के खिलाफ चिलसरा पुलिस से शिकायत कर कहा कि उसका पुत्र सुमित कुमार कक्षा 6, मोहित कुमार कक्षा 6 जो पड़ोस के गांव में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मकसूद पट्टी में पढ़ते है, जबकि छोटा पुत्र रोहित कुमार कक्षा 5 में पढ़ता है। यह सभी स्कूल जा रहे थे। रास्ते में निकलने को लेकर दबंगों ने पुत्रों के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर दी। जब पीड़ित महिला दबंगों के यहां उलाहना देने गयी, तो दबंगों ने महिला के साथ भी हाथापायी कर दी। पीड़िता ने चिलसरा चौकी में दबंग के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

निरीक्षण | **सीएम सहभागिता योजना के तहत लाभार्थियों को दी गयीं गायें**

डीएम ने भरतामऊ/चौकी महमदपुर गौशलाओं का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते डीएम समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल भरतामऊ एवं चौकी महमदपुर ब्लाक कमालगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान गोवंश आश्रय स्थलों में भरण पोषण एवं शीतलहर के दृष्टिगत व्यवस्थायें ठीक पायी गयी। जिलाधिकारी ने गौशाला में प्रतिदिन निकलने वाले गोबर को एक जगह एकत्र कर तथा एकत्र किये गये गोबर को क्रय कर गौशाला की आय जनरेट करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि पशुचिकित्सा अधिकारी जहानगंज डा0 अनुज दुबे द्वारा अच्छी पहल के रूप में गोवंश आश्रय स्थल भरतामऊ में व्यक्तिगत रूचि एवं जनसहयोग से एक सुरक्षित सेड बनाकर इसमें प्रजनन योग्य गायों का चयन कर नस्ल सुधार एवं कृत्रिम गर्भाधान का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर बताया गया कि कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात गायों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिया गया है। जिससे आज उन सभी लाभार्थियों को अच्छी आय जनरेट हो रही है। डा0 अनुज ने बताया कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत लाभार्थी संतोष कुमार निवासी नगरिया को 04, सुमित सिंह निवासी नहरैया को 04, उमेन्द्र सिंह निवासी टिलियां को 03, रमन तिवारी निवासी नगला झसी को 02 गाय दी गयी हैं। इस दौरान कई लाभार्थियों ने बताया कि उनकी गाय अच्छा दूध दे रही हैं। जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। जिलाधिकारी ने भरतामऊ गौशाला में किये गये इस बेहतर प्रयास पर डा0 अनुज दुबे एवं नोडल अधिकारी जिला आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी तर्ज पर जनपद की सभी गौशाला में नस्ल सुधार एवं कृत्रिम गर्भाधान का कार्य शुरू किया जाए।

सीडीओ ने निरीक्षण कर परखी चेकडैम की गुणवत्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

लघु सिंचाई विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला योजनान्तर्गत विकास खण्ड शमसाबाद स्थित निर्माणाधीन चेकडैम का मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र द्वारा मंगलवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई विपिन कुमार, कार्यप्रभारी अशोक कुमार अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, सह कार्य प्रभारी जितेन्द्र कुमार अवर अभियन्ता लघु सिंचाई एवं मनीष कुमार बोरिंग टेक्नीशियन मौजूद रहे।

चेकडैम का निरीक्षण करते सीडीओ समृद्धि न्यूज

मुख्य विकास द्वारा चेकडैम की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही निर्देशित किया गया कि चेकडैम निर्माण का कार्य समयान्तर्गत पूर्ण कर लिया जाये। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उक्त के अतिरिक्त चेकडैम के किनारे नाले के बन्धों पर वृक्षारोपण कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चेकडैम के लाभों से सम्बन्धित जानकारी चाही गयी। जिसके सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा अवगत कराया गया कि वर्षा का पानी नालों से बहकर नदियों में व्यर्थ चला जाता है। जिसका कोई भी सदुपयोग नहीं हो पाता है। चेकडैम के माध्यम से वर्षा का पानी नालों में रोका जा सकेगा। जिससे ग्राउन्ड वाटर रिचार्ज होगा एवं चेकडैम के पड़ोस के कृषक सिंचाई के साधन पम्पसेट लगाकर सिंचाई कर सकेंगे।

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों को सिखाया गया योग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों को योगाचार्य आचार्य श्रद्धानंद ने योग सिखाया। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुनः मदारपुर स्कूल के बच्चों को बचाव के तरीके बताए गए। आचार्य श्रद्धानंद ने स्कूली बच्चों को योग फायदे बताकर उन्हें स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु रहने के तरीके बताए। ताली बजाने के फायदे, अनुलोम-विलोम प्राणायाम का अभ्यास कराया। जिससे बच्चों दैनिक जीवन में योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल, कमलेश राजपूत, मेमवती, विद्या, आशा, उमा, कामिनी, सर्वेश कुमार आदि लोग गमौजूद रहे। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने आचार्य श्रद्धानंद का आभार व्यक्त किया और पुनः स्कूल आने का अनुरोध किया।

विद्यालय में योग सीखते बच्चे समृद्धि न्यूज

अनुशासन समिति के अध्यक्ष बनने पर पूर्व सांसद मुन्नू बाबू का किया गया स्वागत

- हम सभी को कार्यकर्ता बनकर काम करना होगा: मुन्नू बाबू

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी के अनुशासन समिति के अध्यक्ष बनने के बाद जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने अपनी पूरी कमेटी के साथ पहुंचकर पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू के निवास पर उनका माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। पूर्व सांसद मुन्नू बाबू ने सभी का धन्यवाद करते हुआ कहा कि पार्टी के हर पदाधिकारी को एक साथ मिलकर काम करना है, तभी आने वाले लोकसभा चुनाव में जीत सुनश्चित होगी। हम सभी को कार्यकर्ता बनकर कार्य करना होगा। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि पार्टी के अंदर अनुशासन रखने के लिए पूर्व सांसद मुन्नू बाबू से बेहतर कोई नेता नहीं हो सकता। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, मुन्ना यादव, जहान सिंह लोधी, सुभाष चंद्र शाक्य, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला प्रवक्ता विवेक यादव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह, विनीत परमार, मतीन खान, नंदकिशोर दुबे, निजाम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

पूर्व सांसद मुन्नू बाबू का स्वागत करते सपा नेता समृद्धि न्यूज

बिना रायल्टी जमा किये खनन कर रही जेसीबी को पकड़ा

कंपिल, समृद्धि न्यूज

बिना रायल्टी जमा किये खनन करवा रहे भट्टा स्वामी की जेसीबी को खनन निरीक्षक ने पकड़ लिया और पुलिस को सूचना देकर थाने लाकर खड़ा कराया।

क्षेत्र के गांव रुदायन में मंगलवार दोपहर ग्रामीणों की सूचना पर कंपिल रुदायन मार्ग पर स्थित एक ईंट भट्ठे पर छापेमारी कर एक जेसीबी को अवैध खनन करते पकड़ लिया। पुलिस ने जेसीबी को थाने लाकर खड़ा कर लिया। खनन निरीक्षक ने जेसीबी को सील कर दिया। खनन निरीक्षक ने बताया भट्टा संचालक द्वारा बिना रायल्टी जमा किए खनन किया जा रहा था।

खबरें एक नजर में

द्वितीय सोपान शिविर में छात्र-छात्राओं को किया गया गतिमान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्काउट गाइड को गति प्रदान करने के लिए आदर्श जनता इंटर कालेज महलई खुम्बरपुर में चल रहे तीन दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान शिविर के प्रशिक्षण को गतिमान किया गया। मुख्य प्रशिक्षक सुधीर कुशवाहा, स्काउट मास्टर राजकुमार, हिमलेश शाक्य व वैभव सोमवंशी ने प्रशिक्षण दिया। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने पूरे प्रशिक्षण की रुपरेखा तैयार की। राजकुमार ने टोली गठन, गांठे बंधन की विस्तार से जानकारी दी। हिमलेश शाक्य ने ईस प्रार्थना, झण्डा ज्ञान, प्रतिज्ञा, गाइडों को समुचित रुप से समझाया। सुधीर कुशवाहा ने सभी स्काउट गाइड को मार्चपास्ट का अभ्यास कराया। वृदांवन आचार्य ने विद्यालय की ओर से स्काउट गाइड व छात्र-छात्राओं को विशेष सहयोग देकर प्रशिक्षण में सहयोग किया। स्काउट मास्टर राजकुमार ने नियमों का पालन करने का वचन दिलाया। उन्होंने कहा कि स्काउट का अर्थ निस्वार्थ सेवा करना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शीतल बाबू ने उत्साहवर्धन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

बाजार बंदी का दुकानदारों पर कोई असर नहीं

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत द्वारा कराई जा रही बाजार बंदी का कोई असर कस्बे में नहीं दिखायी दे रहा है। लोग धड़ल्ले से अपनी-अपनी दुकानें खोल रह हैं। कस्बा नवाबगंज में नगर पंचायत बनने के बाद कई बार बाजार बंदी का आयोजन कराया गया। कई बार दुकानदारों से बैठकर वार्तालाप भी कराई गई, लेकिन इसका दुकानदारों पर कोई असर नहीं है। पिछले दो सप्ताह से लगातार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कर्मचारी तथा श्रम विभाग के अधिकारी जाकर दुकानदारों को चेतावनी देकर चले जाते हैं, लेकिन दुकानदारों पर इसका कोई असर नहीं है, क्योंकि दुकानदारों के दबंगई के आगे सभी कर्मचारी नतमस्तक हो जाते हैं। उन पर कोई कार्रवाई तो होती नहीं है इसलिए उनको क्या डर, जबकि कई बार अधिशासी अधिकारी अपने कर्मचारियों की टीम को लेकर सड़क पर उतर चुके हैं और दुकानदारों को चेतावनी देते चले जाते हैं, लेकिन उसके बाद भी आज आधे से ज्यादा दुकानदार अपने दबंगई के चलते दुकान खोले हुए हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण मंगलवार को देखने को मिला।

किसान जोड़ो यात्रा में ग्रामीणों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मंगलवार को किसान जोड़ो यात्रा ग्राम बनारसीपुर, करणपुर घाट नगला माखन, नगला पंचम, नगला खुशाली, कुड़ी सारंगपुर आदि ग्रामों में गई। जिसमें अधिकतर संख्या में लोगों को सम्मिलित किया गया, साथ ही शैलेंद्र यादव प्रधान को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। 15 फरवरी 2024 में होने वाले किसान आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु क्षेत्रवासियों ने आश्वासन दिया। इस मौके पर अवधेश सिंह सोमवंशी, मनोज राठौर, शिशुपाल सिंह राजपूत, सर्वेश राठौर, अवनीश चौहान, राजीव परमार, मुनीष सिंह परमार, संदीप यादव, शिवपाल सिंह, हरनाम सिंह, सावंत सिंह, अजय पाल आदि लोग मौजूद रहे।

प्रांतीय प्रधानाचार्य परिषद अधिवेशन में उच्च शिक्षा व माध्यमिक शिक्षामंत्री आयेगीं

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रधानाचार्य परिषद सीपी विद्या निकेतन में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 45वें प्रांतीय अधिवेशन की चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री ने बैठक की समीक्षा करते हुए अधिवेशन को सफल बनाने के लिए कई बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी की आने का कार्यक्रम मिल चुका है। कार्यक्रम का आयोजन पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में 24 दिसम्बर को आयोजित होगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों का सम्मान होगा। साथ ही मिथलेश अग्रवाल को भी सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री डा0 संदीप चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, महामंत्री डा0 बृजभूषण सिंह, प्रधानाचार्य योगेश तिवारी, डा0 रामचन्द्र दीक्षित, अनूप मिश्रा, अनिल मिश्रा, जितेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने तालाब के जीर्णोद्धार का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड कमालगंज की ग्राम पंचायत रूनी चुरसई के मजरा फूलपुर में स्थित तालाब के जीर्णोद्धार का निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तालाब के कार्य स्थिति का जायजा लिया गया। जिसमें पाया गया कि तालाब के एक तिहाई क्षेत्र की जल निकासी के उपरान्त उसकी खुदाई, स्टेप कटिंग का कार्य चल रहा है एवं उसकी मिट्टी को तालाब के चारो तरफ बन्धी निर्माण हेतु डाला जा रहा है एवं साथ ही तालाब जीर्णोद्धार के कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण कर लेने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तालाब के जीर्णोद्धार के उपरान्त उसके चारों तरफ वृक्षारोपण के लिये निर्देशित किया गया। सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा तालाब के कैचमेन्ट एरिया, इनलेट, आउटलेट के निर्माण के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि वर्षा का पानी इनलेट के माध्यम से तालाब में एकत्रित होगा तथा भूजल रिचार्ज होगा।

संविलियन विद्यालय में बच्चों को दिलायी गयी सड़क सुरक्षा जागरुकता की शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत शमशाबाद विकास क्षेत्र के संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय मिल्क मौजमुला में जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने स्काउट मास्टर राजकुमार, वैभव सोमवंशी और गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य के साथ सड़क सुरक्षा संबंधी विस्तृत छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं को समझाकर अपने परिवार के साथ सड़क सुरक्षा संबंधी सावधानी बरतने हेतु प्रेरित किया। मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता की शपथ दिलायी गयी। प्रधानाध्यापक नरेंद्र सिंह, सहायक अध्यापिका विमलेश कुमारी, प्रवीना कुमारी, गीता मिश्रा और रेखा देवी ने सहयोग किया। स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी द्वारा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गई और नियमों की जानकारी दी गई।

सड़क सुरक्षा जागरुकता की शपथ लेते बच्चे

भाकियू स्वराज मंच ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा अपने पदाधिकारियों के साथ तहलील परिसर में पहुँचकर मुख्यमन्त्री सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सर्जन कुमार को सौंपा। जिसमें कहा है कि नवाबगज थाना क्षेत्र के ग्राम हीरा सिंह नगला में 1570 नम्बर मे गौतम पुत्र सोनेलाल के खेत में सरकारी नलकूप लगा हुआ है। सभी कार्य पूर्ण होने के बावजूद लाइन नहीं खींची गई है। जिससे सिंचाई का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। नगर पंचायत नवाबगंज के वार्ड नम्बर 11 में चिकवाली गली में आज तक पोल नहीं खिंचे हैं। थाना कम्पिल के ग्राम कादर दादपुर सराय मे हेतराम राजपूत के घर मे अज्ञात चोरों ने 8 दिसम्बर को नकब लगाया था, लेकिन आज तक थाने में एफआईआर नहीं लिखी गई। राधेश्याम पुत्र चिरौंजीलाल ग्राम इमादपुर थमराई थाना शमशाबाद ने समर का कनेक्शन कराया। ऑनलाइन हो गया, लेकिन जेई पैमाइश नहीं कर रहे हैं। मोटी रकम माँग रहे हैं। नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम भौरुआ निवासी अरुण कुमार का 10 हार्स पावर का विद्युत कनेक्शन है, जबकि बिल 15 हार्स पावर का आ रहा है। कई बार जेई व एसडीओ से बात हुई, लेकिन सभी अधिकारी मोटी रकम माँग रहे हैं। अगर उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन स्वराज भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ आन्दोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, जिला महामन्त्री मंजेश यादव, संदीप तिवारी, धीरेन्द्र कुमार यादव, पप्पू राठौर, हेमराज वर्मा, विजय सक्सेना, वजरंगी कश्यप, विजय, सुनील सर्वेश कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

स्कूली छात्रों को सिखाए सड़क सुरक्षा के गुर

- जादूगर ने दिखाए सड़क सुरक्षा के करतब

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया में 1265 छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के मध्य सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एआरटीओ प्रशासन वी0एन0 चौधरी, थानाध्यक्ष जहानगंज योगेंद्र सोलंकी, डी0पी0एस0 इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवओम द्विवेदी तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार विद्यालय स्टाफ सहित उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जादूगर गोगा द्वारा जादू के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया तथा अपील की गई कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें। पैदल, साइकिल एवं अन्य दोपहिया वाहन से चलने वाले लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना बहुत अधिक होती है। अतः सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एआरटीओ प्रशासन वी0एन0 चौधरी द्वारा अनुशासित एवं मर्यादित जीवन शैली अपनाने की सीख दी गई। उन्होंने कहा यदि हम संस्कारवान होंगे एवं विनम्रता से अपना जीवन जियेंगे तो मार्ग पर भी हम सुरक्षित रहेंगे। छात्रों को भविष्य में देश को विकास के मार्ग पर लेकर जाना है। अतः सुरक्षित रह कर जीवन तथा देश को आगे बढ़ाएं।

यातायात प्रभारी रजनेश कुमार ने छात्रों को बताया कि जब तक डाइविंग लाइसेंस प्राप्त न हो वाहन का संचालन न करें। वाहन के प्रपत्र को पूर्ण रखें। प्रधानाचार्य शिवओम द्विवेदी द्वारा छात्रों को सुरक्षित रहकर व्यक्तित्व का विकास करने की शिक्षा दी गई तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया । इस अवसर पर सभी को सड़क सुरक्षा साहित्य का वितरण किया गया एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

बच्चों को यातायात के प्रति जागरुक करता जादूगर

तृतीय सोपान शिविर में बच्चों ने सीखा बीपी सिक्स कोर्स

- गांठ बंधन सिखायी गई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में दूसरे दिन मंगलवार तृतीय सोपान के बीपी सिक्स स्काउट कोर्स लीडर डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव द्वारा कराया गया तथा प्रथम सोपान की एवं प्रवेश की परीक्षा कराई गई। सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक परीक्षा में भाग लिया तथा व्यायाम किया। बच्चों को गांठे बंधन के साथ ईस प्रार्थना सुनाई गयी तथा स्काउट के नियमों की जानकारी दी गई। बच्चों ने गंभीरता के साथ परीक्षा में प्रतिभाग किया।

गाइड लीडर चमन शुक्ला ने पेपर हल कर रहे छात्रों की जांच की। गजेंद्र सिंह ने गीतों के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने सहयोग किया। इस अवसर पर कृष्ण स्वरूप, सीता कुमारी, ममता पाल, पूजा कुमारी, डॉ0 दिनेश चंद्र, प्रदीप जायसवाल आदि शिक्षकों ने सहयोग किया। मुख्यायुक्त प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा एवं डा0 महेश राजपूत ने फोन से वार्ता कर विचार रखे।

शिविर में बच्चों को जानकारी देती लीडर चमन शुक्ला

भाजपा सरकार धार्मिक एजेंडा की बजाय आलू किसानों की दुर्दशा पर दे ध्यान: सादाब सिद्दीकी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। बहुजन समाज पार्टी के भोजपुर विधानसभा प्रभारी सादाब सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार को धार्मिक एजेंडा से हटकर पोलराइजेशन करने की बजाय आलू किसानों की स्थिति पर भी थोड़ा ध्यान देना चाहिए। जिससे किसानों की स्थिति को बदला जा सके। लगातार कई बरसों से आलू फसल का मूल्य कचड़े से भी कम होने की वजह से किसान परिवार जीवन जीने को भी मजबूर हैं। जीवन से जुड़ी जरूरतें पूरी न करपाने के अभाव में जी रहे है। किसान परिवार यहां तक अपने बच्चों की स्कूल फीस तक नहीं जुटा पा रहे। केंद्र व राज्य सरकार को उचित कदम उठाते हुए समाधान जरूर करना चाहिए। जिससे किसान अपना सामान्य जीवन यापन करते हुए अपनी जरूरत को भी पूरा करके बच्चों को भी शिक्षित कर सकें। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश में जब किसान खुशहाल नहीं होंगे और उनके बच्चे शिक्षित नहीं होंगे तो देश कैसे तरक्की करेगा। मुझे लगता है सरकार का किसानों की ओर ध्यान ना होना सरकार में बैठे हुए लोग ही देश की तरक्की में बाधा है। हमारे जनपद व उसके आसपास के जनपद के जनप्रतिनिधियों को भी केंद्र व राज्य सरकार से वार्तालाप करके आलू निर्यात कराना चाहिए। हमारे जनपद, कन्नौज, एटा, इटावा, औरैया, मैनपुरी, कानपुर व उसके आसपास सभी जाति धर्म के किसान आलू से ही जुड़े हैं। अगर आलू का निर्यात होता है तो किसानों के चेहरे पर बरसों से गायब मुस्कान फिर दिखाई देगी, नहीं तो जनता आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका जबाव देगी।

गीता ग्रंथ विश्व के कल्याण का ग्रंथ है: बीके दीपा बहन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद द्वारा रतन कोल्ड स्टोरेज में श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान की अमृत वर्षा कथा में राज योगिनी बीके दीपा बहन (दतिया मध्य प्रदेश) ने श्रीमद् भागवत गीता के गुण रहस्य पर प्रवचन करते हुए कहा गीता ग्रंथ विश्व के कल्याण का ग्रंथ है। 24 की 762 भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। गीत मनुष्य की हर परिस्थितियों में मार्गदर्शन करता है। गीता के गुण रहस्य को उजागर करते हुए कहा गीता परमपिता परमात्मा द्वारा अपार दिव्य शक्तियों का भंडार है। मनुष्य उसका चिंतन मनन अध्ययन करके अपने जीवन में उतरे तो ईश्वर की कृपा से उसका जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने कहा शिव बाबा की आज्ञा से ब्रह्मा के द्वारा आध्यात्मिक वाणी में व्यास जी और गणेश जी ने श्रीमद् भागवत गीता को मानव कल्याण के लिए लिखा था, जो सनातन परंपराओं में वर्तमान तक इस्त्री वाणी के रूप में मानव कल्याण का ग्रंथ है गीता बन गया। ऋषि मुनियों की सनातन परंपराओं के द्वारा महाभारत युद्ध के समय भगवान कृष्ण ने अर्जुन को धर्म की स्थापना हेतु धर्म-कर्म योग के माध्यम से गीता का ज्ञान उपदेश कुरुक्षेत्र में दिया था। वर्तमान समय में मानव की हर परिस्थितियों समस्याओं और चुनौतियों में गीता रूपी ज्ञान हर व्यक्ति का मार्गदर्शन करता है। गीता मां की चंचलता इंद्रियों में मोह माया, लोभ विषाद को दूर करता है। यही गीता का सार है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर श्रेष्ठ कर्म करने का ज्ञान दिया था। इस ज्ञान को राजयोगिनी दीपा बहन ने गीता के गुण रहस्य को अपने प्रवचनों में गीता के 18 अध्याय के प्रसंग में गीत, संगीत, भावनात, नाटिका के माध्यम से व्यावहारिक गीता ज्ञान को सहज भाव में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान स्वरूप लड्डू गोपाल का पूजन अर्चन वंदन के साथ राजयोगिनी दीपा बहन, शोभा बहन, पूनम बहन, सुमन लता बहन, ऋषि बहन, अखिलेश आदि ने मंगलमय शुभ भावना शुभकामनाओं के साथ शुरू किया। गीता ज्ञान प्रवचन की अमृतमई कथा में अरविंद, रोशनी बहन मिथिलेश बहन एवं मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र सिंह राठौर ने गीता ज्ञान यज्ञ में अपने विचार व्यक्त करते हुए मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ कर्मों का आचरण करना चाहिए। जिससे कभी सभी का जीवन सुखमय शांति में की कामना की। कथा विराम में शोभा बहन दीपा बहन ने बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन बीके शोभा बहन ने किया।

लड्डू गोपाल की आरती उतारती बीके शोभा बहन व अन्य

24 करोड़ 75 लाख रुपये में बिके स्टार्क

एजेंसी

आईपीएल सीजन 2024

दुबई। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एक घंटे में ही अपने साथ खिलाड़ी पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मिचेल स्टार्क अब आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने मिचेल स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा है।

आईपीएल के इतिहास में एख दिन में दो बड़े रिकॉर्ड बने। ये दोनों ही रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने बनाए। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एक घंटे में ही अपने साथ खिलाड़ी पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मिचेल स्टार्क अब आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने मिचेल स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा है। स्टार्क को खरीदने के लिए गुजरात टाइटंस और केकेआर के बीच काफी जद्दोजहद हुई। स्टार्क आईपीएल में 8 साल बाद वापसी कर रहे हैं। मिचेल स्टार्क का बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था। मिचेल स्टार्क के नाम का जैसे ही ऐलान हुआ तो मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स ने सबसे पहले बोली लगाई। शुरुआत में बोली 6 करोड़ रुपये तक चली। इसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटंस मैदान पर उतरे। बोली 12 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस बोली से पीछे हट गए। केकेआर और गुजरात के पर्स में 31 करोड़ से ज्यादा थे। इसके बाद दोनों फ्रेंचाइजियों ने 20 करोड़ रुपये तक बोली लगाई। ऐसे में मिचेल स्टार्क आईपीएल इतिहास के दूसरे 20 करोड़ी प्लेयर बन गए थे।

ट्रेविस हेड को एसआरएस ने खरीदा



आईपीएल 2024 ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई स्टार खिलाड़ी ट्रेविस हेड को खरीदने के लिए कई फ्रेंचाइजियों में जमकर होड़ लगी। लेकिन आखिरकार हेड हैदराबाद के खेमे में गए। दरअसल, सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी ने ट्रेविस हेड को 6 करोड़ 80 लाख रुपये में खरीदा है। आईपीएल 2024 की नीलामी प्रक्रिया जारी है। दुबई के कोका कोला एरिना में हो रहे इस ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई स्टार खिलाड़ी ट्रेविस हेड को खरीदने के लिए कई फ्रेंचाइजियों में जमकर होड़ लगी। लेकिन आखिरकार हेड हैदराबाद के खेमे में गए। सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी ने ट्रेविस हेड को 6 करोड़ 80 लाख रुपये में खरीदा है। दरअसल, ट्रेविस हेड को खरीदने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद में काफी जद्दोजहद देखने को मिली। दोनों ही टीमों के बीच काफी देर तक ट्रेविस हेड को खरीदने के लिए भिड़ंत हुई। आखिर में बाजी हैदराबाद के हाथ लगी। ट्रेविस हेड ने वर्ल्ड कप के दौरान काफी बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान भारत के खिलाफ फाइनल मुकाबले में वो ऑस्ट्रेलिया के लिए संकटमोचन बने और अपनी टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिवरपूल को ड्रॉ पर रोका, आर्सेनल तालिका में फिर से शीर्ष पर

इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी। लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी। लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया।

आर्सेनल और लिवरपूल के नाम मौजूदा सत्र में 17-17 मैचों में क्रमशः 39 और 38 अंक है। मैनचेस्टर यूनाइटेड को लिवरपूल ने इस साल मार्च में 0-7 के बड़े अंतर से हराया था लेकिन नये कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम ने अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करते हुए एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। आर्सेनल ने दूसरे हाफ में गैब्रियल जेसुस और काइ हैवर्ट्ज के गोल से पर ब्रिगटन को शिकस्त दी।

तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला ने ने ब्रेंटफोर्ड को 2-1 से हराया। विला की टीम पहले हाफ के आखिरी क्षण में कीन लुईस-पॉटर के गोल के बाद 0-1 से पिछड़ रही थी लेकिन एलेक्स मोरेनो और ओली वाटकिंस ने दूसरे हाफ में गोल कर टीम को जीत दिला दी। ब्रेंटफोर्ड के बेन मी को 71वें मिनट में रेड कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ मैच खेलना पड़ा। मोहम्मद कुदुस के दो गोल के दम पर वेस्ट हैम ने वोल्व्स को 3-0 से हराया। कुदुस ने 10 मिनट के अंदर दो गोल किये। टीम के एक और गोल डेविड मोयेस ने किया।

हर्षल पटेल सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने

दुबई में आईपीएल 2024 के लिए मिनी ऑक्शन जारी है। इस ऑक्शन में 332 खिलाड़ियों के नाम पर बोली लग रही है। जिसमें 216 भारतीय खिलाड़ी हैं। अभी तक नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का ज्यादा बोल बाला दिखा। जहां सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में मिचेल स्टार्क 24.75 करोड़ में बिके तो उनके ही हमवतन पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया। लेकिन इस बीच हर्षल पटेल छा गए। हर्षल पटेल बतौर भारतीय खिलाड़ी सबसे महंगे खिलाड़ी बिके।

स्टार्क की रिकॉर्डतोड़ बोली के बीच छाए

आईपीएल के इस मिनी ऑक्शन में टीम इंडिया के तेज गेदंबाज हर्षल पटेल का जलवा देखने को मिला। उन्हें पंजाब किंग्स ने 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा। हर्षल इस नीलामी में बिकने वाले सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी रहे। हर्षल आईपीएल के पिछले सीजन में आरसीबी का पार्ट थे। नीलामी में गुजरात टाइटंस ने सबसे पहले उन पर बोली लगाई। फिर पंजाब और लखनऊ के बीच उन्हें खरीदने की रेस लगी। लखनऊ के पर्स में कम कीमत होने के कारण वो पीछे हट गई। आरसीबी ने हर्षल के लिए थोड़ी भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। हर्षल टी20 क्रिकेट के बेहतरीन गेंदबाज माने जाते हैं। स्लोअर गेंदों से विकेट चटकाने में माहिर हर्षल ने आईपीएल 2021 में आरसीबी के लिए खेलते हुए पर्पल कैप हासिल की थी।

इंडी गठबंधन की बैठक से पहले केजरीवाल ने तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन से की मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडी गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस) की आज दिल्ली में बैठक होगी। इससे पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तमिलनाडु भवन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने सोमवार की शाम को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। दिल्ली में कथित शराब नीति घोटाले के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से दूसरी बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा गया है, जिसमें 21 दिसंबर को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल इस मुद्दे पर भी विपक्षी नेताओं को अपने समर्थन में करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे इंडी गठबंधन की बैठक में इस मुद्दे को लेकर भी बात हो और केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठा सकें।

जगदीप धपखड़ की नकल पर नाराज हुआ जाट समाज

कहा- लोकसभा चुनावों में इसका जवाब जरूर मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारने को लेकर राजनीति तेज है। दरअसल, एक तृणमूल सांसद ने आज संसद में विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल की, जिस पर अन्य सदस्यों ने ठहाका लगाया और राहुल गांधी जैसे कुछ सदस्यों ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो बना लिया। इसी को लेकर जाट समाज अब नाराज हो गया है। जाट एसोसिएशन ने इसे लेकर एक एक्स पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति और जाट समुदाय की शान जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाया गया है। आने वाले लोकसभा चुनाव में जाट समाज इस उपहास का हिसाब जरूर लेगा। एक्स पोस्ट में लिखा गया है कि कोंग्रेसी तत्वों द्वारा देश के उपराष्ट्रपति और जाट समाज के गौरव जगदीप दनख़ड साहब की खिल्ली उड़ाई गई है। इस खिल्ली का हिसाब जाट समाज आने वाले लोकसभा चुनावों में ज़रूर लेगा। धन्यवाद। सूचना जाट हित में जारी। 49 सांसदों के निलंबन के दिन हास्य राहत के रूप में जो शुरू हुआ वह एक बड़े विवाद में बदल गया क्योंकि राज्यसभा अध्यक्ष, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस पैरोडी की निंदा करते हुए इसे शर्मनाक और अस्वीकार्य बताया।

अब तक संसद से निलंबित 141 विपक्षी सांसदों में से एक, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी को एक वीडियो में नए संसद भवन के मकर द्वार के बाहर सीढ़ियों पर उपराष्ट्रपति की नकल करते हुए एनिमेटेड रूप से बोलते और इशारे करते देखा गया था। अचानक हुए इस नाटक में सांसद हंसने लगे और राहुल गांधी अपने मोबाइल फोन पर वीडियो बनाते दिखे। कल्याण बनर्जी को वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, मेरी रीढ़ बहुत सीधी है, मैं बहुत लंबा हूं जबकि वे विरोध कर रहे सांसदों द्वारा नकली संसद के दौरान राज्यसभा में कार्यवाही के अपने संस्करण का चित्रण कर रहे हैं।

बिहार के बोधगया में पहला अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम 20 से 23 दिसम्बर तक

गया (बिहार), एजेंसी। बौद्ध धर्म गुरु सह तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा और बौद्ध केंद्र के सहयोग से 20 से 23 दिसम्बर के मध्य प्रथम अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम (आईएसएफ) का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम बिहार के बोधगया में आयोजित होगा, जिसमें 33 देशों के दो हजार बौद्ध धर्म के विद्वान विचार रखेंगे। इसका उद्घाटन दलाई लामा करेंगे। आईएसएफ ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि दलाई लामा और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित बौद्ध नेताओं की मौजूदगी में एक सभा होगी।

मूल्य आधारित शिक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा से ही देश बनेगा विश्व गुरु

- आईआईएसएसएम के 2 दिवसीय कॉन्क्लेव को मंत्री ने किया संबोधित

एजेंसी

फरीदाबाद। भारत को विश्व गुरु बनने के लिए परिस्थितिकी और पर्यावरण की सुरक्षा करनी होगी। इसके अलावा हमें मूल्य आधारित शिक्षा पर भी जोर देना होगा। आज फरीदाबाद में आयोजित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) के 33 वें वार्षिक वैश्विक कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी यह बातें बताई।

उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समारोह में शामिल सभी अतिथियों और लोगों को इस समारोह में शामिल होने पर खुशी व्यक्त किया और अपनी शुभकामनाएं दी। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) का 33 वां वार्षिक वैश्विक कॉन्क्लेव 19 से 20 दिसंबर 2023 को होटल ताज विवांता, सूरजकुंड, फरीदाबाद में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए आईआईएसएसएम के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व सांसद आर. के. सिन्हा ने बताया कि सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। सुरक्षा एजेंसियों को समय-समय पर नई तकनीक से खुद को अपग्रेड करते रहना चाहिए।

उन्होंने आईआईएसएसएम की स्थापना के उद्देश्य के विषय में बताते हुए कहा कि जब 1989 में मैं पटना में एक छोटी सी ही सिक्यूरिटी कम्पनी चलाता था तब दिवंगत पद्मश्री के. एन. प्रसाद ने, जो भारतीय पुलिस सेवा के पहले बैच के टॉपर थे, मुझे कहा कि सिक्यूरिटी के प्रोफेशन के उत्थान लिए भी कुछ करना चाहिए। जो लोग प्राइवेट सिक्यूरिटी के क्षेत्र में आ रहे हैं उनके पास अपने क्षेत्र की अच्छी जानकारी तो है, लेकिन उनके पास इस क्षेत्र की बारीकी की ज्यादा जानकारी नहीं होती। उन्हें इस प्रशिक्षण की सख्त ज़रूरत है।

खबरें एक नजर में

गाजियाबाद का नाम दूधेश्वर नगर! हिन्दू रक्षा दल ने रातोंरात लगाए पोस्टर

गाजियाबाद, समृद्धि न्यूज़। गाजियाबाद में हिंदू रक्षा दल ने करीब आधा दर्जन जगह जहां भी गाजियाबाद लिखा हुआ था, उसको काले पेंट से पोतकर उस पर दूधेश्वर नगर का पोस्टर लगा दिया। यह काम हिंदू रक्षा दल की महिला विंग ने किया। हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने बताया की दिल्ली से सटे होने के बावजूद गाजियाबाद के नाम में ऐसा लगता है कि आज भी मुगल सल्तनत का नाम है। दूधेश्वर नाथ मंदिर गाजियाबाद की पहचान है। इसलिए हमने इसका नाम बदला है। पिंकी चौधरी के मुताबिक उनके दल की महिला विंग ने ये काम किया है। पिंकी के मुताबिक उनके दल की महिला विंग ने इससे पहले डीएम को इस बारे में ज्ञापन दिया था। साथ ही लगातार शासन प्रशासन को भी इस बारे में आगाह करते रहे थे। लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तब उन्हें मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा। पिंकी चौधरी के मुताबिक अगर अभी नाम नहीं बदल गया तो आगे भी इस तरह के कार्यक्रम होते रहेंगे।

रोहिंग्याओं को आश्रय देने वालों के खिलाफ कार्रवाई

जम्मू, समृद्धि न्यूज़। जम्मू कश्मीर पुलिस ने जम्मू जिले में रोहिंग्याओं (अवैध प्रवासियों) को आश्रय देने वाले मददगारों के खिलाफकार्रवाई शुरू की है। आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफकार्रवाई शुरू की है जो देश के गैर-नागरिकों (रोहिंग्या) को आश्रय देने और सरकारी लाभ दिलाने में मददगार रहे हैं। इनके खिलाफजम्मू के विभिन्न थानों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि जम्मू जिले में उन स्थानों पर जहां ऐसे लोगों को ठहराया जाता है तथा उन्हें सुविधा देने वालों के आवासीय स्थानों पर भी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में प्रक्रिया के तहत तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान अवैध रूप से हासिल पैन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक दस्तावेज समेत अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि मामलों की जांच शुरू हो गयी है और भविष्य में ऐसे सभी डिफॉल्टरों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जायेगी।

कांग्रेस के संयोजक होंगे वासनिक

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन और सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने के मकसद से मंगलवार को पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति का गठन किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक इस समिति के संयोजक होंगे। इस समिति में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी शामिल हैं। कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक शुरू होने से कुछ देर पहले इस समिति की घोषणा की है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र का शीतकालीन सत्र शुरू

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही शुरू हो गई है। सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और नेता प्रतिपक्ष ने छत्तीसगढ़ी में शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम ने सभी विधायकों को शपथ दिलाई। इसके बाद डॉ रमन सिंह को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। वे निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सीएम विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत उन्हें आसंदी तक लेकर पहुंचे। इस दौरान महंत ने कहा आप जहां बैठे हैं वो मेरा अतीत है। मुख्यमंत्री साय, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत,विधायक बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर और केदार कश्यप ने रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा और डिप्टी सीएम अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पुन्नूलाल मोहले, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और विधायक भावना बोहरा ने समर्थन किया।

चमक के निर्देशक रोहित जुगराज को मिल रही धमकियां

मुंबई, एजेंसी।

हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग सीरीज चमक के निर्देशक रोहित जुगराज ने साझा किया है कि उन्हें पंजाब के म्यूजिक इंडस्ट्री का डार्क साइड दिखाने के लिए धमकियां मिल रही हैं। चमक सीरीज पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री और इसके अंतर्गत क्या-क्या चल रहा है, इस पर प्रकाश डालती है। रोहित ने उद्योग की चकाचौंध और ग्लैमर के पीछे की वास्तविकता को उजागर करने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर काम जारी रखा।

शो के लाइव होने के बाद भी निर्देशक को लगातार धमकियां मिल रही हैं, ऐसा लगता है कि इससे कुछ विवाद पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, धमकी भरे कॉल आने के बावजूद, निडर कहानी कहने के प्रति मेरी प्रतिबद्धता अटूट बनी हुई है। मैं सत्य की शक्ति में विश्वास करता हूं, और मैं उन छायाओं से डरे बिना, जो हमारी कहानी की रोशनी को कम करना चाहती हैं, सबसे डार्क साइड को रोशन करना जारी रखूंगा।

होम क्रेडिट इंडिया ने हाउ इंडिया बॉरोज-सर्वेक्षण लॉन्च किया

समृद्धि न्यूज, लखनऊ

उधार लेने वालों में सिर्फ़ 18प्रतिशत लोग डेटा गोपनीयता दिशा-निर्देशों के बारे में समझते हैं; EMI कार्ड अब भी क्रेडिट लेने के मामले में पसंद किए जाते हैं, यह होम क्रेडिट इंडिया के हाउ इंडिया बॉरोज़ सर्वेक्षण 2023 से साबित होता है 2023 में उधार लेने के लिए कंज़्यूमर ड्यूरेबल और बिज़नेस की ज़रूरतें अब भी मुख्य कारण बनी हुई हैं। फ़ाइनैंशियल सर्विसेस के डिजिटलाइज़ेशन की बढ़ती स्वीकृति की वजह से उधार लेने वालों में से 29त्न लोग ऑनलाइन लोन का विकल्प चुनते हैं। 51 प्रतिशत अपने अगले लोन के लिए ऑनलाइन चैनलों पर जाना चाहते हैं। उधार लेने वालों में सिर्फ़ 18 प्रतिशत डेटा गोपनीयता के नियमों के बारे में समझते हैं, उनमें से ज़्यादातर (88 प्रतिशत) इस मामले में सिर्फ़ ऊपरी समझ रखते हैं।

लखनऊ में 17 प्रतिशत लोग लोन कंपनियों की ओर से अपने व्यक्तिगत डेटा के इस्तेमाल के बारे में समझते हैं। इंटरनेट और डेटा क्रांति के कारण डिजिटल उधार को जारी रखने के बारे में 85 प्रतिशत आशावादी हैं

लखनऊ : अग्रणी ग्लोबल कंज़्यूमर फ़ाइनैंस प्रोवाइडर की स्थानीय शाखा, 'होम क्रेडिट इंडिया' ने मंगलवार को अपना वार्षिक कार्यक्रम हाउ इंडिया बॉरोज़-सर्वेक्षण 2023 लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य लगातार विकसित हो रहे कंज़्यूमर के उधार लेने से जुड़े व्यवहार को समझना है। 2021 के बाद से, उधार लेने का चलन घर चलाने से लेकर स्मार्टफ़ोन और घरेलू उपकरणों (2023 में 44प्रतिशत) जैसे कंज़्यूमर ड्यूरेबल ख़रीदने में बदल गया था। हालाँकि कंज़्यूमर ड्यूरेबल लोन में 9प्रतिशत की कमी आई, लेकिन बिज़नेस से संबंधित उधार में 5प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई यानी इसकी वजह से कुल 19 प्रतिशत मध्यम वर्ग ने एक नए बिज़नेस का विस्तार करने या शुरू करने के लिए उधार लिया। अध्ययन में ज़्यादातर उधार लेने वाले ऑनलाइन काम करना पसंद करते हैं, 48प्रतिशत अपनी व्यक्तिगत ख़रीदारी के लिए ऑनलाइन ख़रीदारी पर भरोसा करते हैं। इनमें से 44 प्रतिशत उधार लेने वाले फ़ाइनैंशियल ट्रैंज़ेक्शन के लिए ऑनलाइन बैंकिंग पर भरोसा करते हैं। हर दिन के फ़ाइनैंशियल अपडेट के लिए आधे से ज़्यादा लोगों (54 प्रतिशत) के लिए मोबाइल बैंकिंग आसान है।

वजन घटाना है तो रोज खाएं मखाना

मखाना एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जिसे कई लोग खाना पसंद करते हैं। कई लोग इसे भूनकर तो कुछ रोस्ट करके मखाने का सेवन करते हैं। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ यह कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, कार्ब्स और प्रोटीन काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं। इसके अलावा यह ग्लूटेन फ्री होता है। इसमें कोलेस्ट्रॉल फैट और सोडियम की मात्रा कम मौजूद होती है। मखाना खाने से हड्डियां भी मजबूत बनती हैं।

ब्लड शुगर कंट्रोल रहती है। इसका सेवन स्वास्थ्य को और भी कई तरह के फायदे देता है। तो चलिए आज इस आर्टिकल के जरिए आज आपको बताते हैं मखाने का सेवन करने से स्वास्थ्य को क्या-क्या फायदे होंगे....

कैंसर से होगा बचाव

मखाना एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्त्रोत माना जाता है ऐसे में यह शरीर को फ्री रेडिकल्स के कारण होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है।

पाचन रहेगा स्वस्थ

मखाना फाइबर का भी बेहतरीन स्त्रोत माना जाता है इसका सेवन पाचन के लिए बेहद लाभकारी होता है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर पाचन को स्वस्थ रखने मं मदद करता है और कब्ज को भी दूर करने में भी मदद करता है।

वजन घटाने में मिलेगी मदद

इसमें कैलोरी और फैट कम मात्रा में मौजूद होता है। यह प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्त्रोत माना जाता है। ऐसे में यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

फ्री रेडिकल्स सेल्स को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। ऐसे में मखाने को आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

इन बीमारियां से भी होगा बचाव

मखाने में अन्य पोषक तत्व जैसे पौटेशियम, फॉस्फोरस और विटामिन-बी3 मौजूद होते हैं। ऐसे में यह पोषक तत्व हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में और ब्रेन हेल्थ में सुधार करने में भी मदद करते हैं।

दिल रहेगा स्वस्थ

मखाने मैग्नीशियम का बहुत अच्छा स्त्रोत माना जाता है। मैग्नीशियम हृदय के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होता है। यह ब्लड प्रेशर और हार्ट बीट को कंट्रोल करने में मदद करता है इसका सेवन करने से दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

जैकलीन ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का किया रुख

मुंबई, एजेंसी।

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफदर्ज किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द करने की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है। उन्होंने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 की धारा 3 और 4 के तहत ईडी की शिकायत और 17 अगस्त, 2022 के दूसरे पूरक आरोपपत्र को चुनौती दी है।

याचिकाकर्ता ने दावा किया कि ईडी द्वारा पेश सबूत उसकी बेगुनाही साबित कर देंगे, उसे कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की चालबाजी की शिकार पीड़िता के रूप में चित्रित करेंगे।

याचिका में कथित तौर पर गलत तरीके से कमाई गई संपत्ति को सफेद करने में चंद्रशेखर की मदद करने में उनकी किसी भी संलिप्तता से इनकार किया गया है।

जैकलीन ने तर्क दिया कि उन पर धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए। ईडी ने उन्हें आरोपी के रूप में नामित करते हुए अपना दूसरा पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था। जैकलीन और एक अन्य बॉलीवुड हस्ती नोरा फतेही ने मामले में गवाह के रूप में अपने बयान दर्ज कराए हैं। इससे पहले, जैकलीन की 7.2 करोड़ रुपये की संपत्ति और सावधि जमा को ईडी ने जब्त कर लिया था, जिसने इन उपहारों और संपत्तियों को अभिनेता द्वारा प्राप्त अपराध की ष्आयष् करार दिया था।